जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



IAF in the *Burma Campaign*

Arjan Singh was the first to attack the Japanese, who had actually arrived on the outskirts of Imphal. He and his boys were the heroes of Imphal.

Healthier Chips & Fries

What To Play? Here's what you should be playing on your PC






*मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय में पचपदरा रिफाइनरी के कार्य की प्रगति पर समीक्षा बैठक की, मीटिंग में प्रदेश के मुख्य सचिव सुधांश पंत भी मौजूद थे।*

## पे.टी.एम. के फाउण्डर विजय शेखर शर्मा ने इस्तीफा दिया

नई दिल्ली, 26 फरवरी। चौतरफा संकट में घिरी पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशन के मैनेजमेंट में बड़ा तूफान खड़ा हो गया है। वन97 कम्युनिकेशन ने स्टॉक एक्सचेंजों को

- **पे.टी.एम. पेमेंट्स बैंक में विजय शेखर शर्मा चेयरमैन के पद पर थे। उनके इस्तीफे से कंपनी के मैनेजमैंट में बहुत बड़ा तूफान खड़ा हो गया है। इस बीच कंपनी का एक नया बोर्ड गठित किया गया है।**

बताया कि कंपनी के फाउंडर विजय शेखर शर्मा ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीबीएल) के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है। वहीं, कंपनी के बोर्ड में बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यकारी निदेशक अशोक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# वामपंथी मित्रों ने राहुल का साथ छोड़ा

## भाकपा महासचिव डी. राजा की पत्नी एनी राजा राहुल की सीट वायनाड से उम्मीदवार घोषित

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 फरवरी। राहुल गाँधी के वामपंथी मित्रों ने उनका साथ छोड़ दिया है। सी.पी.आई. (कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया) अर्थात भाकपा के डी. राजा व मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी अर्थात माकपा के सीताराम येचुरी उनके मुख्य सलाहकारों में हुआ करते थे।

एक रोचक घटनाक्रम सामने आया है। कहा जा रहा है कि, भाकपा के महासचिव डी. राजा की पत्नी एनी राजा केरल में वायनाड लोकसभा सीट से राहुल गाँधी के विरूद्ध चुनाव लड़ेंगी। राहुल गाँधी इस समय वायनाड से सांसद हैं।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि, इससे राहुल और वरिष्ठ वामपंथी नेताओं के

- **कांग्रेसी हलकों में इस घोषणा पर भारी हैरानी जताई जा रही है क्योंकि माकपा और भाकपा इंडिया गठबंधन में शामिल हैं तथा भाकपा महासचिव डी. राजा व माकपा महासचिव सीताराम येचुरी को तो राहुल गांधी का प्रमुख सलाहकार माना जाता है।**
- **अब राहुल गांधी के पास अमेठी लौटने के सिवा कोई विकल्प नहीं बचा है, पर सवाल यह है कि, क्या वे भाजपा से इस सीट को छीन पाएंगे।**

बीच संबंधों में खिंचाव आएगा।

एक तरफ जहाँ कांग्रेस और वामपंथी केरल में एक दूसरे के आमने-सामने हैं, वहीं पश्चिम बंगाल व कुछ अन्य राज्यों में उनका एक दूसरे के साथ गठबंधन होगा।

ममता बनर्जी ने अभी तक बंगाल में कांग्रेस के साथ गठबंधन से इन्कार किया है।

अभी यह भी तय नहीं है कि, राहुल और प्रियंका, या फिर दोनों उत्तर प्रदेश से चुनाव लड़ेंगे।

कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'सॉरी गलती हो गई'

नई दिल्ली 26 फरवरी (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को यूट्यूबर ध्रुव राठी की भाजपा आई.टी. सेल से संबंधित कथित

- **केजरीवाल ने भाजपा के खिलाफ एक यूट्यूबर की कथित अपमानजनक वीडियो रीट्वीट करने के मामले में कोर्ट के समक्ष माफी पेश की। कोर्ट में केजरीवाल की तरफ से उनके पेश हुये उनके वकील अभिषेक मनू सिंघवी ने कोर्ट से माफी की गुहार लगाई।**

अपमानजनक वीडियो को 'रीट्वीट' करने के आरोप में निचली अदालत में चल रही मानहानि मामले में राहत देते हुए संबंधित कानूनी कार्यवाही पर 18

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'दीपावली से पहले पचपदरा रिफाइनरी का काम पूरा करें'

## मु.मंत्री भजन लाल ने राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड को निर्देश दिए

जयपुर, 26 फरवरी (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एच.पी.सी.एल.) को, बालोतरा स्थित पचपदरा रिफाइनरी के कार्य में तेजी लाते हुए इसे दीपावली से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने रिफाइनरी में बनने वाले उत्पादों की ब्रिकी समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के लिए एच.पी.सी.एल. को निर्देश दिए कि, अभी से निवेशकों के साथ लॉन्ग टर्म सप्लाई समझौते करें।

शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में एच.पी.सी.एल. के राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (एच.आर.आर.एल.) के साथ पचपदरा रिफाइनरी की प्रगति के संबंध पर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि, पचपदरा रिफाइनरी में 9 एम.एम.टी. पी.ए. क्रूड

- **मुख्यमंत्री कार्यालय में हिन्दुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड की शाखा, राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड के साथ मु.मंत्री भजन लाल शर्मा ने पचपदरा रिफाइनरी की प्रगति पर समीक्षा बैठक की।**
- **वर्तमान में परियोजना में 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।**
- **मु.मंत्री शर्मा ने कहा, परियोजना से राजस्थान को प्रति वर्ष 6000 करोड़ रू. का राजस्व मिलेगा।**

ऑयल एवं 2.4 एम.एम.टी.पी.ए. पेट्रो-कैमिकल को प्रोसेस करने की क्षमता विकसित की जा रही है। इसमें अपनी तरह का पहला इंटीग्रेटेड ग्रास रूट रिफाइनरी कम पेट्रो-कैमिकल कॉम्पलेक्स स्थापित किया जा रहा है। वर्तमान में परियोजना में 4 यूनिट्स एवं 7 पैकेज में 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, रिफाइनरी परियोजना से प्रदेश में औद्योगिक क्रांति की शुरूआत होगी। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। वर्तमान में लगभग 24 हजार प्रत्यक्ष एवं 35 हजार अप्रत्यक्ष लोगों को रोजगार

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आई.यू.एम.एल. ने भी वायनाड पर दावेदारी जताई

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 फरवरी। क्या आगामी आम चुनावों में राहुल गांधी वायनाड लोकसभा सीट छोड़ देंगे?

हाल में हुए दो घटनाक्रम के कारण, ये अटकलें लगनी शुरू हो गयी है। पहला घटनाक्रम है, इण्डियन यूनियन मुस्लिम लीग (आई.यू.एम.एल.), जो कि यूनाइटेड डैमोक्रेटिक फ्रंट (यू.डी.एफ.) का एक घटक दल है, द्वारा वायनाड सीट (मुस्लिम बहुल क्षेत्र) से चुनाव लड़ने के लिए कड़ी "लॉबिंग" किया जाना। आई.यू.एम.एल. दो सीटों (जो आमतौर पर उसका हिस्सा होता था) के बजाय तीन सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। दूसरा प्रकरण कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया (सी.पी.आई.) अर्थात भाकपा से संबंधित है। भाकपा "लेफ्ट डैमोक्रेटिक फ्रंट (एल.डी.एफ.) का एक घटक दल है, ने वायनाड से भाकपा महासचिव डी. राजा की पत्नी, ऐनी राजा को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की है। केरल में कांग्रेस और वामदल, एक दूसरे के विरोधी हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर दोनों "इण्डिया ब्लॉक" के घटक दल हैं। इसलिए वायनाड में अगर राहुल गांधी और ऐनी राजा के बीच चुनावी मुकाबला हुआ तो यह अच्छा प्रतीत नहीं होगा।

- **आई.यू.एम.एल. केरल में कांग्रेस के गठबंधन, युनाइटेड डैमोक्रैटिक फ्रंट, की घटक पार्टी है। आई.यू.एम.एल. का दावा है कि, वायनाड मुस्लिम बहुल सीट है।**
- **वर्ष 2019 में राहुल गांधी ने यह सीट भाकपा के प्रत्याशी ए.पी.पी. सुनीर को चार लाख वोट से हराकर जीती थी।**
- **सूत्रों का कहना है कि, वायनाड में राहुल गांधी और एनी राजा के बीच चुनावी मुकाबला इंडिया गठबंधन पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा।**

वर्ष 2019 के चुनाव में राहुल गांधी ने भाकपा उम्मीदवार, पी.पी. सुनीर को चार लाख मतों के ज्यादा अंतर से हराया था। यद्यपि, इस बार भाकपा ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की सीट से एक विशिष्ट उम्मीदवार को खड़ा करने से कोई परहेज नहीं किया। घटनाक्रम के बारे में पूछने पर, डी. राजा ने सरलता से कहा कि कहा कि, एल.डी.एफ. के साथ सीट बंटवारे की व्यवस्था के तहत, जो चार सीटें भाकपा को मिली हैं, वायनाड उनमें से एक है।

यह दिलचस्प है कि, भाकपा ने तिरूवनंतपुरम से पार्टी के अनुभवी और पूर्व सांसद पनियन रविन्द्रन को उम्मीदवार बनाया है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शशि थरूर इस सीट से सांसद हैं।

राहुल ने वर्ष 2004 से वर्ष 2019 तक अमेठी संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था। वर्ष 2019 में उन्होंने अमेठी और वायनाड दोनों क्षेत्रों से चुनाव लड़ा था लेकिन अमेठी में वे भाजपा की स्मृति ईरानी से हार गए थे।

जबकि, उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रमुख अजय राय ने राहुल गांधी के दोबारा, अमेठी से चुनाव लड़ने के संकेत दिए थे लेकिन स्वयं राहुल ने इस तरह के कोई संकेत नहीं दिए हैं। सोनिया गांधी द्वारा रायबरेली सीट, जो अमेठी के पास

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



## विचार बिन्दु

**जो वस्तु आनंद प्रदान नहीं कर सकती, वह सुन्दर हो ही नहीं सकती। –प्रेमचंद**

# चंडीगढ़ मेयर चुनाव– नैतिक पतन की पराकाष्ठा

चंडीगढ़ मेयर के चुनाव की चर्चा पूरे देश में लगातार चल रही है। वैसे तो चंडीगढ़ केंद्र शासित क्षेत्र है और कुल लगभग 15 लाख की आबादी वाला शहर है। इसमें मेयर का चुनाव सामान्यतया किसी का ध्यान भी आकर्षित नहीं करता है। नगर निगम चंडीगढ़ के चुने हुए पार्षद मिलकर प्रतिवर्ष मेयर का चुनाव करते हैं। चंडीगढ़ नगर निगम के गत चुनावों में भाजपा के 14, शिरोमणि अकाली दल का 1, आम आदमी पार्टी के 12 और कांग्रेस के 8 पार्षद निर्वाचित हुए थे। वहां का सांसद भी मनोनीत सदस्य के रूप में मेयर चुनाव में भाग लेता है वर्तमान में स्थानीय सांसद भाजपा से है।

इस प्रकार 36 मतदाताओं में से 20 कांग्रेस – आम आदमी पार्टी के संयुक्त उम्मीदवार के पक्ष में तथा 16 भाजपा के उम्मीदवार के पक्ष में थे। इसका परिणाम बड़ी आसानी से घोषित हो सकता था। किंतु 30 जनवरी, 2024 को मतदान के बाद मतगणना का परिणाम जब रिटर्निंग ऑफिसर अनिल मसीह ने घोषित किया तो उन्होंने भाजपा के उम्मीदवार मनोज सोनकर को विजयी घोषित कर दिया। घोषित परिणाम के अनुसार भाजपा उम्मीदवार सोनकर को 16 मत और कॉंग्रेस–आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार को 12 मत प्राप्य हुए। आठ मत अवैध घोषित कर दिए। जो मत अवैध माने गए, वे सब कुलदीप कुमार के पक्ष में थे। यह सर्वविदित है कि किसी भी मत पत्र को अवैध तभी किया जा सकता है जब यह स्पष्ट न हो कि मत किसे दिया गया है या किसी प्रकार का निशान मत पत्र पर बना दिया गया हो।

मत गणना की पूरी प्रक्रिया सी सी टीवी केमरे में रिकार्ड हो रही थी। बाद में उसी दिन मीडिया में वायरल हुए इस वीडियो रिकॉर्डिंग के अनुसार यह स्पष्ट हुआ कि निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह स्वयं आठ मत पत्रों पर अलग से कोई निशान बना रहे थे और इसी आधार पर उन्होंने इन आठ मत पत्रों को अवैध घोषित कर दिया। स्पष्ट था कि वह मत पत्रों को अवैध करने के लिए ही ऐसा कर रहे थे। यह उल्लेखनीय है कि अनिल मसीह चंडीगढ़ भाजपा अल्प संख्यक प्रकोष्ठ का उपाध्यक्ष था और वह नगर निगम चंडीगढ़ का मनोनीत पार्षद भी था। अधिकांशत:, किसी निष्पक्ष अधिकारी को निर्वाचन अधिकारी बनाया जाता है।

**आठ मत पत्र अवैध होने के बाद कॉंग्रेस–आम**

आदमी पार्टी के मतों की संख्या 20 से घटकर 12 रह गई। इस प्रकार 'इंडिया' गठजोड के कुल 12 मत हुए जबकि 16 भाजपा के पक्ष में थे। इसलिए अनिल मसीह ने आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार को पराजित घोषित करते हुए भाजपा के उम्मीदवार को विजेता बना दिया। इसके विरुद्ध आम आदमी पार्टी पंजाब – हरियाणा उच्च न्यायालय में गई किन्तु वहां से कोई राहत नहीं मिली एवं केवल नोटिस भेज कर 3 सप्ताह में उत्तर मांगा गया था। इस पर आम आदमी पार्टी ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 के अंतर्गत उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की। उच्चतम न्यायालय की खंडपीठ ने पूरी रिकॉर्डिंग को देखने के बाद, प्रथम दृष्टया मत की गणना में हेरा–फेरी की संभावना को देखते हुए, मत गणना का पूरा रिकॉर्ड और पूरी प्रक्रिया की रिकॉर्डिंग अपने कब्जे में लेकर उसे सुरक्षित रखने हेतु पंजाब – हरियाणा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार को निर्देश दिए।

इस प्रकरण की सुनवाई 19 फरवरी, 2024 को नियत करते हुए निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह को उच्चतम न्यायालय में उपस्थित रहने हेतु कहा गया। 19 फरवरी 2024 का दिन उच्चतम न्यायालय में एक प्रकार का बड़ा ऐतिहासिक दिन रहा जब सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने स्वयं निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह से सीधे और तीखे सवाल पूछे, जिनका कोई संतोषप्रद उत्तर अनिल मसीह नहीं दे पाए और केवल टालमटोल ही करते रहे। जब मुख्य न्यायाधीश ने उनसे सीधा यह प्रश्न पूछा कि क्या उन्होंने आठ मत पत्रों पर अपनी ओर से कोई चिन्ह अंकित किया है जिसके आधार पर उन्हें अवैध घोषित किया गया तो पहले तो दाएं–बाएं देखते रहे किन्तु अंतत: उसे स्वीकार करने के अतिरिक्त कोई चारा उनके के पास नहीं बचा। कहा गया है कि झूठ के पांव नहीं होते और अनिल मसीह भी अधिक समय तक सत्य को नहीं छुपा पाए। पूरी घटनाक्रम की रिकॉर्डिंग उपलब्ध होने से उनका झूठ पकड़ा गया। योजना शायद यह थी कि कुछ समय तक रिकॉर्डिंग को बंद कर दिया जाएगा ताकि निर्वाचन अधिकारी द्वारा जो भी कुछ किया जा रहा था, उसका कहीं कोई सबूत नहीं बचे। भारतीय जनता पार्टी के दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो पाया और पूरी रिकॉर्डिंग सुरक्षित रही, जिसे खुले न्यायालय में सर्वोच्च न्यायालय के तीन न्यायाधीशों द्वारा देखा गया। इसके बाद दलील के रूप में कुछ भी नहीं बचा था।

इस प्रकार के प्रकरण में सामान्यतया, उच्चतम न्यायालय द्वारा परिणाम को निरस्त करने के बाद दोबारा चुनाव कराने हेतु चंडीगढ़ प्रशासन को कह दिया जाता। यही बात केंद्र सरकार के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी कही। यदि ऐसा होता तो भारतीय जनता पार्टी चुनाव में निश्चित रूप से जीत प्राप्त कर लेती, क्योंकि पहली मतगणना के बाद आप के तीन पार्षदों को भाजपा ने अपने दल में शामिल कर लिया था। इस दल बदल के फल स्वरुप, भाजपा के पार्षदों की संख्या 16 से बढ़कर 19 हो गई तथा कांग्रेस – आम आदमी पार्टी के संयुक्त पार्षदों की संख्या 20 से घटकर 17 रह गई। अत: यदि दोबारा चुनाव होते तो 17 के मुकाबले 19 मतों से भाजपा का उम्मीदवार मेयर बन जाता। ऐसा करने का उच्चतम न्यायालय ने कोई अवसर नहीं दिया।

> **मतदाता सूचियां का सही होना भी एक सही एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए अत्यंत आवश्यक है। सभी राजनीतिक दलों को यह सतर्कता बरतनी होगी कि कुछ व्यक्तियों के नाम जानबूझ कर हटाये नहीं जाएं। आजकल, सबको पता होता है कि कौन सा मोहल्ला या कौन सा गांव किस दल के साथ में है? दूसरे दल के मतदाताओं के बड़ी संख्या में नाम हटाने के मामले पूर्व में आते रहे हैं, किन्तु मतदान के दिन कुछ भी नहीं किया जा सकता है।**

उच्चतम न्यायालय ने अपने ही स्तर पर अनुच्छेद 142 के अंतर्गत पूर्ण न्याय करने हेतु प्राप्त अधिकारों का उपयोग करते हुए स्पष्ट निर्णय दे दिया कि पुराना परिणाम निरस्त कर दिया जाए। उसी मतगणना में गलत रूप से अवैध घोषित किए गए मतों को आम आदमी पार्टी के मत मानते हुए, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के संयुक्त उम्मीदवार कुलदीप कुमार को 16 के मुकाबले 20 मत प्राप्त करने पर मेयर के रूप में निर्वाचित घोषित कर दिया। इसके बाद कुलदीप कुमार ने मेयर का पद भी संभाल लिया। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से चंडीगढ़ मेयर के प्रकरण का एक बार तो पटाक्षेप हो गया है।

यह संभव है कि सदन में बहुमत की कमी के कारण मेयर के लिए काम करना सरल नहीं हो।

इस पूरे घटनाक्रम से एक बात तो स्पष्ट हो गई कि भारतीय जनता पार्टी किसी भी रूप में चुनावी हार को सहन करने के लिए तैयार नहीं है और उसे जीत में बदलने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। ऊपरी तौर पर यह कहा जा सकता है कि इस पूरे प्रकरण में भाजपा की कोई भूमिका नहीं है और केवल निर्वाचन अधिकारी ने अपने स्तर पर जो गलत कार्य किया उसके आधार पर चुनाव को निरस्त किया गया और उच्चतम न्यायालय ने अपना फैसला लिया। इस बारे में उच्चतम न्यायालय ने यह भी आदेश दिया कि निर्वाचन अधिकारी को उच्चतम न्यायालय में झूठ बोलने के लिए नोटिस दिया जाए और उनसे इस बात का भी स्पष्टीकरण मांगा जाए कि उनके विरुद्ध आपराधिक कृत्य के लिए अभियोजन की कार्यवाही क्यों ना की जाए?

यह बात सामान्य विवेक से सही प्रतीत नहीं होती कि अनिल मसीह, जो कि भाजपा से जुड़ा हुआ था, ने केवल अपने स्तर पर इतनी बड़ी धोखाधड़ी की, विशेष कर तब जबकि यह सारा दृश्य कैमरे में अंकित हो रहा था। अनिल मसीह शायद इसीलिए बार–बार कैमरे की ओर देख रहा था कि यह सुनिश्चित हो सके कि उसके द्वारा किए गए गलत कार्य कैमरा में कैद तो नहीं हो रहे हैं? उसका दुर्भाग्य यह रहा कि उसका सारा कृत्य कैमरे में रिकॉर्ड हो गया। संभावना इस बात की अधिक है कि अनिल मसीह ने यह सारा कार्य बीजेपी के किसी उच्च पदाधिकारी के इशारे पर ही किया होगा, विशेष रूप से इस आश्वासन के बाद कि उसके ऊपर कोई आंच नहीं आएगी। यह तो भला हो उच्चतम न्यायालय का, जिसने इस प्रकरण का गंभीरता पूर्वक संज्ञान लिया एवं एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए अपने ही स्तर पर चुनाव को निरस्त करते हुए हारे हुए उम्मीदवार को विजेता घोषित किया।

यहां प्रश्न केवल चंडीगढ़ के मेयर का ही नहीं है। कुछ समय बाद लोकसभा के चुनाव होने वाले हैं जो पूरे देश में होंगे। जब 36 वोटो की गणना करने में इस प्रकार की धांधली खुले आम की जा सकती है और अपनी हार को जीत में बदलने का प्रयास किया जा सकता है, तो फिर जब देश का चुनाव होगा, तो किस–किस स्तर पर क्या–क्या काम किया जाएगा, यह कहना मुश्किल है।

भाजपा सदैव नैतिकता की दुहाई देती रही है। देश की जनता भी अयोध्या में प्राण–प्रतिष्ठा होने के बाद, रामराज्य की ओर कदम बढ़ाने की आशा कर रहा था। भगवान राम के भक्तों द्वारा जिस प्रकार मर्यादाहीन आचरण किया गया, वह दु:खद और आश्चर्यजनक है। उपयुक्त होता यदि भाजपा के बड़े नेता चंडीगढ़ मेयर के चुनाव संबंधी घटना पर सार्वजनिक रूप से खेद प्रकट करते हुए अनिल मसीह के विरुद्ध स्वयं कार्यवाही करते। ऐसा न करके उन्होंने नैतिक पतन की पराकाष्ठा का ही परिचय दिया है। लगता है, किसी भी राजनीतिक दल से नैतिकता की अपेक्षा करना ही बेकार है।

आने वाले लोक सभा चुनावों में चंडीगढ़ की घटना से सबक लेते हुए, न केवल निर्वाचन आयोग को अपनी कार्य प्रणाली को चुस्त–दुरस्त बनाना होगा अपितु सभी दलों को भी पूरी सतर्कता बरतनी होगी।

मतदाता सूचियां बनने से लेकर मतदान और मतगणना तक पूरी निगरानी सभी दलों को करनी होगी जिससे धांधली की संभावना को समाप्त किया जा सके। लोकतंत्र जीवित ही तब रहेगा, जब वही चुना जाए, जिसे वास्तव में मतदाताओं का समर्थन मिले।

चुनाव में होने वाले अनाप–शनाप ख़र्चे पर नियंत्रण भी आवश्यक है किन्तु यह तभी संभव है जब उम्मीदवार के ख़र्चे की सीमा में राजनीतिक दल द्वारा किए गए व्यय को आनुपातिक रूप से उसके व्यय में जोड़ा जाये।

मतदाता सूचियां का सही होना भी एक सही एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए अत्यंत आवश्यक है। सभी राजनीतिक दलों को यह सतर्कता बरतनी होगी कि कुछ व्यक्तियों के नाम जानबूझ कर हटाये नहीं जाएं। आजकल, सबको पता होता है कि कौन सा मोहल्ला या कौन सा गांव किस दल के साथ में है? दूसरे दल के मतदाताओं के बड़ी संख्या में नाम हटाने के मामले पूर्व में आते रहे हैं, किन्तु मतदान के दिन कुछ भी नहीं किया जा सकता है। ई वी एम का विरोध तो चल ही रहा है। इसका एक विकल्प तो मत पत्रों के आधार पर चुनाव कराना है। दूसरा विकल्प यह है कि वी वी पेट की पर्ची मतदाताओं को मिले एवं जहां मतों में अंतर अधिक न हो, वहां पर मतों का मिलान वी वी पेट की पर्चियां से किया जाय।

चंडीगढ़ के प्रकरण से तो यह स्पष्ट हो ही गया है कि चुनाव में जीत के लिए जो किया गया उसे यदि 'मतों की चोरी' के रूप में देखा जाए तो गलत नहीं होगा। अच्छा तो यह होगा कि अनिल मसीह से पूरी विस्तृत जांच करके यह पता लगाया जाए कि उसने यह सारा काम किसके इशारे पर किया? यदि इस बारे में कार्रवाई नहीं की गई तो आगामी चुनाव में भी संदेह के बादल मंडराते रहेंगे। महत्वपूर्ण है कि चुनाव न केवल स्वतंत्र और निष्पक्ष होना चाहिए अपितु ऐसा होता हुआ दिखाई भी देना चाहिए। नैतिकता और शुचिता स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अत्यंत आवश्यक है। आशा है इस प्रकार की घटनाओं पर भविष्य में पूर्ण विराम लगेगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# राजस्थान की शिक्षा की गुणवत्ता को अहिरावण पाताल हर ले गया, है कोई हनुमान?



डॉ. वीर बहादुर सिंह

उच्च शिक्षा की गुणवत्ता भी राजस्थान में वर्षों से सुप्तावस्था में चल रही है इसकी दयनीय स्तिथि के लिए राज्य सरकार विशेष रूप से सभी शिक्षा मंत्री और उनके सचिव दोषी हैं। कृषि उच्च शिक्षा का हाल प्रदेश में बहुत बुरा है। मैं अपने अनेक लेखों के माध्यम से कृषि शिक्षा की कमिओं के बारे में अखवार में लिखता रहा हूँ। लेकिन कही कोई प्रतिक्रिया नहीं हुयी। मेने राज्य सरकार को उदयपुर के दो महाविद्यालय यथा डेरी व् खाद्य प्रौद्योगिकी और फिशरीज को बंद करने की एक बार सलाह भी दे डाली थी उस पर भी सरकार सो गयी, कोई प्रतिक्रिया भी नहीं दी ठीक भी है अपनी करतूतों पर कुछ भी कार्यवाही करना कमजोरी की धारणा को पुष्ट करता है इसलिए सरकार को चुप रहने में ही भलाई है।

कृषि उच्च शिक्षा को बिगाड़ने में कृषि अनुसन्धान परिषद् नई देहली की सर्वोच्च भूमिका है। इस संसथान का काम आरम्भ में केवल वित्तीय सहायता से प्रदेशों की कृषि शिक्षा को सुद्रण करना था लेकिन ऐसा करते करते कृषि अनुसन्धान परिषद् विश्व विद्यालयों की स्वायत्ता को धीरे–धीरे ख़त्म करती गयी चार वर्ष का स्नातक प्रोग्राम पूरे देश में लागू करवा दिया सभी संकायों में। आज कृषि स्नातक में चार वर्ष या आठ समेस्टर में लगभग 46–50 विषय हैं लेकिन उन्हें पढ़ाने के लिए उपयुक्त फैकल्टी कभी दी नहीं गयी छात्र कैसे डिग्री लेते हैं किस गुणवत्ता की, यह अलग से अनुसन्धान का विषय है। आश्चर्य तो इस बात का है कि राज्यपाल कुलाधिपति होते हुए इस अवनति पर आँख मूदे रहते हैं। दीक्षांत समारोह में भी वे कभी फैकल्टी कमिओं के बारे में कोई बात नहीं कहते।

आवशयकतानुसार फैकल्टी नहीं होना इसका मूल कारण तो है ही, उस पर उन्हें कुलपति से आवश्यक फीडबैक नहीं मिलता।संकाय समितियां और कोर्स समितियां भी इस कारण कमजोर कर दी गयी हैं।कृषि अनुसन्धान परिषद् ने हर बार डींस कमेटियाान बनाकर विश्व विध्य्लयों में विधान के अनुसार बानी संकाय समिति और कोर्स समिति एक तरह से अर्थहीन कर दी हैं। कृषि अनुसन्धान परिषद् का हस्तक्षेप बंद कर स्वायत्ता को सही अर्थों में स्थापित किया जाय कुलाधिपति को चाहिए कि चार वर्ष का पाठ्य क्रम तत्काल प्रभाव से बंद करा कर पुन: तीन वर्ष का लागू हो।

मेरे पास इस अनुसंशा के लिए पर्याप्त लॉजिक है। राज्यपाल से अनुरोध है की वे चार वर्षीय पाठ्यक्रम के दो तीन गोल्ड मेडलिस्ट मेरिटोरियस छात्रों को राज भवन बुलाकर कुलपति के साथ मुझे आमंत्रित कर लें मैं वहीं दिखा दूँगा कि चार वर्षीय कोर्स से दो वर्षीय स्नातक कोर्स जो मेने एक प्राइवेट कॉलेज से किया है, के समक्ष चार वर्षीय कोर्स की कितनी अहमियत है? इसी प्रकार अधिस्नातक पढ़ाई के लिए भी कोई प्रवेश परीक्षा नहीं होनी चाहिए।

प्रवेश में पात्रता के लिए केवल एलिजिबिलिटी परीक्षा के थ्योरी के अंक ही मेरिट सूची बनाने में उपयुक्त होंनें चाहिए। वर्तमान में प्रदेश के सभी कृषि विद्यालय प्रसार कार्यों पर जीवित हैं उनकी खबर अखवार में छप ती रहती है। अनुसन्धान पर यदा–कदा और शिक्षण पर कोई बात समाचारों में नहीं आती। अनुसन्धान का स्टैण्डर्ड महाविद्यालयों में मौजूद प्रयोगशाला उपकरणों को देखते हुए बहुत ही निम्न स्तर का हो गया है। मेरा मानना है कि पढ़ाई में यदि सुधार हो जाता है तो अनुसन्धान भी अच्छे स्तर का हो जायेगा। इसलिए स्नातक पाठ्यक्रम चार के स्थान पर तीन वर्ष और अधिस्नातक दो की जगह तीन वर्ष का किया जाय। स्नातक प्रोग्राम में 25 प्रतिशत कोर्स ऐसे जिनकी जरुरत छात्र को अपने कार्य क्षेत्र में कभी नहीं पड़ती। कृषि उच्च शिक्षा को पूर्ण स्वायत्ता मिले और कृषि सचिव कृषि अनुसन्धान परिषद् का दखल बंद कर कुलपति ही कुलाधिपति के संरक्षण में पूरी व्यवस्था की गुणवत्ता के लिए कानूनन जिम्मेदार हों।महाविद्यालयों के डीन महाविद्यालय के विषय अनुकूल हों अन्यथा नहीं। खाद्य प्रौद्योगिकी स्नातक पाठ्यक्रम आरम्भ हुए 25 वर्ष से अधिक हों गए परन्तु खाद्य प्रौद्योगिकी का न तो कोई टीचर नियुक्त हुआ और न ही कोई डीन। कैसे उन्नति का धागा बटा जायेगा? डेरी व् खाद्य प्रौद्योगिकी में दो स्नातक पाठ्यक्रम होने के उपरांत भी अभी तक अधिस्नातक पाठ्यक्रम शुरू नहीं किया जा सका, वही फिशरीज कॉलेज में संचालित अधिस्नातक पाठ्यक्रम बंद कर दिया गया। मुझे ऐसा लगता है कि इसका निर्णय पोस्ट ग्रेजुएट कौंसिल और संकाय समिति तथा अकादमिक कौंसिल में भी संभवत: नहीं लिए गए।

अधिस्नातक की शिक्षा की अवधि को में दो साल से बढाकर तीन साल की अनुशंसा करता हूँ, इस बढ़ी हुयी अवधि में अधिस्नातक विषय के सम्बन्ध में स्नातक सत्तर पर कोई मौलिक कमी रही हो उसे पूरा किया जा सकता है।

मास्टर्स और उसके बाद डॉक्टरेट लेवल पर कई विषयों की माइनर जानकारी भी जुटानी पड़ती है। उस पक्ष को सुद्रण करने के लिए यह एक वर्ष निर्धारित होगा। इस प्रकार स्नातक तीन वर्ष (छ: सेमिस्टर) और अधिस्नातक या मास्टर्स भी 6 सेमेस्टर हो जायगा। इस परिवर्तन से जहाँ अधिस्नातक पढ़ाई की गुणवत्ता बढ़ेगी वही रिसर्च मास्टर्स और डॉक्टरल लेवल की क्वालिटी भी बढ़ जाएगी। जिन छात्रों को आगे पढ़ाई नहीं करनी है अथवा कम्पटीशन आदि में बैठना है वे स्नातक के 3 वर्ष के बाद ही ऐसे प्रकल्पों के लिए स्वतंत्र होंगे। इस विषय पर पेरेंट्स, छात्र और नौकरी करने वाले कतिपय लोगों से सम्बाद कर इसे अनुमोदित कर लागू किया जाय किसी भी अन्य संस्था का इसमें हस्तक्षेप नहीं हो। अंत में इस समूचेविषय के मुख्य प्रकरणों को समझने के दृष्टिकोण से क्रम बध्य पॉइंट्स में लिख रहा हूँ.:–

1. सभी पात्रता रखने वाले छात्रों को आवश्यक रूप से आगे प्रवेश मिले पढ़ाई से कोई भी वंचित न किया जाय क्योंकि पात्रता प्राप्त छात्रों को प्रवेश से मना करना छात्र के मूल अधिकारों का हनन है। आवश्यक होने पर कक्षा/विषय में सीटों को बढ़ाया जा सकता है।

2. सभी प्रकार की कोचिंग को प्रतिबंधित कर दिया जाय। कोचिंग से जहाँ स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में ह्रास और उदासीनता उत्पन्न हुयी है वही कम्पटीशन की परीक्षाओं के कारण छात्रों में तनाव और विभिन्न प्रकार के मानसिक रोग व् अवसाद उत्पन्न हो रहे हैं। जो जन हित वांछित नहीं हैं। सरकारी संरक्षण ऐसे संस्थानों से हटा लिए जाय। आगे पढ़ाई के लिए किसी भी प्रवेश परीक्षा की अनुमति नहीं दी जाये।

3. स्कूलों और महाविद्यालयों में विषय बार समुचित अध्यापाक उत्तम ज्ञान वाले भर्ती किये जाय, साक्षात्कार के समय चयन समिति अभ्यर्थी से उसके विषय पर 250 शब्दों का कोई लेख पढ़वा कर निर्णय करें। शब्दों के उच्चारण पर विशेष ध्यान रखा जाय।

4. संकाय समितियां और विषय समितियां सुद्रण की जाय, जैसा की एक्ट और स्टटूटेस में नीहित है खा ली पदों को भरने की प्रक्रिया तेज कर एक माह से अधिक पद खली नहीं रखे जायँ। विषय विशेषज्ञों के पद और सृजित किये जायें।

5. साक्षात्कार में पूर्व की कक्षा के विषय से ही प्रश्न किये जाय, कुछ सामान्य ज्ञान, गेम्स स्पोर्ट्स सिविक्स, प्रशासन, चुनाव व् सम्बंधित क्रियाओं की जानकारी, आदि के प्रश्न पूछ कर अभयर्थी की ज्ञान सीमा का अंदाज सुगमता से लग जाता है। इस प्रकार अन्य अनेक सुझाव और भी दिए जा सकते हैं एक बार सैद्धांतिक रूप से इस पर सहमति बन जाय कि हां वर्णित स्वरुप लाभकारी और छात्र हित में कारगर साबित होगा. उच्च शिक्षा की गुणवत्ता कुलाधिपति वर्ष में दो बार आंकलन करवाएं तो उत्तम रहेगा।

अभी इतना काफी।

**प्रो. डॉ वीर बहादुर सिंह,**
**पूर्व कुलपति एवं डेरी व् खाद्य विज्ञ, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर, राजस्थान।**

# फाल्गुन में बही ठंडी बयार, छुटपुट बारिश के साथ ठंड बढ़ी

**अजमेर, (कासं)।** बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती परिसंचार और पर्वतीय इलाकों में हुई बर्फबारी से एक बार फिर सर्दी बढ़ गई है। कई स्थानों पर बरसात के चलते तापमान में गिरावट हो सकती है। आने वाले और कुछ दिनों तक लोगों को सर्दी से निजात मिलने के आसार कम ही लग रहे हैं। फाल्गुन के मौसम में ठंडी बयार बह रही है। गर्मी के इस महीने के बावजूद इस बार ठंड का असर बना हुआ है।

फाल्गुन के मौसम में सोमवार को सुबह से ही बादलों की टुकड़ियों ने घेर लिया। अलसुबह से तेज ठंडी हवा के चलते कंपकंपी महसूस हुई। घरों में नलों का पानी भी ठंडा महसूस हुआ। घर आंगन में गलन बढ़ने से लोग ज्यादा परेशान रहे। दिनभर लोग सिर से पैर तक ऊनी कपड़ों में लिपटे रहे।

आसमान में बादल छाए नजर आए। सर के कुछ हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी भी हुई। न्यूनतम तापमान 14.5 और अधिकतम 25.3 डिग्री सेल्सियस रहा। अब महीना भले ही फाल्गुन का आ गया हो लेकिन फिलहाल माना जा रहा है कि दो दिन और पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होने से सर्दी का असर फिलहाल बना रहेगा।

# जीवों के प्रति दया दिखाने वाली दो बहनों के साथ पुलिस ने बर्बरतापूर्ण व्यवहार किया

## पुलिस किसी अपराधी की तरह दोनों बहनों को घसीटते हुए थाने ले गई और मारपीट भी की

- **पुलिस ने दोनों को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया, दोनों बहनों को जमानत कराकर रिहा होना पड़ा**
- **दोनों पीड़ित बहनों ने पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन देकर न्याय की गुहार लगाई है**

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर में जीव स्नेही दो सगी बहनों को एक स्वान की सेवा करने की एवज में पुलिस बर्बरता का शिकार बनना पड़ा है। पुलिस किसी अपराधी की तरह दोनों बहनों को पूरे मौहल्ले के लोगों के सामने घसीटते हुए थाने ले गई। गंदी गंदी गालियां देते हुए मारपीट भी की। इतने से जी नहीं भरा तो धारा 151 में बंद करके मजिस्ट्रेट के सामने पेश कर दिया। दोनों बहनों को जमानत करा कर रिहा होना पड़ा। अब पीड़ित बहनों ने पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

जानकारी के अनुसार मंजू तथा गीता गोयल रावजी की हवेली, जूनी बागर, जोधपुर की रहवासी है। ये दोनों बहनें सनातन संस्कृति के अनुरूप वर्षों से जीव मात्र की सेवा सुश्रुषा करती आई है। गाय, कुत्तों को रोटी देना इनका नित्य कर्म है। इतना ही नहीं ये हर पशु पक्षी की सेवा में लगी रहती है। गली मौहल्ले के स्वानों को बीमार देखती है तो टैक्सी में पशु चिकित्सालय ले जाकर उनका उपचार करवाती है और जब तक वह जीव स्वस्थ नहीं हो जाता, तब तक उनकी सारसंभाल करती है। करीब एक माह पूर्व इनकी गली में मादा स्वान ने अपने बच्चों को जन्म दिया था। कड़ाकेदार सर्दी कहर बरपा रही थी। संयोग से इन बहनों की नजर उन पर पड़ गई। इनकी दया जाग उठी। बाजार से तुरंत ही एक पिंजरा खरीद लाई। अपने घर की दीवार से सटाकर रखा और मादा स्वान तथा उनके पिल्लों को उसमें डालकर राहत की सांस ली।

इन्हें इस बात का संतोष था कि अब ये जीव सर्दी से नहीं मरेंगे, ना ही किसी वाहन के नीचे आएंगे। इन्हें पिंजरा रखे कुछ ही क्षण हुए होंगे कि कुछ पड़ौसियों ने आकर झगड़ा शुरू कर दिया। उन्होंने कहा इस पिंजरे को यहां क्यों रखा है। यहां तो हम अपनी गाड़ियां खड़ी करते हैं। दोनों बहनों ने कहा कि यह पिंजरा हमने अपने घर की दीवार से सटा कर रखा है। आप लोग अपनी गाड़ियां अपने–अपने घरों के आगे रखो। इस पर सभी पड़ौसी एकजुट होकर लड़ाई झगड़ा करने लगे। दोनों बहनों ने पुलिस से मदद मांगी। मगर पुलिस ने किसी प्रकार की सहायता नहीं की। पड़ौसियों ने देख लेने की धमकी भी दी मगर ये दोनों बहनें डरी नहीं और अपनी बात पर अटल रही।

21 फरवरी को दोपहर की 1.30 बजे के करीब आलोक पब्लिक स्कूल के मालिक गोपाल सांखला, भाजपा पार्षद राजेन्द्र टाक इत्यादि नगर निगम अतिक्रमण दस्ते से मिलीभगत करके आए और घर के बाहर रखे पिंजरे में से मादा श्वान तथा उसके छोटे पिल्लों को बेरहमी से उठाकर बाहर फैंक दिये और पिंजरा उठाकर ले जाने लगे। तभी बड़ी बहन मंजू ने पूछा कि हमारा पिंजरा क्यों ले जा रहे हो। तब अतिक्रमण दस्ता प्रभारी इस्पेक्टर रवि प्रकाश बारासा तथा टीम ने शर्मशार कर देने वाले शब्दों से अपमानित किया और पुलिस को बुला लिया। पुलिस के पहुंचने पर रविप्रकाश ने पुलिस को कहा कि इनको ले जाओ। इस पर पुलिस ने बिना छानबीन किए दोनों बहनों को पकड़ लिया तथा पूरे मौहल्ले वालों के सामने घसीटते हुए जीप में बैठाकर रवाना हो गई। मार्ग में बड़ी बहन ने पुलिस अधिकारी से पूछा कि किस अपराध में हमें पकड़ा है। इस पर पुलिस अधिकारी गालियां देने लगा। मंजू ने जीप में ही पुलिस अधिकारी के गलत आचरण का विरोध किया तो साथ वाली महिला पुलिसकर्मी ने मुंह पर थप्पड़े मारने शुरू कर दिए।

पुलिस दोनों बहनों को लेकर सिटी पुलिस थाने पहुंची। जहां नए सीआई ने कुछ मिनट पहले ही पदभार संभाला था। उन्होंने भी छानबीन किए बिना अपने स्टाफ पर भरोसा करके धारा 151 में बंद करने की स्वीकृति दे दी। इस पर दोनों बहनों को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। दोनों बहनें शाम को जमानत के बाद घर पहुंची। दूसरे दिन ही दोनों बहने पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंची तथा ज्ञापन देकर न्याय की गुहार लगाई है। ज्ञापन में किसी उच्च अधिकारी से निष्पक्ष जांच करा कर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

साथ ही अपने अधिवक्ता के मार्फत नोटिस भेज कर अतिक्रमण प्रभारी रवि प्रकाश बारासा द्वारा किए गए अमानवीय व्यवहार के लिए जवाब तलब किया है।

मंजू ने बताया कि पुलिस अधिकारी तथा नगर निगम के अधिकारी ने हम महिलाओं भद्दी भद्दी गालियां देकर तथा मारपीट करके जघन्य अपराध किया है। पिंजरे में सुरक्षित बैठे श्वानों को घर से बेघर करना, उन्हें उठाकर फेंकना, पशु क्रूरता का भी अपराध कारित किया है जो कि गैरकानूनी व विधि विरुद्ध था। प्रतिष्ठित पद पर बैठे व्यक्ति को कतई शोभा नहीं देता कि वो विधिविरुद्ध तरीके से गैर कानूनी तरीके से अपनी मनमर्जी से अनैतिक कार्यवाही को अंजाम दे। उन्होंने कहा कि जीव दया करना हमें सनातन संस्कृति ने सिखाया है। पुलिस व नगर निगम अधिकारियों के बर्ताव से हमें गहरा आघात लगा है।

## राशिफल मंगलवार 27 फरवरी, 2024



पंडित अनिल शर्मा

फाल्गुन मास, कृष्ण पक्ष, तृतीया तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2080, हस्त नक्षत्र बुधवार प्रात: 7:33 तक, शूल योग सांय 4:25 तक, वणिज करण दिन 12:35 तक, चन्द्रमा आज कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कुम्भ, चन्द्रमा–कन्या, मंगल–मकर, बुध–कुम्भ, गुरू–मेष, शुक्र–मकर, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज भद्रा दिन 12:35 से रात्रि 1:34 तक है।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:49 से 11:14 तक, लाभ–अमृत 11:14 से 2:05 तक, शुभ 3:31 से 4:56 तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:57, सूर्यास्त 6:22




**मेष**

परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**सिंह**

आर्थिक/वित्तिय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे।



**धनु**

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।



**वृष**

व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।




**कन्या**

आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक विवादों का निपटारा हो सकता है।



**मकर**

आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता यथावत बनी रहेगी।



**मिथुन**

व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे।




**तुला**

घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। धार्मिक कार्य के लिए यात्रा संभव है।




**कुंभ**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।




**कर्क**

व्यावसायिक कार्यों में वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। नवीन कारोबारी अनुबंध प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। शुभ संदेश प्राप्त होंगे।



**वृश्चिक**

आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में वाद–विवाद टालना ठीक रहेगा।



**मीन**

घर–परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

# सांगानेर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को मिलेंगी विश्वस्तरीय सुविधाएं : भजनलाल शर्मा



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को सांगानेर रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की और प्रदेश में रेलवे स्टेशनों के विकास के लिये प्रधानमंत्री का आभार जताया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं डॉ. प्रेमचंद बैरवा, सांसद सीपी जोशी, रामचरण बोहरा, जयपुर ग्रेटर मेयर सौम्या गुर्जर, विधायक गोपाल शर्मा एवं कुलदीप धनखड़ सहित जनप्रतिनिधि तथा रेलवे के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

■ प्रदेश के 21 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और 112 आरओबी-आरयूबी का लोकार्पण एवं शिलान्यास

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अमृत काल में भारत की प्रगति की रेल तीव्र गति से दौड़ रही है। नया भारत अभूतपूर्व गति एवं कौशल से कार्य कर रहा है। मोदी सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत देश भर में लगभग 41 हजार करोड़ रूपए की लागत से 553 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य के शिलान्यास और 1500 रोड ओवरब्रिज एवं अंडरपास के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। साथ ही, उन्होंने उत्तरप्रदेश के विश्वस्तरीय गोमती नगर रेलवे स्टेशन का उद्घाटन भी किया। इनमें प्रदेश के 21 रेलवे स्टेशन एवं 112 रोड ओवरब्रिज एवं अंडरपास शामिल हैं। देश भर के 2021 स्थानों पर यह कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें 40 लाख से अधिक लोग जुड़े।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सांगानेर रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की और प्रधानमंत्री का इन सौगातों के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में रेलवे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आधुनिकीकरण के साथ-साथ रेलवे में विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जा रही हैं जिससे आमजन को राहत मिल रही है। शर्मा ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस और अमृत भारत स्टेशन की चर्चा विश्वभर में हो रही है। भारतीय रेलवे ने नई रेलवे लाइनों के निर्माण, हाई स्पीड ट्रेनें, स्वच्छता एवं डिजिटलाइजेशन के लिए किए गए नवाचारों से नया मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि सांगानेर को विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन बनाने के लिए 192 करोड़ रूपए की लागत से पुनर्विकास की योजना बनाई गई है। इसके अन्तर्गत सांगानेर स्टेशन पर रेलवे लाइन की संख्या 3 से बढ़ाकर 5 की जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने प्रदेश के 21 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इसमें अजमेर जंक्शन, पाली मारवाड़, सांगानेर, ब्यावर, फतेहनगर, जवाई बांध, रानी, सोमेसर, गोगामेड़ी, रायसिंह नगर, दौसा, फतेहपुर शेखावाटी, खैरथल, नीम का थाना, राजगढ़, डीग, धौलपुर, गोविंदगढ़, खेड़ली, बूंदी तथा झालावाड़ सिटी शामिल हैं। ये रेलवे स्टेशन मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी के एकीकरण से सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों का केन्द्र बनेंगे। इनको सिटी सेन्टर के रूप में पुनर्विकसित करते हुए रूफ प्लाजा शॉपिंग जोन, फूड कोर्ट एवं बच्चों के खेलने के लिए क्षेत्र आदि की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके अतिरिक्त इनमें प्रवेश एवं निकास द्वार, बहु-स्तरीय पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, लाउंज, प्रतीक्षालय, ट्रैवलेटर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं विकसित की जाएंगी। साथ ही, प्रदेश के विभिन्न अंचलों में यातायात को सुगम बनाने की दृष्टि से 112 रोड ओवर ब्रिज, अंडरपास का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया गया। इससे स्थानीय निवासियों का आवागमन सुरक्षित एवं सुगम हो सकेगा।

राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सोमवार को सांगानेर सहित राज्य के अन्य रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास, रोड ओवर ब्रिज तथा अंडरपास शिलान्यास और उद्घाटन की बधाई दी है। उन्होंने कहा कि रेलवे के आधुनिकीकरण की दिशा में इन कार्यों से यात्रियों की सुविधाओं में ही बढ़ोतरी नहीं होगी बल्कि राजस्थान के विकास को भी नए आयाम मिलेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुनर्विकास कार्यों का वर्चुअल उद्घाटन और शिलान्यास किया। राज्यपाल मिश्र इस कार्यक्रम में राजभवन से वर्चुअल जुड़े।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रेलवे के क्षेत्र में देश और प्रदेश को जो सौगातें दी वो 60 सालों में कोई सरकार नहीं दे पाई। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत अनेक रेलवे स्टेशनों को आधुनिक और हाईटेक बनाया जा रहा है जहां एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

सांगानेर रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं डॉ. प्रेमचंद बैरवा, सांसद सीपी जोशी, रामचरण बोहरा, जयपुर ग्रेटर मेयर सौम्या गुर्जर, विधायक गोपाल शर्मा एवं कुलदीप धनखड़ सहित जनप्रतिनिधि तथा रेलवे के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

# महिलाओं व बच्चों के विकास के लिए अच्छा काम हो : दिया कुमारी

■ उप मुख्यमंत्री की उपस्थिति में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा चिल्ड्रन इन्वेस्टमेंट फंड फाउंडेशन के बीच एम.ओ.यू. हुआ साइन

**जयपुर**, (का.सं.)। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी की उपस्थिति में महिला एवं बाल विकास विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल तथा चिल्ड्रन इन्वेस्टमेंट फंड फाउंडेशन (सीआईएफएफ) (यू के) की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, इंडिया, मंजुला सिंह के मध्य सोमवार को सचिवालय में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। प्रदेश में सीआईएफएफ इस एमओयू के तहत अगले पांच साल में महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों के साथ मिलकर 350 करोड़ रूपये का बजट खर्च करेगा। जिसमें किशोरियों, महिलाओं और बच्चों के पोषण में सुधार के लिए कार्य किए जाएंगे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं, बच्चों और किशोरी बालिकाओं के समुचित विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता से काम कर रही है। उन्होंने सीआईएफएफ के प्रतिनिधियों को कहा कि इसके लिए सीआईएफएफ ब्लॉक स्तर पर अपनी टीम को और क्रियाशील करें ताकि धरातल पर अच्छा परिणाम दिखे। उन्होंने कहा कि सीआईएफएफ प्रदेशभर में पोषण गुणवत्ता पर निगरानी कर, अपना फीड बैक भी दे ताकि बेहतर सुधार किए जा सके। इसके साथ उन्होंने सीआईएफएफ प्रतिनिधियों से कहा कि वे पोषाहार की रेसिपी में किसी प्रकार की बदलाव की आवश्यकता हो तो वह भी फील्ड में फीडबैक लेकर अवगत करवाए। शासन सचिव ने बताया कि इस एमओयू के तहत सीआईएफएफ महिला एवं बाल विकास के साथ मिलकर किशोरियों, महिलाओं और बच्चों के पोषण में सुधार के लिए कार्यक्रमों को विकसित और सक्षम बनाने के लिए कार्य करेगा। इसी प्रकार सीआईएफएफ साक्ष्य अभाव की पहचान कर, उन्हें पूरा करना और विभाग के साथ समन्वय कर नए साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोण की व्यवहारिकता स्थापित करने का कार्य किया जाएगा।

कुणाल ने यह भी बताया कि सीआईएफएफ सरकारी योजनाओं की गुणवत्ता और कवरेज में सुधार के लिए तकनीकी सहायता उपलब्ध करवायेगा। सीआईएफएफ लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक मानदंडों में बदलाव के दृष्टिकोण से कार्य करेगा। शासन सचिव ने बताया कि राजस्थान सरकार अपने विभिन्न विभागों के माध्यम से इस एमओयू के तहत प्रस्तावित विभिन्न गतिविधियों के लिए कार्यान्वयन/कार्य योजनाओं की योजना के विकास में सीआईएफएफ को इनपुट प्रदान करेगी, जिस पर सीआईएफएफ कार्यान्वयन भागीदारों के साथ काम करेगा।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में 2015 में 7 साल के लिए एमओयू साइन किया गया था जिसे फिर से 5 साल के लिए आगे बढ़ाने के लिए एमओयू हस्ताक्षिरत किया गया है।

# 'एस.सी.-एस.टी. के लिए पुनर्वास योजना लागू'

**जयपुर**। हाईकोर्ट ने एससी, एसटी वर्ग के पीडितों के पुनर्वास के लिए बनाई योजना को रिकॉर्ड पर लेते हुए इस संबंध में दायर जनहित याचिका को निस्तारित कर दिया है। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने यह आदेश दलित मानवाधिकार केन्द्र समिति की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से पुनर्वास योजना की कॉपी पेश कर कहा गया की गत 19 फरवरी को इस योजना का गजट नोटिफिकेशन कर इसे लागू कर दिया है। योजना के तहत एससी, एसटी वर्ग के पीड़ितों के लिए तत्काल उच्च गुणवत्ता युक्त चिकित्सा सुविधा, निःशुल्क खाद्य सामग्री का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा यदि पीड़ित पक्ष कृषि करना चाहता है और कुल वार्षिक आय साठ हजार रुपए से कम है तो उसे दो बीघा जमीन संबंधित कलेक्टर निशुल्क आवंटित करेंगे। वहीं पीड़ित की संतान को स्नातक स्तर तक निशुल्क शिक्षा देने की भी व्यवस्था की गई है।

# मार्च के शुरू में भाजपा की पहली सूची आ सकती है

■ भाजपा कोर कमेटी की बैठक आज

**जयपुर**। भाजपा की ओर से लोकसभा चुनाव के लेकर पूरीसे तैयार है। इसके लिए प्रदेश भाजपा ने मंगलवार को प्रदेश को और कमेटी की बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की जाएगी। वही बैठक में लोकसभा प्रत्याशियों के तीन-तीन नाम के पैनल तैयार किए जाएंगे। उसके बाद बुधवार को दिल्ली में प्रदेश कोर कमेटी की बैठक केंद्रीय कार्यालय में आयोजित की जाएगी। यह बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन महामंत्री बी एल संतोष, गृह मंत्री अमित शाह लेंगे। इसके साथ ही गुरुवार को भाजपा के केंद्रीय कार्यालय दिल्ली में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक आयोजित की जाएगी।

बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन महामंत्री बीएलसंतोष सहित प्रदेश और ग्रुप के नेता शामिल होंगे। इस बैठक में प्रदेश के नेताओं के द्वारा केंद्रीय समिति को प्रत्येक लोकसभा सीट से तीन-तीन नाम का पैनल दिया जाएगा और इस पैनल पर चर्चा की जाएगी। सूत्रों की माने तो मार्च के पहले सप्ताह में लगभग एक दर्जन से ज्यादालोकसभा प्रत्याशियों की घोषणा होने की संभावना हैं। वहीं इसके साथ ही भाजपा की ओर से लोकसभा चुनाव के लिए हर विधानसभा स्तर पर कोर कमेटी बनाई गई है वहीं 21 लोगों की एक अन्य कमेटी बनाई गई है जिसमें लोकसभा चुनाव को लेकर प्रत्येक कमेटी के सदस्य को जिम्मेदारी दी गई है भाजपा की ओर से प्रत्येक विधानसभा स्तर पर लोकसभा प्रत्याशियों के चुनाव कार्यालय खोलने की जगह भी निर्धारित कर ली गई है जिससे कि आने वाले समय में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रत्याशी को कोई परेशानी ना हो और आसानी से चुनाव में जीत हासिल की जा सके। इसी के लिए लोकसभा के संयोजकों के द्वारा प्रत्येक विधानसभा स्तर पर बैठकर आयोजित की जा रही है और इन बैठकों में सभी को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी जा रही है।

# प्रागपुरा घटना को लेकर पीसीसी ने बनाई कमेटी

**जयपुर**, (का.प्र.)। जिले के विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के प्रागपुरा की युवती के साथ दुष्कर्म तथा युवती व उसके भाई के साथ मारपीट की घटना की तथ्यात्मक रिपोर्ट राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रस्तुत करने हेतु चार सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कमेटी में डॉ. रघु शर्मा, पूर्व मंत्री, राजस्थान सरकार, धर्मेन्द्रसिंह राठौड़, पूर्व चेयरमेन, आरटीडीसी, संगीता बेनीवाल, अध्यक्ष, राजस्थान बाल संरक्षण अधिकार आयोग और इन्द्राज गुर्जर, पूर्व विधायक विराटनगर को शामिल किया है। कमेटी पीड़िता एवं उसके परिवारजनों से मिलकर वस्तुस्थिति एवं घटना की रिपोर्ट से राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी को अवगत करवायेगी।

इधर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी सवाई मानसिंह अस्पताल जाकर पीड़िता के हाल जाने और परिजनों से बात की।

# एन.आई.ए. ने चालान पेश करने के लिए मांगा समय

**जयपुर**, (का.सं.)। शहर के चर्चित सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड मामले में एनआईए ने सोमवार को एनआईए मामलों की विशेष कोर्ट में अर्जी दायर कर चालान पेश करने के लिए 90 दिन का समय मांगा है। अदालत एनआईए की इस अर्जी पर एक मार्च को सुनवाई करेगा। इसके साथ ही अदालत ने आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि भी बढ़ा दी है।

एनआईए ने मामले में अनुसंधान लंबित रहने का हवाला देते हुए कोर्ट से चालान पेश करने के लिए और समय देने का आग्रह किया है। गौरतलब है कि श्याम नगर थाना इलाके में 5 दिसंबर 2023 को गोगामेड़ी व नवीन शेखावत की हत्या हुई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी शूटर नितिन फौजी, रोहित राठौड़, उधम सिंह, भवानी, राहुल, रामवीर व पूजा सैनी को गिरफ्तार किया था।


## May your romance be a long joyride.

This February, buy your favourite Hyundai with benefits as long lasting as love.



Benefits, you'll fall in love with.

| | Cash benefits up to* | Exchange | Pride of India / Corporate | Total benefits up to* |
|---|---|---|---|---|
| Grand i10 NIOS | ₹35 000 | ₹10 000 | ₹3 000 | ₹48 000 |
| AURA | ₹20 000 | ₹10 000 | ₹3 000 | ₹33 000 |
| VENUE | ₹20 000 | ₹10 000 | - | ₹30 000 |
| i20 | ₹15 000 | ₹10 000 | - | ₹25 000 |

Hyundai Click to Buy Scan here

3 YEAR 1 00 000km** Warranty Coverage | UPTO 7 YEARS Extended Warranty^ | 3 YEARS Road Side Assistance (RSA) | UPTO 5 YEARS Shield of Trust Running Repair Package | UPTO 5 YEARS Shield of Trust Super Maintenance Package

HYUNDAI

**JAIPUR**
Crossland Hyundai 8824006188
Crossland Hyundai 9529036000
P.L. Hyundai 9950182500, 9251635933
Arora Hyundai 7688919191, 8239100048
Hindustan Hyundai 8387888818, 8696531531
Ardor Hyundai 7849905550, 7849905551
Roshan Hyundai 8696892222
Roshan Hyundai 8696894444

**ALWAR/LAXMANGARH/RAMGARH** Modern Hyundai 8058795808, 7374007581, 7374007583

**AJMER/KEKRI** Ajmer Hyundai 8003597762, 7230959771

**AJMER/BEAWAR** Shivam Hyundai 9116660022, 9116660044

**BHARATPUR/DHOLPUR** Shri Shakun Hyundai 8094338000, 7413048000

**BHILWARA/GULABPURA/SHAHPURA** Sandeep Hyundai 9414014431, 8875006894

**BHIWADI/NEEMRANA/BEHROR** JMV Hyundai 8875144444, 8696906954, 8696906934

**BIKANER** Sunehri Hyundai 8000287395, 8000285461

**CHITTORGARH** Chittor Hyundai 9414034451, 6377210467

**CHURU/RATANGARH/SARDARSHAHAR/RAJGARH** Shri Ganga Hyundai 8094010030, 9929758918, 8094010666

**DAUSA** Arun Hyundai 7742141419

**GANGANAGAR/HANUMANGARH/SURATGARH** Paras Hyundai 9887526525, 9672988525, 9983261525

**JHUNJHUNU/CHIRAWA/SUJANGARH** Marudhara Hyundai 8875753333, 8875752222, 9001062222

**JODHPUR/BARMER/JALORE/BHINMAL** Deora Hyundai 9649291291, 9001094554, 9116609208

**JODHPUR/BALOTRA/BILARA/JAISELMER** Raja Hyundai 9950560560

**JODHPUR** Deora Hyundai 9001094539

**JODHPUR** JRD Hyundai 9610062225

**NAGOUR** Shri Krishna Hyundai 9983518111, 8003492511

**PALI/SUMERPUR** Deora Hyundai 7340022211, 9001994557

**RAJSAMAND/PRATAPGARH** Badola Hyundai 8696939305, 9773303319

**SIKAR/NEEM KA THANA** Shri Ganga Hyundai 9587030024, 9587030055

**SAWAIMADHOPUR/GANGAPUR/HINDAUN** Shree Kripa Hyundai 9587894715, 7230067022, 9672094819

**TONK** Aditi Hyundai 7849880852

**UDAIPUR / DUNGARPUR/BANSWARA** Royale Hyundai 9782985551, 7230043333, 9782112525

**UDAIPUR/SAGWARA** RAMJI Hyundai 9001892222/9116677842

**UDAIPUR/SIROHI** Badola Hyundai 8279092009

my Hyundai app | Hyundai Promise Certified Pre-Owned Car | To know more, give a missed call on 9555145126

*Terms & Conditions apply. Benefits include cash discount, exchange bonus and benefits for government or corporate employees, whichever is applicable. Benefits may vary with variants and are subject to change without prior notice. **3-year warranty or upto 1 00 000 km whichever is earlier for Grand i10 NIOS, AURA, i20 & i20 N line. 3-year unlimited km warranty is applicable for VENUE, VENUE N Line, CRETA, ALCAZAR, TUCSON, VERNA, KONA Electric and IONIQ 5. ^Upto 7 years extended warranty is applicable only for petrol variants. Source: Cardekho.com. HMIL reserves the right to withdraw/modify the scheme without prior notice. Visit your nearest Hyundai dealership for more details. Hyundai urges you to follow traffic rules – these are meant to keep you safe on roads. **Scheme Applicable on MY2023 Cars.**

S JEE

# अस्पताल में रेजीडेंट चिकित्सक व मरीज के परिजन के बीच मारपीट

## अजमेर संभाग के सबसे बड़े जवाहर लाल नेहरू अस्पताल का मामला

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर संभाग के सबसे बड़े जवाहर लाल नेहरू अस्पताल (जे.एल.एन.) में एक बार फिर मरीज के परिजन और चिकित्सक के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। चिकित्सक से हुई मारपीट

- **मारपीट में चिकित्सक के चेहरे और आंख पर गंभीर चोटें आई**
- **चिकित्सकों ने अस्पताल अधीक्षक से शिकायत की, हड़ताल की दी चेतावनी**
- **मरीज के परिजन बोले पहले चिकित्सक ने की थी बदसलूकी**



**अस्पताल अधीक्षक नीरज जैन को ज्ञापन सौंपते चिकित्सक, सीसीटीवी में कैद मारपीट की घटना, मारपीट के शिकार डॉक्टर के चेहरे और आंख पर चोट के निशान।**

के बाद गुस्साए रेजिडेंट चिकित्सकों ने अस्पताल अधीक्षक को ज्ञापन देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है। वहीं परिजन ने भी चिकित्सकों पर पहले बदसलूकी का आरोप लगाया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल अधीक्षक नीरज जैन ने कोतवाली थाना पुलिस में मरीज के परिजन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है।

अस्पताल अधीक्षक नीरज गुप्ता ने बताया कि मेडिकल आईसीयू में प्रेम कंवर नाम की महिला एडमिट थी। जिसे सांस की बीमारी थी और उसकी तबीयत ज्यादा क्रिटिकल थी। एक बार मरीज को सीपीआर देकर वापस जिंदा किया गया था। इसी दौरान ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर अतुल राउंड पर पेशेंट का चेकअप करने के लिए गए थे। इसी दौरान पेशेंट के साथ मौजूद परिजनों ने बदसलूकी कर मारपीट शुरू कर दी जिससे और मामला गर्मा गया। इसी दौरान वहां पहुंचे नर्सिंग स्टाफ ने मामले को सुलझा दिया था। अधीक्षक ने बताया कि जब डॉक्टर अतुल ड्यूटी रूम में पहुंचे तो वहां पेशेंट के परिजन पहुंचे और डॉक्टर को कमरे से बाहर बुलाकर उनके साथ मारपीट की गई। डॉक्टर के चेहरे और आंख के आसपास गंभीर चोट आई है। इसी दौरान वहां पहुंचे डॉक्टर ने बीच बचाव किया। रेजिडेंट डॉक्टर ने घटना की जानकारी दी है। इसके साथ ही सिक्योरिटी गार्ड से भी इंक्वारी की जाएगी। आखिर यह पूरा घटनाक्रम हुआ कैसे था। पीजी फर्स्ट ईयर के डॉक्टर अतुल वशिष्ठ ने बताया कि वह मेडिकल आईसीयू में ड्यूटी पर तैनात था, तभी दोपहर के समय मरीज के परिजन ने उनके साथ मारपीट कर जानलेवा हमला कर दिया। सरकारी संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया। परिजन द्वारा की गई मारपीट से उनके आंख और चेहरे पर गंभीर चोट आई है।

**परिजन बोले पहले चिकित्सक ने की बदसलूकी :-** वहीं पीसांगन निवासी 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला मरीज प्रेम कंवर के बेटे दिलीप सिंह ने चिकित्सक पर बदसलूकी के आरोप लगाए हुए कहा कि पहले चिकित्सक ने उनकी फाइल फेंकी और बाद में बेटे लोकेंद्र के बाल पकड़ मारपीट की गई, जिससे बेटे के बाल भी हाथ में आ गए। उस समय 4 से 5 डॉक्टर वहां मौजूद थे। मरीज के बेटे ने बताया कि चिकित्सक द्वारा जो आरोप लगाए गए वह निराधार हैं। उन्होंने बताया कि मारपीट के बाद सबसे पहले चौकी पर आकर शिकायत देने पहुंचे थे, बाद में सभी डॉक्टर एकत्रित हो गए।

**सीसीटीवी में कैद हुई वारदात :-** जेएलएन अस्पताल के मेडिकल आईसीयू और डॉक्टर ड्यूटी रूम के बाहर लगे सीसीटीवी में मारपीट की पूरी घटना कैद हुई है। जिसमें सबसे पहले डॉक्टर और मरीज के परिजन के बीच मेडिकल आईसीयू में मारपीट हुई।

**चिकित्सकों ने दी स्ट्राइक की चेतावनी :-** चिकित्सक के साथ हुई मारपीट से नाराज सभी रेजीडेंट चिकित्सक एकत्रित हो गए। सभी चिकित्सकों ने मामले में अस्पताल अधीक्षक को शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो सभी चिकित्सक हड़ताल करेंगे।

उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले ही जयपुर के अस्पताल में डॉक्टर के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया था, जिसके चलते प्रदेश के सभी डॉक्टरों में गहरा रोष व्याप्त था और अभी यह मामला शांत भी नहीं हुआ था, उसके बाद अजमेर के जेएलएन अस्पताल में रेजिडेंट डॉक्टर के साथ मारपीट की घटना ने एक बार फिर से तूल पकड़ लिया है।

# जोधपुर में आयकर विभाग की इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी पर रेड

## जयपुर से आई आयकर विभाग की टीम ने दस अलग-अलग ठिकानों पर कार्यवाही की

**जोधपुर, (कासं)।** शहर में आयकर विभाग की टीम ने इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के खिलाफ सर्च और रेड की कार्यवाही शुरू की है। जिसके चलते दस अलग-अलग ठिकानों पर इन कार्यवाहियों को अंजाम दिया जा रहा है। माना जा रहा है कि जो इनपुट इनकम टैक्स विभाग की जयपुर टीम को मिले हैं उस आधार पर आय से अधिक संपत्ति का खुलासा हो सकता है। यह जब कार्यवाही की गई तो जोधपुर के आयकर विभाग के अधिकारियों को कानों कान खबर तक नहीं दी गई। पूरी की पूरी टीम जयपुर से आई है और लगातार जोधपुर के अलग-अलग ठिकानों पर कार्यवाही की जा रही है।

आयकर विभाग की जयपुर टीम द्वारा जोधपुर में करीब 10 ठिकानों पर छापेमारी की कार्यवाही को अंजाम दिया जा रहा है। विभाग की अन्वेषण शाखा कार्यवाही कर रही है। प्राइवेट इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी मालिकों के यहां यह कार्यवाही अलग-अलग ठिकानों पर की गई है। कल शाम तक कार्यवाही चलने की बात कही जा रही है जिसके चलते कल शाम तक ही आय से अधिक पूरी संपत्ति का खुलासा भी हो पाएगा। वराह इंफ्रा लिमिटेड के कार्यालय व कंपनी के निवेशकों पर छापेमारी की गई है।

सड़क निर्माण, पुल निर्माण व अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं से इस कंपनी व इसके संचालक जुडे है। कम्पनी के निदेशक मुफत सिंह राव, प्रेम सिंह राव, जगदेव सिंह राव सहित इनके कारोबारी सहयोगियों पर छापेमारी कार्यवाही चल रही है। छापेमारी की शुरुआत में ही अधिकारियों को बड़ी सफलता मिलने की बात भी कही जा रही है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कल शेखावाटी के दौरे पर

## झुंझुनूं में दो और सीकर में एक आभार जनसभा होगी



**सभा की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए जलदाय मंत्री सुरेश रावत झुंझुनूं पहुंचे।**

**झुंझुनूं, (निसं)।** ई.आर.सी.पी. की तरह यमुना जल को लेकर समझौता होने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 28 फरवरी को शेखावाटी में तीन आभार जनसभाओं को संबोधित करेंगे। पहली सभा खेतड़ी, दूसरी नवलगढ़ और तीसरी जनसभा सीकर जिले के श्रीमाधोपुर में होगी। सभा की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए सोमवार को जलदाय मंत्री सुरेश रावत झुंझुनूं पहुंचे। झुंझुनूं पहुंचने पर भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनिया, भाजपा जिला महामंत्री सरजीत चौधरी, जिला उपाध्यक्ष राकेश शर्मा बगड़ की अगुवाई में रावत का स्वागत हुआ।

- **यमुना पानी के समझौते को लेकर आभार जनसभा होगी**
- **पीएचईडी मंत्री सुरेश रावत ने झुंझुनूं में प्रेस वार्ता में दी जानकारी**

सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए रावत ने कहा कि 30 साल से अटके यमुना पानी को लेकर प्रकरण को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने डीपीआर के एमओयू तक कुछ दिनों में ही पहुंचा दिया है। जल्द ही यमुना का पानी शेखावाटी में आएगा। इस एतिहासिक फैसले पर पूरी शेखावाटी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का आभार जताना चाहती है। इसलिए 28 फरवरी को खेतड़ी, नवलगढ़ और श्रीमाधोपुर में आभार जनसभा होगी। उन्होंने सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए इस मामले को लेकर कहा कि शेखावाटी के लोगों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। शेखावाटी के हिस्से का पूरा पानी उन्हें दिलाया जाएगा। चार महीने में इसकी डीपीआर तैयार हो जाएगी, जो केंद्रीय जल बोर्ड में प्रस्तुत होगी। इसके बाद दोनों राज्यों की सहमति के बाद इस पर काम शुरू हो जाएगा।

वर्तमान में इस परियोजना की अनुमानित लागत 29 हजार 500 करोड़ है। वहीं तीन 260 किलोमीटर लंबी और बड़ी पाइप लाइनों से पानी शेखावाटी तक लाया जाएगा। एक पाइप लाइन से हरियाणा-राजस्थान के बॉर्डर पर हरियाणा के इलाकों में पानी सप्लाई होगा। झुंझुनूं में बड़ा स्टोरेज बनेगा। तो वहीं हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में तीन बांध भी बनाए जाएंगे। जिसमें भी राजस्थान अपने हिस्से का पैसा देगा। उन्होंने बताया कि इस पानी से ना केवल पीने का, बल्कि सिंचाई का पानी भी मिलेगा। इस पानी से अतिरिक्त फायदा यह होगा कि स्टोरेज के कारण इलाके के कुएं और ट्ययूबवेल रिचार्ज होने के साथ-साथ उर्जा संयंत्र भी लगाया जाएगा, ताकि 150 मेगावाट तक की बिजली का उत्पादन किया जा सके।

पानी की आवक और वितरण का लेखा जोखा आधुनिक एस्कोडा तकनीक से रखा जाएगा। जिससे पानी पूरी तरह मिला और पूरी तरह वितरित हुआ। यह सुनिश्चित होगा। उन्होंने बताया कि इस एमओयू और डीपीआर में यह भी चीज शामिल की गई है कि यदि तीन जिलों के अलावा अन्य जिलों को भी यह पानी चाहिएगा तो राजस्थान यह कर सकेगा। वहीं जुलाई से अक्टूबर तक यमुना नदी का ओवरफ्लो पानी प्रचूर मात्रा में मिलेगा। इसके अलावा नवंबर से जून तक भी पाइपों के जरिए पानी पर्याप्त मात्रा में मिलेगा। इस मौके पर नगर मंडल उपाध्यक्ष ललित जोशी समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शेखावत ने राजस्थान की 25 सीटें जीतने का संकल्प दिलाया

## जोधपुर लोकसभा क्षेत्र की चुनाव तैयारी बैठक में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शामिल हुए

**जोधपुर, (कासं)।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सोमवार शाम जोधपुर लोकसभा क्षेत्र की चुनाव तैयारी बैठक शामिल हुए। शेखावत ने कहा कि राजस्थान की सभी 25 सीटें हम जीतेंगे ही, लेकिन कार्यकर्ता संकल्प लें कि जोधपुर सीट को सर्वाधिक वोटों से हम जिताएंगे। शेखावत ने कहा कि हम राजस्थान की सभी 25 सीटें पिछले दो लोकसभा चुनावों से जीत रहे हैं, लेकिन अबकी बार हमें जीत का अंतर पहले से डेढ़ गुना बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का चुनाव चिह्न और प्रत्याशी कमल है। जनता वोट देने के लिए तैयार है, लेकिन हम सब कार्यकर्ताओं को फिर जनता से संपर्क कर बात करने की जरूरत है। जिस तरह का काम मोदी जी ने पिछले दस साल में किया है, उसके आधार पर हम लोगों से पूरी ताकत के साथ संपर्क कर सकते हैं। शेखावत ने कहा कि पूरे देश में भाजपा के प्रति उत्साह का वायुमंडल बना हुआ है। जनता ने पूरी तरह मानस बना लिया है, हम कार्यकर्ताओं को किसी भी सूरत में अति आत्मविश्वास में नहीं रहना है। प्रधानमंत्री ने भी स्पष्ट कहा है कि अबकी बार हमें कार्यकर्ता की ताकत के बल पर चुनाव जीतकर आना है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि समाज के लोगों को हमें अहसास कराना पड़ेगा कि भाजपा क्यों जरूरी है? क्यों भाजपा ही एकमात्र विकल्प है? देश को विकसित बनाने की आधारशिला जो अगले पांच साल में रखी जानी है, उसके लिए भाजपा जरूरी है। बैठक में शेखावत ने भाजपा जोधपुर शहर, देहात दक्षिण, देहात उत्तर, भाजपा जैसलमेर के जिला पदाधिकारियों व लोकसभा चुनाव के लिए गठित टीम के सदस्यों से जोधपुर संसदीय क्षेत्र के चुनाव को लेकर चर्चा की। बैठक में राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल, लोकसभा चुनाव प्रभारी राज्य मंत्री विजय कुमार, सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी, शहर विधायक अतुल भंसाली, देहात उत्तर के अध्यक्ष मनोहर पालीवाल, देहात दक्षिण अध्यक्ष जगराम विश्नोई, जैसलमेर के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश सारदा, प्रदेश मंत्री सांवला राम देवासी, पूर्व महापौर राजेंद्र कुमार गहलोत सहित अनेक पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नाबालिग छात्रा ने फांसी लगाई

**भीलवाड़ा, (निसं)।** एक नाबालिग छात्रा ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर पर चुन्नी से फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

- **प्रारंभिक पूछताछ में परिजनों द्वारा परीक्षा में पेपर बिगड़ने की बात बताई जा रही है**

मामला शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र का है। यहां संतोष कॉलोनी में रहने वाली 12वीं कक्षा की छात्रा राधिका पिता गोपेश पारीक ने बीती देर रात फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। सोमवार सुबह जब छात्र कमरे से बाहर नहीं आई तो उसके नाना ने उसे आवाज दी लेकिन राधिका ने कोई जवाब नहीं दिया, काफी आवाज लगाने पर भी जब कोई जवाब नहीं मिला तो मामा ने धक्का मार कर कमरे का दरवाजा खोला तो राधिका उन्हें कमरे में पंखे से झूलती मिली। उन्होंने उसे नीचे उतारा और पुलिस को सूचित किया। प्रताप नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और उसे महात्मा गांधी हॉस्पिटल भिजवाया जंहा डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा। प्रताप नगर थाने के निरीक्षक रामेश्वर लाल तेली ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया और पुलिस जांच कर रही है। प्रारंभिक पूछताछ में परिजनों द्वारा परीक्षा में पेपर बिगड़ने की बात बताई जा रही है। फिलहाल खुदकुशी के स्पष्ट कारण सामने नहीं आ पाए हैं।

# दुष्कर्म और हमले के मुख्य आरोपी का ट्रेन की चपेट में आने से पैर कटा

## जयपुर के मालवीय नगर में जीटी पुलिया के पास ट्रेन की चपेट में आया

**जयपुर/पावटा, (निसं)।** प्रागपुरा निवासी पीडित भाई-बहन पर हमला करने वाले मुख्य आरोपी को प्रागपुरा थाना पुलिस ने जयपुर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी राजेंद्र यादव प्रागपुरा थाने से 50 मीटर दूरी पर ही शाहपुरा काम से प्रागपुरा स्कूटी से अपने घर अपने भाई के साथ लौटते समय पीडिता लडकी और उसके भाई पर जानलेवा हमला करके फरार हो गया था। जिसको लेकर पुलिस द्वारा उसके ठिकानों पर दबिश दी जा रही थी।

वही आरोपी राजेंद्र यादव पुलिस से बचने के लिए जयपुर रेलवे लाइन को पार कर भाग रहा था। इसी दौरान ट्रेन आ गई और वह उसकी चपेट में आ गया। ट्रेन की चपेट में आने से आरोपी राजेंद्र यादव का एक पैर कट गया जबकि दूसरे पैर में गंभीर चोटें आईं। दूसरे पैर को भी डॉक्टरों ने काट दिया। वहीं सुरक्षा के लिहाज से अस्पताल के बाहर भारी पुलिस जाप्ता तैनात किया गया है। आईपीएस महानिरीक्षक रेंज जयपुर उमेश चंद्र दत्ता व जिला कोटपूतली बहरोड पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि कस्बा प्रागपुरा पुलिया के पास सर्विस रोड पर अज्ञात हमलावरों ने प्रागपुरा निवासी भाई बहन पर जान से मारने की नीयत से फरसे से हमला कर दहशत फैलाते हुए देशी पिस्टल से फायरिंग कर मौके से फरार हो गए।

- **गंभीर चोटें आने के कारण डॉक्टरों ने दूसरे पैर को भी काट दिया**

मामले की गंभीरता को देखते हुए पहले मामले में जांच अधिकारी एएसआई दिलीप को सस्पेंड कर दिया गया है। घटना के शीघ्र खुलासे व आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर कोटपुतली अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेम सिंह को नोडल अधिकारी, वृताधिकारी वृत्त विराटनगर रोहित सांखला को सह नोडल अधिकारी, वृताधिकारी वृत्त कोटपुतली मदन लाल जैफ, वृताधिकारी वृत्त नीमराणा अमीर हुसैन को नियुक्त कर घटना का का खुलासा करने व घटना में शरीक मुल्जिमों को पकडने के लिए चुनिंदा अधिकारियों के नेतृत्व मे 9 विशेष टीमे गठित की गई। वही उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार अलग अलग पुलिस टीमें फरार मुल्जिमों के संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दे रही थी। इस दौरान रविवार को दो आरोपियों को डिटेन कर वारदात में प्रयुक्त एक पिस्टल, एक फरसा व एक मोटरसाइकिल जप्त की गई। वही घटना मे शरीक मुख्य आरोपी राजेंद्र यादव उर्फ राज यादव पुत्र जगदीश उम्र 35 साल निवासी डेल्डा की ढाणी नारायणपुर हाल निवासी नौकडिया की ढाणी तन ललाणा फरार हो गया।

पुलिस को सूचना मिली कि अभियुक्त राजेंद्र उर्फ राज यादव जयपुर ट्रेन से टकरा गया। जिसे इलाज के लिए जयपुर के एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उसका पुलिस की निगरानी में इलाज चल रहा है। वही रविवार को विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने पीडिता की हालत की जानकारी ली। वही सोमवार को एसएमएस अस्पताल में भर्ती पीडिता से मिलने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व मंत्री रघु शर्मा, महेश जोशी, धर्मेन्द्र राठौड, संगीता बेनीवाल, पूर्व विधायक संयम लोढा, विधायक विकास चौधरी पहुँचे व डॉक्टर्स की टीम से पीडिता की हालत की जानकारी ली और सरकार से पीडिता व उसके परिवार को न्याय दिलाने की माँग की। वही परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

अस्पताल में आरोपी राजेन्द्र यादव ने चिकित्सकों को बताया कि जयपुर में एक वकील से लीगल राय लेने के लिए वह छिपते-छिपाते सोमवार सुबह जयपुर पहुंचा था। यहां पर मीटिंग से पहले छिपने के लिए गौरव टावर (जीटी) के पास जा रहा था। उसे पता नहीं ट्रेन के आगे कैसे आ गया। आरोपी के घनी दाढ़ी और लंबे बाल थे। लेकिन वारदात के बाद आरोपी ने पूरी दाढ़ी कटवा ली और सिर के बाल भी छोटे करवा लिए। ताकि पुलिस दाढ़ी वाली फोटो के जरिए उसकी तलाश में जुटी रहे और आरोपी हुलिया बदलकर भाग निकले।

## तीन की मौत

**दूदू, (निसं)।** जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामनगर के पास कार व ट्रक में टक्कर हो जाने के बाद एक युवती सहित तीन जनों की मौत हो गई तथा एक व्यक्ति घायल हो गया। थाना निरीक्षक इंद्रप्रकाश ने बताया कि कार में सवार चार जने अजमेर से जयपुर की ओर जा रहे थे। इस दौरान रामनगर के पास ट्रक से टक्कर हो जाने पर कार में सवार मोहित शर्मा भिवाडी ज्योति सैनी अंकित आचार्य की मौत हो गई तथा श्रेयांश घायल हो गया।

## सोलह वर्षीय नाबालिग लापता

**अजमेर, (कासं)।** जवाजा थाना क्षेत्र के एक गांव से 16 साल की नाबालिग के लापता होने का मामला सामने आया है। मां का आरोप है कि पास ही गांव का एक युवक उसे बहला फुसलाकर ले गया।

नाबालिग अपने साथ चांदी की पायजेब व तीन हजार रुपये भी ले गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चारोटों का बाडिया निवासी मां ने रिपोर्ट देकर बताया कि वह अपनी 16 साल की बेटी को घर पर छोड़कर मजदूरी करने के लिए गई थी। पीछे से अमरजीत सिंह पुत्र नारायण सिंह रावत घर पर आया और नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगाकर ले गया।

इसी जानकारी आस-पास में पूछताछ करने पर पता चली। दोनों को काफी तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं चला। बेटी के पास एक जोड़ी चांदी की पायजेब और तीन हजार रुपए नकद भी थे। जवाजा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रेडीमेड की दुकान में लगी आग से 15 लाख का सामान जला

**खेतड़ी, (निसं)।** क्षेत्र के बबाई बस स्टैंड के पटवारी मार्केट में स्थित एक रेडीमेड कपड़ों की दुकान में बीती रात आग लग गई। आग लगने के कारण दुकान में रखा करीब 15 लाख का सामान जलकर राख हो गया। आग की सूचना सुबह दुकान के मालिक को लगी तो वह मौके पर पहुंचा, लेकिन तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था।

जानकारी के मुताबिक बैचा वाली ढाणी निवासी विनोद खटाना ने बबाई बस स्टैंड के पटवारी मार्केट में रेडीमेड कपड़ों की दुकान कर रखी है। तीन दिन पहले ही विनोद तीन लाख के नए कपड़े भी लेकर आया था जो भी दुकान में ही थे। बीती रात को करीब 11 बजे विनोद दुकान बंद करके घर गया था। सोमवार सुबह दुकान के एक पड़ौसी ने विनोद को फोन किया और बताया कि उसकी दुकान से धुआं निकल रहा है। विनोद ने आकर देखा तो दुकान में आग लगी हुई थी। सारा का सारा सामान जलकर राख हो गया था।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंची। इसके अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर इकट्ठा हो गए। विनोद ने बताया कि दुकान की बिजली लाइन में पहले भी तीन-चार बार फाल्ट आ चुका था। इसके लिए डिस्कॉम के अधिकारियों और कर्मचारियों को मौखिक शिकायत की गई थी। लेकिन इस शिकायत को डिस्कॉम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने गंभीरता से नहीं लिया। संभवतया रात को भी इसी फाल्ट के कारण दुकान में शॉर्ट सर्किट हुआ और उसका करीब 15 लाख रूपए का सामान जलकर राख हो गया। डिस्कॉम की लापरवाही पर ग्रामीणों में रोष देखने को मिल रहा है।

# आग से मकान क्षतिग्रस्त, कीमती सामान जलकर राख

**सादुलपुर, (निसं)।** कस्बा राजगढ़ के वार्ड 33 इंदिरा कॉलोनी में स्थित भक्कड स्कूल के पास एक मकान में बीती रात्रि को अचानक आग लग गई, जिसके कारण घरेलू तथा कीमती सामान जलकर राख हो गया तथा एक मकान क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा घटना का मौका निरीक्षण किया एवं फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर लगभग एक घंटे तक कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

मोहल्ले वासियों ने बताया कि मकान में बनी रसोई तक आग नहीं फैली अन्यथा रसोई में रखे सिलेंडर से बड़ा हादसा घटित हो सकता था। आग लगने का प्रारंभिक कारण बिजली शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। लेकिन वास्तविक स्थिति का पता जांच के बाद ही चल पाएगा। पुलिस के अनुसार कृष्णा पूनिया पत्नी स्व. सतवीर पूनिया के मकान में शाम सात बजे के लगभग अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया तथा सामान जलकर राख हो गया।

घटना के वक्त कृष्णा पूनिया अपने बच्चों के साथ सादुलपुर से बाहर गई हुई थी। घर में सिर्फ एक 14 वर्षीय बालक था जो घटना के वक्त घर से बाहर खेल रहा था। अचानक लगी आग के कारण घर में लगी एलसीडी तथा फ्रिज, बेड एवं अन्य कीमती सामान जलकर राख हो गए। एक कमरे की छत गिर गई। अचानक लगी आग के कारण समूचे मोहल्ले में भय का वातावरण बन गया तथा लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौक पर पहुंचे हैड कास्टेबल ओमप्रकाश ने मय टीम के घटना स्थल को मौका निरीक्षण किया। समाचार लेकर जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ है।


**जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय**

क्रमांक :- प.(68-VIth)जरारासंविवि/परी.आयो./24/2113-A दिनांक :- 23/02/2024

**सूचना**

जगदगुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय की विभिन्न परीक्षाओं शास्त्री/आचार्य/शिक्षाशास्त्री/शिक्षाचार्य परीक्षा वर्ष-2022 की उपाधियों में कोई संशोधन हो तो वेबसाईट www.jrrsanskrituniversity.ac.in एवं www.jrrsu.in पर दिए हुए Check Your Degree Data लिंक पर क्लिक करके 12 मार्च 2024 तक संशोधन किये जा सकते है।

राज.संवाद/सी/23/13607 परीक्षा नियंत्रक

**नगर निगम ग्रेटर जयपुर**

(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड़, जयपुर-15)

क्रमांक :- जसअ/2023-24/389 दिनांक : 21.02.2024

**ई-निविदा सूचना सं. अधि0 अभि0 (मु0) 75 से 88/2023-24**

केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम के पंजीकृत निविदादाताओं से बिड अधि0 अभि0 (मु0) से सम्बन्धित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम ग्रेटर जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com, eproc.rajasthan.gov.in एवं State Public Procurement Portal Government of Rajasthan की वेबसाईट http;//sppp.rajasthan.gov.in के UBN No:- JMC2324WSOB01541, JMC2324WSOB01542, JMC2324WSOB01543, JMC2324WSOB01544, JMC2324WSOB01545, JMC2324WSOB01546, JMC2324WSOB01547, JMC2324WSOB01548, JMC2324WSOB01549, JMC2324WSOB01550, JMC2324WSOB01551, JMC2324WSOB01552, JMC2324WSOB01553 एवं JMC2324WSOB01554 पर देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/23/13586 अधिशाषी अभियन्ता (मु0)

# बैंक डकैती और फरारी का रूट चार्ट बनाता था मास्टरमाइंड विनोद मीणा

## झोटवाड़ा में जोशी मार्ग स्थित पंजाब नेशनल बैंक को लूटने की कोशिश करने वाले बदमाशों से पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ

- **हालांकि विनोद मीणा की नवंबर 2023 में मृत्यु हो चुकी, पुलिस ने उसके हस्त लिखित दस्तावेज जब्त किए**
- **आरोपी इतने शातिर हैं कि वारदात करने के बाद पांच किमी. दूरी पर वाहन, कपड़े और हुलिया बदल लेते थे**

**जयपुर** (कासं)। झोटवाडा इलाके के जोशी मार्ग स्थित पंजाब नेशनल बैंक में 23 फरवरी को दिन-दहाड़े लूटने की कोशिश में गिरफ्तार हुए बदमाशों से पूछताछ में कई खुलासे कर रहे है। पूछताछ में सामने आया है कि पूर्व में बैंकों की घटनाओं का मास्टर माईंड विनोद मीणा है और मास्टर माईंड के लूट की प्लानिंग के अपनी हस्त लिखित दस्तावेज लेख भी मिले है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया की झोटवाडा थाना इलाक पीएनबी बैंक में दिन दहाड़े हथियार की नोंक पर हुई लूट की घटना में गिरफ्तार आरोपित भरत मीणा से पूछताछ में खुलासा हुआ कि पूर्व में श्याम नगर, विधायकपुरी जयपुर में बैंक लूट की वारदातों में आरोपित का सहयोगी विनोद मीणा था। विनोद मीणा द्वारा घटनास्थल की भरत मीणा के साथ में रैकी कर नक्शा बनाया जाता था तथा नक्शे के अनुसार ही कई दिनो तक रुट को बारिकी से विश्लेषण कर घटना को अंजाम देते थे। इन वारदातों में अन्य की भूमिका की जांच की जा रही है।

साथ ही आरोपी वारदात करने के बाद घटनास्थल से कर्मचारियों के वाहन को फरार लेकर होते थे और पांच किमी पर वाहन, कपडे व हुलिया बदल लेते थे। फिर लूट के रुपये से ऐश-आराम करते है। आरोपियों ने पूर्व में की गई बैंक लूट के रुपयों से खरीदी कार व जयपुर शहर के सिविल लाइंस एरिया में किराए से मकान ले रखा था। इसके अलावा पूर्व में बैंक लूट की कारित की गई घटनाओं(श्याम नगर व विधायकपुरी) के संबंध में समाचार पत्रों में आई खबर के न्यूज़ पेपर आरोपी के कमरे में मिले है। जहां भरत मीणा व विनोद मीणा द्वारा घटना की प्लानिंग की जाती थी । वहीं विनोद मीणा द्वारा हस्त लिखित नोट मिले है जिसमें विनोद मीणा उर्फ सोनू द्वारा बुरा आचरण छोडने की बात लिखी हुई मिली है। वहीं विनोद मीणा की मृत्यु नवम्बर 2023 में हो गई।

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित वारदात करने अपनी कार से आते थे। इसके बाद आरोपित अपनी कार को दूर खडी कर ई-रिक्शा आकर वारदात को अंजाम देकर बैंक कर्मचारियो- ग्राहको से ही किसी का दुपहिया वाहन की चाबी लूटकर उक्त वाहन से ही मौके से फरार हो जाते थे। और उक्त वाहन को कही पर भी खडा कर वहा से अपनी कार के पास पहुँचते थे। आरोपियों ने पूर्व में बैंकों से लूटी गई राशि में से कार खरीदी थी। जो की कालवाड रोड पुलिस द्वारा बरामद की गई है तथा शेष राशि बरामदगी के प्रयास किए जा रहे है। साथ ही वारदात के दौरान मिलने हथियार की खरीद-फरोख्त के बारे में जानकारी की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि झोटवाड़ा स्थित पंजाब नेशनल बैंक में लूट का प्रयास के मामले में पकड़ा गया बदमाश भरतलाल मीणा बेहद शातिर है। भरत दोहरी जिंदगी जी रहा था। कभी तो वह एकदम शरीफ और आम आदमी की तरह जीवन बिताता नजर आता है। वहीं दूसरी ओर कभी वह एक शातिर लुटेरा और अय्याश आदमी बन जाता है। पुलिस के अनुसार मूलतः कोटपूतली निवासी भरत लाल का शास्त्री नगर में मकान था, जिसको उसने वर्ष 2019 में बेचकर गोकुलपुरा, करधनी में दूसरा मकान खरीदा था। वह रात को यहीं अपने परिजन के साथ रहता था। वह यहां साधारण आदमी था। पास-पड़ोसियों को भी जब उसके अपराधी होने का पता चला तो वह यकीन नहीं कर सकें। वहीं भरत ने सिविल लाइंस में किराए पर भी रहता था। जहां वह लग्जरी लाइफ जीता था। यहां उसके पास कार भी थी। यहीं भरत गीत-संगीत का रियाज करने और लूट के बाद छिपने के उपयोग में लिया। पुलिस ने भरतलाल से पूछताछ की तो वह हकलाने लगा। कभी बोली बदली तो कभी बेहोश होने का नाटक किया।

पूछताछ में वह लगातार पुलिस को गुमराह करता रहा। पुलिस को उसके मोबाइल में कई वीडियो मिले, जिसमें वह गाना गाते हुए व सामान्य तरीके से बोलते हुए दिखाई दिया। उसने खुद को ङ्क्षसगर बताया और यूट्यूब पर अपलोड वीडियो भी दिखाए।

भरत ने हर साल एक बैंक में लूट का टारगेट बना रखा था। गत 23 फरवरी को पीएनबी में लूट का प्रयास के बाद वह पकड़ा गया। पूछताछ में उसने बताया कि इससे पहले 8 फरवरी 2022 को चौमूं हाउस के पास सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में और 6 मार्च 2023 को अजमेर रोड स्थित श्याम नगर थाना इलाके में इंडियन ओवरसीज बैंक में भी लूट की थी।

भरत को दो बैंक लूट में 26 लाख रुपए मिले थे। जिनसे उसने कार खरीदी थी। पीएनबी में वारदात के लिए वह इसी कार से गया था। जिसे भरत ने बैंक से चार-पांच किलोमीटर दूर खड़ी की थी। वहां से ई-रिक्शा से बैठकर बैंक में वारदात करने पहुंचे थे। लुटेरों की प्लानिंग थी कि वे वारदात के बाद कार तक पहुंचते और वहां कपड़े बदलकर निकल जाते।

# चिकित्सा मंत्री कोटपूतली की घायल पीड़िता से मिले

## चिकित्सकों को दिए बेहतर उपचार के निर्देश

**जयपुर** (कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह सोमवार को सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचकर कोटपूतली में गोली लगने से गंभीर घायल हुई पीड़िता से मिले। उन्होंने चिकित्सकों से पीड़िता की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली और बेहतर उपचार के लिए दिशा-निर्देश दिए। वे पीड़िता के परिजनों से भी मिले और उन्हें बेहतर उपचार के लिए आश्वस्त किया।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा

- **परिजनों की सहमति मिलने पर पीड़िता को दिल्ली एम्स शिफ्ट किया जाएगा**

कि अस्पताल प्रशासन निरंतर पीड़िता की स्थिति पर नजर बनाए हुए है। रविवार रात को ही उपचार के लिए 6 चिकित्सकों का ट्रीटमेंट बोर्ड गठित करने के निर्देश दे दिए गए थे। यह बोर्ड लगातार उपचार एवं पीड़िता की स्थिति की निगरानी कर रहा है। परिजनों की सहमति मिलने पर पीड़िता को दिल्ली एम्स शिफ्ट किया जा सकेगा। वहां स्पेशलिटी सुविधाओं से और अधिक बेहतर उपचार मिल सकेगा।

इस दौरान आयुक्त चिकित्सा शिक्षा इकबाल खान, सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा, एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा, उपाधीक्षक डॉ. जगदीश मोदी, ट्रोमा एवं अस्थि रोग संस्थान के नोडल अधिकारी डॉ. अनुराग धाकड सहित अन्य वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ उपस्थित थे। अस्पताल अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने बताया कि पीड़िता के परिजन एसएमएस अस्पताल में चल रहे इलाज से संतुष्ट है। पीड़िता का इलाज कर रहे डॉक्टर्स का कहना है कि उसके शरीर पर बाहर और अंदर गहरे घाव हैं। वह जब अस्पताल आई तो वह लहूलुहान हालत में थी। उसको ऑब्जर्वेशन में लेकर ट्रीटमेंट शुरू किया गया।

पीड़िता के सिर पर धारदार भारी हथियार से हमला किया गया। इससे उसके सिर में फ्रैक्चर मिला। इसी फ्रैक्चर के कारण वह अभी तक बेहोशी की हालत में है। सिर में करीब 5 से ज्यादा छोटे और बड़े कट मिले हैं। डॉक्टरों ने बताया कि सिर के अलावा दूसरा युवती के कान पर भी वार किया गया है। इससे युवती का कान बीच में से कट गया है। युवती के हाथ में कंधे पर वार किए गए हैं। यहां बहुत गहरा घाव हुआ है। वहीं, युवती के दोनों हाथ और पैर पर भी अलग-अलग गहरे घाव हैं। इसके अलावा पीठ में रीढ़ की हड्डी से तीन सेंटीमीटर की दूरी पर गोली लगी थी, जो पेनक्रियाज और आमाशय को छेदते हुए आगे आ गई थी। दोनों ही जगह को रिपेयर भी कर दिया गया है। जब ऑपरेशन शुरू किया गया तो पेट में 500 से 700 एमएल ब्लड मिला। साथ ही पेट के पीछे की तरह ब्लड का क्लॉट जमा हुआ मिला। साथ में चेस्ट में भी 500 एमएल ब्लड मिला था। इसके साथ किडनी, पेनक्रियाज, आमाशय में भी इंजरी थी। युवती का खून भी बहुत ज्यादा बहा है। सबसे पहले ब्लड को कंट्रोल करने का काम किया गया। फिर आमाशय और पेनक्रियाज को रिपेयर किया गया। अभी तक युवती को तीन बार खून चढ़ाया जा चुका है। दो बार और ब्लड चढ़ाना है।



चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचकर कोटपूतली में गोली लगने से गंभीर घायल हुई पीड़िता से मुलाकात की।

# जवाहर कला केन्द्र में होगा 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम

## ''सशक्त महिला से समृद्ध समाज की ओर एक पहल'' थीम पर 2 से 4 मार्च तक होगा आयोजन

**जयपुर** (कासं)। नगर निगम ग्रेटर की ओर से 2 से 4 मार्च तक नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम जवाहर कला केन्द्र में आयोजित किया जायेगा। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बताया कि महिला कौशल से सफलता और सम्मान का महोत्सव, संस्कृति और शक्ति का अद्भुद संगम ''शक्ति वंदन'' कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।



डॉ. सौम्या ने बताया कि यह आयोजन महिलाओं के लिए महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देष्य महिलाओं को सषक्त कर समृद्ध समाज का निर्माण करना है। महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा, स्वास्थ्य, समृद्धि एवं सषक्तिकरण को दृष्टिगत रखते हुए शक्ति वन्दन कार्यक्रम के तहत प्रदर्षनी एवं टॉक शो का आयोजन किया जायेगा। प्रदर्षनी में 9 सेगमेन्ट होंगे जिसके अन्तर्गत सृजन, श्रीअन्नम्, वस्त्रम्, सौन्दर्यम्, हरितम्, स्वच्छ भारत, रत्नम् वेस्ट-टू-वैल्थ संस्कृति प्रदर्शित किये जाएंगे। इसके साथ ही शिल्पग्राम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की 300 स्टॉल लगायी जायेगी। जिसमें महिलाओं की रचनात्मकता और कौशल से प्रेरित उत्पाद महिलाओं द्वारा ही बेचे जायेंगे। शक्ति वन्दन कार्यक्रम घरेलू, व्यवसायिक महिलाओं, उद्यमी, स्वयं सहायता समूह सहित शहर की महिलाओं के लिए हुनर दिखाने का अद्भूत अवसर प्रदान कर रहा है।

डॉ. सौम्या ने बताया कि स्टॉल लगाने वाली महिलाओं के साथ-साथ इस कार्यक्रम में आने वाली हर महिला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम चिट्ठी लिखेगी। जिसमें अब तक के महिला क्षेत्र के उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा करते हुए अपेक्षाओं का उल्लेख करेगी।

# चिकित्सा मंत्री का आभार जताया

**जयपुर** । नर्सिंग व पैरामेडिकल भर्ती 2023 की प्रक्रिया को फिर से गति देने पर अभ्यर्थियों ने सोमवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह का आभार व्यक्त किया। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष खुशीराम मीना एवं प्रदेश महासचिव सुरेन्द्र गुर्जर के नेतृत्व में सैकड़ो नर्सेज ने चिकित्सा को धन्यवाद दिया। मीणा ने कहा कि इससे प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ एवं मजबूत होगी। सरकार की स्वास्थ्य सेवाएं प्रत्येक नागरिक तक पहुंचेंगी। क्रीडा मंत्री राहुल जाखड़ एनएचएम प्रदेश अध्यक्ष सुनील कोटा, उपाध्यक्ष रोबिन हेमेंद्र शर्मा, राजकुमारी नेहा जांगिड़ कृपाल देवी सिंह लोधा रविंद्र सिंह व प्रदेशभर के पदाधिकारी मौजूद थे।

# रेजिडेंट डॉक्टर्स का कार्य बहिष्कार जारी

**जयपुर** । सवाई मानसिंह अस्पताल में गलत ब्लड चढ़ने से हुई मरीज की मौत को लेकर विवाद लगातार बढ़ता ही जा रहा है। सोमवार को रेजिडेंट्स डॉक्टर्स और सरकार के बीच वार्ता सफल नहीं हुई। इसके बाद रेजिडेंट्स ने एसएमएस अस्पताल में दो घंटे कार्य बहिष्कार जारी रखने का फैसला किया है।

जार्ड की कोर कमेटी सदस्य डॉ. भारत पारीक ने बताया कि सोमवार को भी एसएमएस में लगातार तीसरे दिन रेजिडेंट्स डॉक्टर्स का सुबह 9 से 11 बजे तक कार्य बहिष्कार जारी रहा। उन्होंने बताया कि सोमवार को चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान के साथ जार्ड प्रतिनिधियों की बैठक हुई, लेकिन इसमें सकारात्मक जबाव नहीं मिला। इसके बाद रात को जीबीएम की बैठक बुलाई गई। बैठक में अस्पताल में व्यवस्थाएं सुधारने और मामले की जांच नई कमेटी से कराने सहित अन्य मांगों के पूरा नहीं होने तक कार्य बहिष्कार जारी रखने का निर्णय लिया गया। इस कार्य बहिष्कार का उद्देश्य किसी भी दोषी को बचना नहीं है अपितु सही दोषी को पहचान कर उसे कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का है।

उधर, एसएमएस हॉस्पिटल में मृतक सचिन के प्रकरण में राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक प्यारे लाल चौधरी व नरेन्द्र सिंह शेखावत के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह से मिला। इस दौरान उन्होंने विभाग द्वारा समान दोषी पाए जाने वाले डॉक्टर्स व नर्सेज में विभाग द्वारा की गई भेदभाव पूर्ण कारवाई से व्यथित नर्सेज की पीड़ा बताई। प्रदेश संयोजक नरेन्द्र सिंह शेखावत व प्यारेलाल चौधरी ने एसीएस को बताया कि एसएमएस हॉस्पिटल के अधिकारियों द्वारा की गई जांच तथ्यों से परे है। उन्होंने प्रकरण की जांच किसी प्रशासनिक या न्यायिक अधिकारी से कराने की मांग की। इस पर एसीएस शुभ्रा सिंह ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि यह प्राईमरी इंक्वायरी है और आगे की जांच में पूरी स्थिति स्पष्ट हो जायेगी। प्रतिनिधिमंडल में जेपी कस्वा व महिपाल सामोता भी शामिल थे।

# तेज रफ्तार कार ने ऑटो रिक्शा को टक्कर मारी

- **हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौत, जबकि अन्य दो लोग घायल हुए**

**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर इलाके में तेज रफ्तार कार ने ऑटो को टक्कर मारते हुए पलटी खा गई। इस हादसे में दो युवकों की मौत हो गई और जबकि ऑटो ड्राइवर समेत चार लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए सवाई मान सिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से दो लोगों को इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। मामले की जांच पडताल सडक दुर्घटना थाना दक्षिण कर रही है।

पुलिस ने बताया कि उड़ीसा निवासी विश्वनाथ गिरी और प्रथमनंदी जगन्नाथपुरी, तपन, गणेश जयपुर के जालूपुरा में किराए से रहकर कैटरिंग का काम करते थे। तेईस फरवरी को सभी लोग शादी में कैटरिंग का काम करने मानसरोवर आए थे। रात करीब बारह बजे शादी से फ्री होकर घर जाने के लिए रजत पथ चौराहे पर ऑटो में बैठ रहे थे। इस दौरान किसान धर्म कांटे की तरफ से आई तेज रफ्तार थान गाड़ी ने ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी और बीच सड़क पर पलटी खा गई। हादसे के बाद थार गाड़ी में सवार दो लड़के मौके से फरार हो गए। ऑटो में बैठ रहे सभी युवकों और ऑटो ड्राइवर को चोटें आई। जिनको स्थानीय लोगों और राहगीरों ने संभाला और पुलिस को सूचना दी। एक्सीडेंट की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस से सभी छह घायलों को एसएमएस अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने विश्वनाथ गिरी और प्रथम नंदी को मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे में घायल जगन्नाथपुरी, तपन को इलाज के लिए भर्ती कर लिया। जबकि गणेश के साथ ही ऑटो ड्राइवर रंजीत को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी। पुलिस ने बताया कि पुलिस ने बीच सड़क पर पलटी थार गाड़ी और क्षतिग्रस्त ऑटो को सीधा करवाया और जब्त कर थाने में खड़ा करवाया। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार सवार युवकों की तलाश शुरू कर दी है।

# 30 अभियंता व कर्मचारियों ने लिया 'बेसिक लाइफ सपोर्ट' का प्रशिक्षण

## कार्यस्थल पर सुरक्षा के लिए जयपुर डिस्कॉम ने अनूठी पहल शुरू की

**जयपुर** । कार्यस्थल पर होने वाली विद्युत दुर्घटनाओं एवं किसी आपात स्थिति का सामना करने के लिए कार्मिकों को तैयार करने के उद्देश्य से जयपुर विद्युत वितरण निगम ने एक नवाचार प्रारंभ किया है। इसके लिए निगम के अभियंताओं एवं अन्य कार्मिकों को एसएमएस अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा समय-समय पर बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं फर्स्ट एड का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इसकी शुरूआत सोमवार को एसएमएस के ट्रोमा सेन्टर स्थित स्किल लैब में हुई जहां जयपुर डिस्कॉम के अभियंताओं एवं कार्मिकों को कार्यस्थल पर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक दिवसीय विद्युत प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में एसएमएस अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों एवं मास्टर ट्रेनर्स की टीम ने डिस्कॉम के 30 अभियंताओं एवं अन्य कार्मिकों को सीपीआर, इलेक्ट्रिक शॉक, बर्न इंजरी सहित अन्य प्रकार की आपात् स्थिति से निपटने के लिए बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं फर्स्ट ऐड का प्रशिक्षण दिया।

जयपुर डिस्कॉम के निदेशक (तकनीकी) संजय सिंह नेहरा, जयपुर संभाग के मुख्य अभियंता (ओएंडएम) आर.के.जीनवाल, एसएमएस अस्पताल के उप अधीक्षक डॉ. जगदीश मोदी एवं ट्रोमा एवं अस्थि रोग संस्थान के नोडल अधिकारी डॉ. अनुराग धाकड़ ने अभियंताओं एवं कार्मिकों को कार्यशाला के समापन पर सर्टिफिकेट प्रदान किए।

डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता (प्रशिक्षण) के.सी. शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षणार्थियों को करंट लगने, ऊंचाई से गिरने, हृदयाघात एवं अन्य प्रकार की आपात् स्थिति में जान बचाने के लिए मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रारंभिक उपचार का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग के नियमों के अनुरूप प्रारंभ किया गया है। निगम के अन्य अभियंताओं एवं कार्मिकों को भी यह प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता संजय लाड भी उपस्थित थे।

एसएमएस अस्पताल के मास्टर ट्रेनर राजकुमार राजपाल, राधेलाल शर्मा, सीमा सारस्वत आदि ने विस्तार से प्रशिक्षण दिया।



एस.एम.एस. अस्पताल के ट्रोमा सेन्टर स्थित स्किल लैब में जयपुर डिस्कॉम के अभियंताओं व कार्मिकों को बेसिक लाइफ सपोर्ट का प्रशिक्षण दिया गया।

## सार-समाचार

### शिविर में 150 यूनिट रक्तदान



**जयपुर** । जनता कॉलोनी स्थित महावीर इंटरनेशनल भवन में श्री जैन श्वेतांबर खरतरगच्छ संघ जयपुर के तत्वाधान में खरतरगच्छ युवा परिषद, खरतरगच्छ महिला परिषद व महावीर इंटरनेशनल जयपुर की ओर से विशाल रक्तदान एवं चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में लगभग 150 यूनिट रक्त प्राप्त हुआ। यह रक्तदान शिविर की श्रृंखला गत 20 वर्षों से अनवरत चलती आ रही है। शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर उत्साह के साथ रक्तदान किया तथा नारायणा अस्पताल के चिकित्सकों से निःशुल्क परामर्श भी लिया। शिविर का लाभ दीपक, प्रकाश बैद परिवार ने लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जैनेंद्र कुमार रांका (सेवानिवृत न्यायाधीश राजस्थान हाईकोर्ट) एवं विशिष्ट अतिथि राजू अग्रवाल (मंगोडी वाला) ज्वैलर्स एसोसिएशन सहमंत्री, बीजेपी संयोजक (अप्रवासी भारतीय) रहे। आयोजन का कार्यभार खरतरगच्छ युवा परिषद के अध्यक्ष सचिन गोलेछा और मंत्री सचिन बेगानी तथा खरतरगच्छ महिला परिषद की अध्यक्ष शशि डागा तथा मंत्री श्रद्धा मेहता ने सम्भाला। शिविर के संयोजक अभिषेक राक्यान, दीपक छाजेड़, सौरभ महमवाल, सुनीत मुनोत, अमित गोलेछा, नमन बांठिया अनुजा गोलेछा, माला बेंगानी, पिंकी बेंगानी, चेतना छाजेड थे, जिन्होंने अपनी सेवाएँ दी। महावीर इंटरनेशनल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष गोलेछा एवं मंत्री अनिल वैद्य का सहयोग अति सराहनीय रहा।

### राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए आवेदन

**जयपुर** । साामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर राज्य स्तरीय पुरस्कार 2024 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। पुरस्कारों के लिए प्रस्ताव मय जिला कलक्टर अथवा जिला एवं सेशन न्यायाधीश की अभिशंषा पर आमंत्रित है। आवेदन 29 फरवरी तक किए जा सकते हैं। राज्य स्तरीय अम्बेडकर सामाजिक सेवा पुरस्कार 2024 के तहत एक लाख रूपये की राशि एवं प्रशस्ति पत्र, राज्य स्तरीय अम्बेडकर महिला कल्याण पुरस्कार 2024 एवं राज्य स्तरीय अम्बेडकर न्याय पुरस्कार 2024 के तहत 51 हजार रूपये की राशि एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने बताया कि आवेदन पत्र निदेशालय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में निर्धारित प्रपत्र में डाक अथवा व्यक्तिशः 29 फरवरी तक जमा करवाए जा सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। आवेदन पत्र विभाग की वेबसाईट एवं संबंधित जिले के जिलाधिकारी के कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया की अधिक जानकारी 0141-2220194 पर संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

### मुख्यमंत्री आज मध्यप्रदेश जाएंगे

**जयपुर** । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मध्यप्रदेश के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। शर्मा जयपुर से सुबह 10 बजे रवाना होकर 11 बजे मध्यप्रदेश के काराह आश्रम परिसर धनेलाजिला मुरैना पहुचेंगे। सुबह 11:15 काराह धाम मंदिर दर्शन एंव स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वही दोपहर 1 बजे सामाजिक सम्मेलन मुरैना, दोपहर 3 बजे कार्यकर्ता सम्मेलन, भाजपा कार्यालय में सम्बोधित करेंगे। वही शाम 4 बजे जयपुर के लिए रवाना होंगे।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को आगामी जी.आई.टी.बी. के बारे में जानकारी दी

**जयपुर** । फिक्की के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी से मुलाकात कर उन्हें आगामी ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार (जीआईटीबी 2024) के बारे में जानकारी दी और राज्य में पर्यटन संबंधी कार्यक्रम और पर्यटन के विकास के लिए उनका सहयोग और मार्गदर्शन मांगा।

दिया कुमारी ने इस मेगा इन-बाउंड पर्यटन फेयर में भाग लेने की सहमति व्यक्त की। उप मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि आध्यात्मिक, वाईल्ड लाइफ और वेडिंग टूरिज्म जैसे कुछ प्रमुख क्षेत्र हैं, जिन पर फेयर में मुख्य रूप से फोकस किया जाना चाहिए। फिक्की के प्रतिनिधिमंडल में पूर्व अध्यक्ष, फिक्की, डॉ ज्योत्सना सूरी; फिक्की टूरिज्म एंड कल्चरल कमेटी के चेयरमैन, दीपक देवा; फिक्की राजस्थान स्टेट काउंसिल के को-चेयरमैन, सुरेंद्र सिंह शेखावत और फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) के अध्यक्ष, कुलदीप सिंह चंदेला शामिल थे। गौरतलब है कि जीआईटीबी इस वर्ष 5 से 7 मई तक आयोजित होने वाला है।



फिक्की के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी से मुलाकात की।

# जैन बैंकर्स फोरम ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर किया विनयांजलि सभा का आयोजन

**जयपुर**, (का.सं.)। समाज की लगभग सभी छोटी-बड़ी संस्थाओं में जैन बैंकर्स का प्रतिनिधित्व है, विनियांजलि में सभी संस्थाओं का एवं दूरस्थ रहने वाले इच्छुक साथियों का प्रतिनिधित्व बनाए रखने की भावना से जूम मीट का आयोजन किया गया। विनयांजलि सभा की शुरुआत सुखानन्द काला चंदलाई वाले द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई। गुणमाला काला ने आचार्य वंदना प्रस्तुत की गई एवं कार्यक्रम को आगे बढ़ाया ।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम जैन बैंकर फोरम के राष्ट्रीय संरक्षक आर सी लोढ़ा, पूर्व कार्यकारी निदेशक द्वारा विनयांजलि प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात अशोक जैन पूर्व महाप्रबंधक यूबीआई, जे के जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष, के के जैन, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, अरुण जैन पूर्व महाप्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया, ज्ञानेंद्र जैन पूर्व चेयरमैन आरएमजीबी, सुनील जैन सीएफओ इंडियन बैंक, सोम प्रकाश जैन महामंत्री, सुभाष चंद्र जैन, महेंद्र सोगानी, नवीन गंगवाल, जे बी जैन आगरा, वीरेंद्र प्रधान, सुनील बज, राजेंद्र कुमार जैन, सुनील काला मंत्री, पदम बिलाला कार्याध्यक्ष,

भागचंद जैन मित्रपुरा अध्यक्ष ने अपनी भावभीनी विनयांजलि प्रस्तुत की। मानव जीवन मुश्किल से मिलता है। जन्म लेंगे, बड़े होंगे, वृद्ध होने एवम इस संसार से चले जाएंगे। जीवन को व्यर्थ गंवाने की बजाय इस भव में एवं अगले भव में भी सद्गित प्राप्ति हेतु तप त्याग साधना आदि धर्म मार्ग द्वारा कर्म निर्जरा कर इस मोह माया रूपी संसार से मुक्ति प्राप्त कर सकते हैं। एक नवीं तक पढ़ाई के बाद भौतिक शिक्षा को धत्ता बताकर विद्याधर नाम के व्यक्ति द्वारा कई भाषाओं का ज्ञान, कई शास्त्रों का अध्ययन, कई धर्मग्रंथों, महाकाव्यों की रचना और उन पर पीएचडी करवाया जाना अनुभूत करता है कि लौकिक शिक्षा से सीमित ज्ञान ही प्राप्त किया जा सकता है। आगे बढ़ने के लिए, मोक्ष मार्ग अपनाने के लिए समर्पण के साथ धर्म मार्ग पर जाना होगा। आहार की आवश्यकता केवल जीवन जीने के लिए होती है आदि मार्ग समाधिस्थ आचार्य ने अपनी क्रियाओं से बताया। उन्होंने अपने शरीर को एक प्रयोगशाला के रूप में उपयोग किया। उनका सम्पूर्ण जीवन एक आदर्श जीवन शैली है। सभी को उनके द्वारा अपनाए मार्ग पर ही चलना चाहिए। इस तरह के विचार विनयांजलि सभा में प्रस्तुत किए गए। आर के जैन कोटा, हिमांशु कोठारी, विमल कुमार जैन टोंक, राजेंद्र पापड़ीवाल आदि अन्य जैन बैंकर्स ने जूम मीट में भाग लिया। जूम मीट का संचालन भागचंद जैन मित्रपुरा ने किया। जूम मीटिंग का आयोजन एवम् तकनीकी सहयोग मुकेश पांड्या द्वारा किया गया।



## International Polar Bear Day

Polar bears are furry and majestic beasts that roam across the cold Arctic ice. However, in the past few decades, sea ice in the Arctic has been melting at an alarmingly fast rate, leading the polar ice cap 'to shrink' over time. Because of this, polar bears have been losing their habitats, their sources of food and, ultimately, dying from starvation and exhaustion. *International Polar Bear Day* aims to raise awareness of the issues threatening these creatures and encourage change.



#HEALTH

# Healthier Chips & Fries

Preserving spuds in cold storage ensures chip and fry producers to have what they need, but the low temperatures also trigger a process called cold-induced sweetening, or CIS, which converts starches to sugars. Processing tubers, loaded with sugars, result in darkened fries and chips.





Researchers have discovered a key mechanism behind the darkening and potential health concerns associated with cold-stored potatoes.

The findings hold promise for the development of 'potato varieties' that could be stored under cold temperatures and lead to healthier and tastier chips and fries.

These snacks have a market worth billions of dollars.

But farmers can't grow the crops year-round and snack makers need a constant supply of fresh spuds to meet their demands. Preserving spuds in cold storage ensures chip and fry producers to have what they need, but the low temperatures also trigger a process called cold-induced sweetening, or CIS, which converts starches to sugars.

Processing tubers, loaded with sugars, result in darkened fries and chips. It also generates acrylamide, a carcinogenic compound formed during high-temperature processing, which has been linked to health concerns including an increased cancer risk.

Although there are techniques to reduce the impact of sugars in cold-stored tubers, these add cost and can affect the flavour of the final product. So Jiming Jiang, a professor in the Plant Biology and Horticulture department at Michigan State University, and colleagues have focused on the root of the problem to work towards 'potatoes' that aren't affected by CIS to begin with. "We've identified the specific gene responsible for CIS and, more importantly, we've uncovered the regulatory element that switches it on under cold temperatures," explains Jiang. "By studying how this gene turns on and off, we open up the possibility of developing 'potatoes,' that are naturally resistant to CIS and therefore will not produce toxic compounds."

Jiang has dedicated his career to solving this puzzle.

As one of the most pressing issues in the potato industry, Jiang started his work to minimize acrylamide in potato chips and fries at the University of Wisconsin-Madison. There, Jiang and his team published a paper in 2010, identifying a key gene responsible for potato CIS. Moving to Michigan State in 2017, Jiang and his team have worked to pinpoint which elements of that gene could be modified to stop the process of cold-induced sweetening.

Jiang's research team used a combination of gene expression analysis, protein identification, and enhancer mapping to pinpoint the regulatory element controlling the CIS gene.

The potential benefits of this research extend beyond improved snack food quality. Reducing acrylamide formation in potatoes could have implications for other processed starchy foods. Additionally, 'cold-resistant potatoes' could offer greater flexibility in storage and transportation, potentially reducing food waste and costs.

Jiang believes that the new 'CIS-resistant potatoes' could be commercially available in the near future.

"This discovery represents a significant advancement in our understanding of potato development and its implications for food quality and health," says Jiang. "It has the potential to affect every single bag of potato chips around the world."




# IAF in the Burma Campaign

As IAF pilots proved themselves in battle, several of its Squadrons were equipped with the latest Spitfire and Hurricane fighters. Some Squadrons like No. 8 Squadron had one flight of Indian pilots, with another flight manned by pilots from Britain and other Commonwealth countries like Australia, New Zealand and Canada. Amongst the various missions, that were flown, were daring counter-air missions against Japanese airfields in Burma, by innovatively strapping-on 500 and 250 lb bombs on the most unlikely of aircraft, the slow-moving Lysander, interdiction missions against Japanese logistic lines by the faster Hurricanes and Spitfires, visual reconnaissance missions, and close-air-support missions by Hurricanes and Vultee Vengeance fighter-bombers against advancing Japanese columns.





Indian Airforce Pilots, after a mission in Burma, during WW II.




Lysander.



*Vultee Vengeance- Aeropedia-* The Encyclopedia of Aircraft.




AVM (Dr.) Arjun Subramanium
*AVSM (Retd)*

The *Indian Air Force* truly came of age during the *Burma Campaign*. It was involved right through the campaign, from the gloomy days of early 1942, to the time when Assam was being threatened, in 1943, by the Japanese advance across the Chindwin River. The stirring exploits of the IAF in the defence of Kohima and Imphal have gone down in *aviation history* as amongst the 'most effective counter-attacking aerial campaigns' that contributed to the stirring campaign of Slim's XIV Army that turned 'defeat into victory' for the Allies in 1944.

After almost six years in the NWFP, No. 1 Squadron, IAF, re-equipped with the slow-moving Lysander aircraft and modified to carry 500 lbs bombs, moved to the Burma theatre in February, 1942 with 12 aircraft to counter the rapidly advancing Japanese, carrying out daring missions under their young Squadron Commander, 'Jumbo' Majumdar. Operating from a forward airfield called *Toungoo*, it was, at the time, the only IAF Squadron in the area. A daredevil aviator with stirring leadership qualities, *Jumbo* led a series of successful offensive strikes against numerous Japanese airfields, with and without any fighter escorts against the vastly superior Japanese Zero fighters. However, as the Allies wilted against the Japanese onslaught, Jumbo's Squadron first moved to North Burma (Lashio) to carry out aerial reconnaissance of the critical logistics link between Burma and China, in support of Chiang Kai-Shek's Chinese 5th Army, before finally withdrawing back to India in mid-1942 and converting onto Hurricane fighter bombers. For his exploits in Burma, 'Jumbo' was the first Indian pilot to be awarded the *Distinguished Flying Cross* in WW II for his 'leadership and daring individual prowess.'

From 1942 to 1945, nine Squadrons of the Indian Air Force (1,2,3,4,6,7,8,9 and 10 Squadrons), flying a variety of aircraft including Lysanders, Vultee Vengeance Dive Bombers, Hurricanes and Spitfires, flew over 16000 sorties and 24000 hours, in support of various battles of the Burma Campaign.

As IAF pilots proved themselves in battle, several of its Squadrons were equipped with the latest Spitfire and Hurricane fighters. Some Squadrons, like No. 8 Squadron, had one flight of Indian pilots, with another flight manned by pilots from Britain and other Commonwealth countries like Australia, New Zealand and Canada. Amongst the various missions, that were flown, were daring counter-air missions against Japanese airfields in Burma, by innovatively strapping-on 500 and 250 lb bombs on the most unlikely of aircraft, the slow-moving Lysander, interdiction missions against Japanese logistic lines by the faster Hurricanes and Spitfires, visual reconnaissance missions, and close-air-support missions by Hurricanes and Vultee Vengeance fighter-bombers against advancing Japanese columns.



Air Strikes in the War.

## #BAPTISM BY FIRE



> Viscount William Slim of Burma, in his inspirational memoirs of the Burma campaign, '*Defeat into Victory*' fondly recalls the performance of No. 6 Squadron, led by Mehar Singh. The Squadron was employed in the Arakan region as the 'Eyes of the 14th Army.' Viscount Slim writes, "I was impressed by the conduct of a *Reconnaissance Squadron of the Indian Air Force* (it was none other than No. 6 Squadron, commanded by Squadron leader Mehar Singh). Flying in pairs, the Indian pilots in outmoded Hurricanes went out, time and again, in the face of overwhelming fighter superiority."

In what is arguably one of the best narratives of the *IAF's exploits in the Burma Campaign*, Air Chief, Marshal Lal, in his book, '*My years with the IAF,*' is very generous in his praise for his contemporaries. He wrote about Arjan Singh, who preceded him as Chief of the Air Staff and later became the *first Marshal of the IAF*. "The first person, to actually see the Japanese in the Northern part of Imphal, was Sqn Ldr Arjan Singh. He had been out on a sortie, attacking the Japanese elsewhere and he was coming back to base. He saw on a hilltop, overlooking his airfield, a number of men in a strange uniform. So, he went close to have a look and he recognised them as 'Japanese troops.' They were on the top to have a look. He immediately called out his entire Squadron on his own initiative. He was the first to attack the Japanese, who had actually arrived on the outskirts of Imphal. He and his boys were the heroes of Imphal."

Lal himself, though was no bystander in Burma, flew the Vultee Vengeance dive-bomber with 7 Squadron for a year, before going on to command it in 1944 and converting it onto the Hurricane in early 1945, the aircraft being specially modified for the fighter-bomber and reconnaissance roles. His Squadron stayed in Burma till victory was achieved, with the fall of Rangoon in May 1945. Both Arjan Singh and Lal were awarded *DFCs* for their 'inspiring leadership' of their respective Squadrons.

Another IAF Squadron, that operated in the shadow of No. 1 Squadron during the Burma Campaign, but performed equally brilliantly, was No. 6 Squadron, led by the indomitable Squadron Leader, Mehar Singh. Equipped with Hurricane fighters and comprising a bunch of free-spirited pilots and an elephant as its 'mascot' for much of its time in Burma, the Squadron carried out reconnaissance, staffing and bombing missions on the Arakan front. Moving from Trichinopoly in Tamil Nadu, where he raised the Squadron to Cox's Bazaar on the East Bengal coast, on 1st November 1943, Mehar Singh and his boys flew over 1500 hours till the end of the war, supporting the 5th and 7th Indian divisions in their offensive and defensive operations. Mehar Singh was the only Indian pilot to be awarded *Distinguished Service Order* (DSO) during WW II for his 'leadership of 6 Squadron' in the Burma Campaign.

Viscount William Slim of Burma, in his inspirational memoirs of the Burma campaign, '*Defeat into Victory*' fondly recalls the performance of No. 6 Squadron, led by Mehar Singh. The Squadron, flying Hurricanes in the reconnaissance and interdiction roles, was employed in the Arakan region as the 'Eyes of the 14th Army.' Viscount Slim writes, "I was impressed by the conduct of a *Reconnaissance Squadron of the Indian Air Force* (it was none other than No. 6 Squadron, commanded by Squadron leader Mehar Singh). Flying in pairs, the Indian pilots in outmoded Hurricanes went out, time and again, in the face of overwhelming fighter superiority."


An interesting fact about air operations in the Indian Theatre during WW II, that has not found much mention in the existing historical discourse, is the concept of *Maritime Air Operations*, which the RAF executed from the Arakan Sea, off the coast of Burma to the Car Nicobar Islands, right in the middle of the Andaman Sea. Mainly comprising reconnaissance missions by Catalina flying boats and Liberator bomber aircraft, these operations, in early 1943, were necessitated by the aggressive interest, shown by the Japanese, which resulted in their subsequent capture of the Andaman and Nicobar Islands.

While the main contribution of the IAF in WW II was in the *Burma Campaign*, the exploits of a few Indian pilots and navigators, who flew with the RAF in Europe and Africa, cannot be forgotten. 24 young Indian pilots went to England in 1940 to fly with the RAF. Most of them would take part in air operations after the Battle of Britain in Fighter, Bomber and Coastal Command. Though, there were very few Indian pilots in the RAF and USAF Transport Squadrons who operated from airfields, in Eastern India, in support of the Burma and China operations, the impact of these operations had a significant influence on future IAF commanders like Arjan Singh, P.C. Lal and Mehar Singh, who were operating in that theatre. Many illustrious fighter pilots like Mehar Singh and K.L. Bhatia would go on to spearhead the IAF's transport fleet, in the years after independence.

An analysis of the air-land battle, fought in the Burma campaign, spearheaded in no small measure by the Indian Air Force, cannot but be compared with the exploits of *Air Marshal Tedder's Royal Desert Air Force* and its contribution to the victory of Montgomery's Eighth Army over Rommel's Afrika Korps. Both air campaigns were 'in the nick of time' campaigns that blunted the enemy's advantage by exploiting the critical characteristics of air-power like reach, surprise, offensive action and psychological shock. Both campaigns exploited the entire range of what was called 'tactical air operations,' driving home the importance of reconnaissance, deep interdiction and close-air- support in influencing the course of the land battle. While 'Tedder's air-land battle campaign of World War II' would be used as a standard template for the development of Western air-land doctrines in the years ahead, the IAF's air-land battle campaign, in the *jungles* of Burma and their experiences of 'mountain and valley warfare' in NWFP were never built on as doctrinal development and have remained as 'historical narratives.'

Apart from expanding in 13 years from 'a force of four aircraft to 160 aircraft' and 'experiencing vital battle experience in joint operations,' the development of airfields, infrastructure, maintenance philosophy, communications and air defence systems in the North-Eastern parts of India (to support Allied operations) gave Indian officers the much-needed exposure to build a *Modern Air Force*.

rajeshsharma1049@gmail.com



Japanese advancing.

#GAMING

# What To Play?

Here's what you should be playing on your PC





As the world of *console gaming* has caught up with that of PC games, from a technical perspective, the identity of a 'PC game' has been muddied. It has helped make more types of games available to more players, which is a net positive. But it has also created a burning question, *What makes a 'PC game' in 2024*?

To answer that question, or rather, to show how superfluous that question has become, we have compiled a list of games that define the exciting, amorphous experience of *playing games on PC in 2024*. Some of these are available on other platforms, and some are just as good with the controller as a mouse and keyboard.

Without further ado, here are the best PC games that you can download on your PC today.

### Against the Storm

*Against the Storm* is a city builder, where you start over constantly. It's a daring choice to kill a sacred cow of the city building genre, which typically has the player devote all their hours to one single, sprawling metropolis. Instead, *Against the Storm* wants you to focus on that first hour of city building, the 'early game,' when you discover the resources you'll be depending on, when you lay down the roads that will define its shape, and when you become intimately familiar with the needs of your citizens.

What makes *Against the Storm* so ingenious is how it makes this an 'engaging challenge' every single time through perfectly balanced rogue-like mechanics. You never know exactly what citizens you'll have, what quests you'll need to complete or what resources you'll find, so you'll have to *adapt*.

### Age of Empires IV

*Age of Empires IV* will likely never replace Age of Empires II, The Age of Kings in the hearts and minds of strategy gamers. However, *AOE4* does bring some interesting wrinkles to the familiar setting and gameplay, allowing it to stand capably on its own, despite living in the shadow of a legend. Beyond the reimagined gameplay, creating a new game from whole cloth gave *Relic* the opportunity to imbue AOE4 with a distinct style of its own. Having the 'native languages of your civilization' change as you advance through the ages, or replacing 'the fog of war' with a rudimentary map are just some of the stylistic choices that set *AOE4* apart. While the base game only features ten civilizations compared to AOE2's forty five, each of the playable empires is much more distinct.

### Destiny 2

*Destiny 2* combines a typical loot-based shooter with Bungie's best-in-class gunplay, and the result is one of the greatest MMOs on the market. Every few months, *Destiny 2* gets a new season or expansion, adding missions, activities, and endgame content like raids. Each of these different activities then provides its own unique rewards, creating an endless loop of grinding new activities for new weapons, which you'll then use to grind the next season's content. What makes that fun and not tedious, however, is Bungie's extremely smooth gameplay, which can remain fun thousands of hours and nearly a full decade later.




### Dwarf Fortress

If you're ever in the mood to play god, you can do a lot worse than playing *Dwarf Fortress*. As the title might suggest, this is a simulation/management game about building, optimizing, overseeing, and, accidentally or not, destroying a fortress full of dwarves. What the title doesn't tell you is that you'll have to consider the region's soil type, elevation, and weather patterns. You'll also have to take the attributes of each of your seven starting dwarves into account, their skill sets, physical characteristics, and mental dispositions. After beginning the construction and management, in each new randomly generated world, you set about growing your colony and observing, as any number of unforeseen factors can go well or very, very wrong.

### Elite Dangerous

*Elite Dangerous* may be old, but she's got it where it counts, kid. The space-faring MMO has everything, you could possibly want in a game, of its type, it's just that some of the bits are a little better than others. The first-person shooting, for instance, is just okay. But *Elite* more than earns its spot on this list for the sense of exploration, discovery, and danger that comes with every flight.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# ग्रामसेवक की हत्या के आरोप में सरपंच को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया

## ग्रामसेवक ने सरपंच सहित कई लोगों पर दबाव का आरोप लगाकर आत्महत्या की थी

**पाटन, (निसं)।** नीमकाथाना जिले के अन्तर्गत श्रीमाधोपुर तहसील की ग्राम पंचायत चीपलाटा में कार्यरत ग्राम सेवक ने सरपंच सहित कई लोगों पर दबाव का आरोप लगाते हुए अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली थी। इस पर परिजनों ने अनेक लोगों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू की तो चीपलाटा सरपंच अपनी लगातार लोकेशन बदल रहा था। जिसको टीम द्वारा मुम्बई महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया गया है।

थानाधिकारी ने बताया कि हमने गिरफ्तारी हेतु जिला स्तर व थाना स्तर पर विशेष पुलिस टीमों का गठन कर भरसक प्रयास किये जिसमें राजस्थान राज्य व बम्बई महाराष्ट्र में विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। प्रकरण में फरार अभियुक्त मनोज गुर्जर निवासी चीपलाटा थाना थोई को गिरफ्तार कर लिया गया है, जो पूना महाराष्ट्र से 70 किलोमीटर दूर था। जहां से लगातार जगह बदल रहा था, जिसको टीम द्वारा भरसक प्रयास कर मुम्बई महाराष्ट्र से दस्तयाब किया गया। बाद में पूछताछ प्रकरण में गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण के अन्य आरोपियों की तलाश लगातार जारी है।

जानकारी के अनुसार 18 फरवरी को परिवादी सन्तोष कुमार पुत्र सुण्डाराम रैगर निवासी वार्ड नं. 10 झाडली थाना थोई नीमकाथाना ने मामला दर्ज करवाया कि मेरे चाचाजी का लड़का ललित कुमार पुत्र हीरालाल रैगर उम्र 25 वर्ष थोई का रहने वाला है, जो वर्तमान में ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत चिपलाटा में पद स्थापित है। ललित कुमार की नई नौकरी होने से ललित पर सरपंच व अन्य अधिकारी दबाव बना कर काम करवाते रहे। ग्राम पंचायत में तत्कालीन ग्राम सेवक नरेन्द्र प्रताप सिंह व सरपंच मनोज गुर्जर द्वारा गबन करने पर रिपोर्ट दर्ज कराने के कारण भी सरपंच मनोज गुर्जर व इसके पिता पूर्व सरपंच बीरबल राम गुर्जर, तत्कालीन ग्राम सेवक नरेन्द्र प्रताप सिंह भी काफी ज्यादा परेशान कर रहे थे। ललित ने अपनी परेशानी के बारे में विकास अधिकारी पंचायत समिति अजीतगढ़ को भी कई बार निवेदन किया परन्तु विकास अधिकारी ने मदद करने की बजाय ललित को ही धमकाया। इसके अलावा ग्राम पंचायत चिपलाटा का कर्मचारी जगदेव, ठेकेदार पोखर, एलडीसी, कर्मचारी मंगल, बीरबल पूर्व सरपंच के साथ व अन्य लोग मिलकर गलत काम करवाने के लिए लगातार दबाव बनाते रहे और लगातार इन सब लोगों ने फोन के द्वारा मानसिक परेशान करते रहे, जिसके कारण ललित ने रात को अपनी परेशानी के बारे में एक सुसाइड नोट लिखकर अपनी परेशानी को विभिन्न नम्बरों के वाट्सएप पर सुसाइड नोट को वायरल करने के बाद अपने कमरे में पंखे के कुंदे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।



ग्राम सेवक की हत्या के आरोप में चीपलाटा सरपंच को पुलिस ने महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया।

- गिरफ्तारी के डर से पूना महाराष्ट्र में लगातार ठिकाने बदल रहा था सरपंच

इस प्रकरण के बाद सामाजिक संगठनों एवं परिजनों ने पुलिस प्रशासन पर दबाव बनाया था। उसके बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया और अनुसंधान शुरू किया। सरपंच की गिरफ्तारी के बाद प्रकरण का खुलासा होने की संभावना है तथा जो मुल्जिम खुले में घूम रहे थे उनका जेल जाना लगभग तय हो गया है।

# चरित्र पर संदेह के चलते पत्नी ने की थी पति की हत्या

## पुलिस ने पत्नी को गिरफ्तार कर लठ्ठ बरामद किया

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने गत दिनों हुए ब्लाईंड मर्डर का खुलासा करते हुए इस मामले में मृतक की पत्नी को गिरफ्तार किया है।

प्रकरण के अनुसार 20 फरवरी को पीड़ित नानालाल पुत्र धन्नाजी मीणा निवासी खुजरी हॉल गोज्या फला नला थाना टीडी पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसेन बताया कि मेरा छोटा (36) भाई कन्हैयालाल पुत्र धन्ना मीणा जो पिछले 16 वर्षों से जोगी तालाब में एक निजी फार्म हाउस पर चौकीदारी का कार्य करता था तथा अपनी पत्नी बाबुडी व परिवार सहित वहीं पर रहता था। 19 फरवरी रात में कन्हैयालाल की पत्नी ने फोन पर बताया कि रात में जिस कमरे में वह सोया था। वहां पर मृत हालत में पड़ा है। इस पर मौके पर जाकर देखा तो वह चोट लगने से खून निकला हुआ होकर औंधे मुंह पड़ा था। अज्ञात व्यक्ति ने उसकी हत्या कर दी है। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रियंका चौधरी, पुलिस उप अधीक्षक रतन बिश्नोई के सुपरविजन में गोवर्धन विलास थानाधिकारी राव अजयसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने मामले में अनुसंधान करते हुए हत्या के आरोपी मृतक की पत्नी बबुडी उर्फ बाबुडी पत्नी कन्हैयालाल मीणा निवासी खजूरी खेड़ फला गोवर्धन विलास को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त लठ्ठ बरामद किया।

प्रारंभिक पूछताछ में बबूडी उर्फ बाबुडी ने बताया कि उसका पति उसके चरित्र पर संदेह करता था एवं अक्सर शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता था। घटन वाली रात को भी दोनों ने साथ बैठ कर शराब पी थी। इस दौरान दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। जिससे नाराज होकर कन्हैयालाल फार्म हाउस के उपर स्थित कमरे पर चला गया। वहां पहुंची तो दुबारा दोनों के बीच झगड़ा होने पर लठ्ठ से सिर पर वार कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। वहां से घर लौट कर सो गई तथा दूसरे दिन परिजनों को बुला कर उन्हें अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या करने की जानकारी दी।

# दुकान का शटर खोल लाखों की नगदी चोरी

- चिलेश्वर गांव में 10 दिनों में तीसरी चोरी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के करेड़ा क्षेत्र में इन दिनों अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। आए दिन चोरी व लूट की वारदात बढ़ती जा रही है। चिलेश्वर गांव में बीते 10 दिनों में तीन बार चोरियां हो गई। वहीं 3 दिन पहले करेड़ा कस्बे में भी एक व्यापारी की कार से 4 लाख रूपए से भरा बैग अज्ञात लुटेरे लूट कर रहे थे। सोमवार को चिलेश्वर गांव में एक व्यापारी की दुकान से दिनदहाड़े शटर खोलकर अज्ञात चोर 1 लाख 85 हजार रुपए चुराकर ले गए। आए दिन हो रही चोरियों से ग्रामीणों में आक्रोश है।

चिलेश्वर निवासी मुकेश कुमार जैन ने बताया कि सोमवार सुबह करीब सात बजे दुकान पर आए और दुकान के गले में 1 लाख 80 हजार रुपए की नगदी भरा बैग व पांच हजार की चिल्लर गल्ले में रख दी और हल्की बारिश होने से गेहूं के कट्टे गोदाम में रखने दुकान का शटर नीचे कर गया। पीछे से अज्ञात चोर ने दुकान खोलकर दुकान के गल्ले से 1 लाख 80 हजार की नगदी भरा बैग व 5 हजार रूपए की चिल्लर चुरा कर ले गया। घटना की जानकारी व्यापारी को दुकान पर आने के बाद लगी। दुकान के गल्ले में रुपए नहीं मिले तो व्यापारी के होश उड़ गए। सूचना पर ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। व्यापारी ने इस संबंध में करेड़ा थाने में रिपोर्ट दी है। ग्रामीणों ने बताया कि बीते 10 दिन में चीलेश्वर गांव में तीन बार चोरियां हो चुकी है। कुछ दिन पूर्व भोज गुर्जर के घर से अज्ञात चोरों ने हजारों की नगदी व जेवर चुरा लिए व शांतिलाल राव के घर से भी नगदी व जेवरात चुरा कर ले गए थे।

## सर्द हवाओं ने ठंडक बढ़ाई

**छबड़ा (निसं)।** हर दिन बदल रहे मौसम के बीच सोमवार को बादलों की ओट में सूरज छुपा रहा तथा सर्द हवाओं ने वातावरण में ठंडक घोल दी। सोमवार की सुबह से आसमान पर बादल छाए हुए थे तथा बीच-बीच में हल्की धूप निकली, लेकिन उसकी गर्माहट का अहसास कम रहा। क्योंकि चलने वाली हवाओं में ठंडक घुली हुई थी। चूंकि आसमान पर बादल थे तथा कामकाजी लोग गर्म कपड़े पहनकर ही गए। हालांकि मौसम में हुए इस बदलाव के बीच तापमान में अधिक बदलाव नहीं आया। पल-पल बदल रहे मौसम के बीच वैक्टीरिया वायरस भी सक्रिय हो गए तथा सर्दी-जुकाम के मरीज बढ़ने लगे हैं। कश्मीर में हो रही बर्फबारी की वजह से चलने वाली हवाओं में ठंडक घुली हुई है। हालांकि मौसम विभाग ने जो पूर्वानुमान बताया है उसके अनुसार अब आने वाले दिनों में तापमान बढ़ेगा और गर्मी आएगी।

# रोडवेज बस और पिकअप में भिड़ंत, एक दर्जन यात्री घायल

## पिकअप सड़क पर पलट गई और चालक केबिन में फंस गया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के निकटवर्ती थाना क्षेत्र बदनोर के पास एक बड़ा हादसा हुआ। सोमवारअल सुबह आसींद से जयपुर जाने वाली रोडवेज बस की परा बालाजी के मंदिर के निकट पिकअप से जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें एक दर्जन यात्री से अधिक घायल हो गए। वहीं पिकअप में भरी अनार की पेटियां सड़क पर बिखर गई। अनार बिखरने के बाद लोगों में लूट की होड मच गई। घायलों को बचाने की बजाय अनार लूटने में राहगीर आगे रहे।

हालांकि पुलिस के आने के बाद लोगों ने मदद करना शुरू किया। हादसे के बाद नेशनल हाईवे 158 ब्यावर मांडल मार्ग पर जाम लग गया और लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया। जिसमें दो व्यक्ति गंभीर घायल होने पर जिला मुख्यालय रेफर किए गए।





पिकअप में भरी अनार की पेटियां सड़क पर बिखर गई और पिकअप पलट गई।

मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि इस हादसे से बस में मौजूद यात्रियों में अफरा-तफरा मच गई। हादसा इतना भीषण हुआ कि पिकअप सड़क पर पलट गई और चालक केबिन में फंस गया जिससे क्रेन की मदद से बाहर निकालने के प्रयास किए। वहीं रोडवेज बस के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। हालांकि मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ मौजूद रही। पुलिस द्वारा पता लगाया जा रहा है कि घायल कहां के थे और कहां से कहां जा रहे थे और यह पिकअप में सवार व्यक्ति कहां का निवासी है।

## रेलवे अधिकारी को हनीट्रैप में फंसाया

**अजमेर, (कासं)।** अलवर गेट थाना क्षेत्र में एक रेलवे अधिकारी के साथ हनीट्रैप का मामला सामने आया है। पीड़ित रेल अधिकारी ने थाने में शिकायत देते हुए एक महिला पर आरोप लगाए हैं। रेल अधिकारी से एक महिला ने फेसबुक पर दोस्ती कर फिजिकल रिलेशन बनाकर पैसों की डिमांड की और पैसे नहीं देने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रही है। पीड़ित ने अलवर गेट थाने में शिकायत देते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अलवर गेट थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दर्ज रिपोर्ट में पीड़ित रेल अधिकारी ने बताया कि जनवरी 2024 में मनीषा नाम की एक फेसबुक प्रोफाईल वाली महिला से दोस्ती हुई थी। महिला लगातार उससे बातचीत करती रही और बार-बार मिलने के लिए भीलवाड़ा बुलाया। 23 जनवरी को महिला ने रिचार्ज करवाने के लिए बोला और कहा कि पैसे वह मेरे भीलवाड़ा आने पर दे देगी। पीड़ित की शिकायत पर अलवर गेट थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच एएसआई शंकरलाल खीचीं के द्वारा की जा रही है।

# किसान आन्दोलन के समर्थन में ट्रैक्टर रैली निकाली



चूरू जिला कलेक्ट्रेट के आगे संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से विरोध प्रदर्शन किया गया।

**चूरू, (कासं)।** दिल्ली बॉर्डर पर चल रहे किसान आन्दोलन के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आव्हान पर सोमवार को जिला मुख्यालय पर संयुक्त किसान मोर्चा ने कलेक्ट्रेट के चारों ओर ट्रैक्टर रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया और विश्व व्यापार संगठन का पुतला जलाकर आक्रोश प्रकट किया।

भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष व संयुक्त किसान मोर्चा चूरू के सदस्य रामरतन सिहाग ने बताया कि विश्व व्यापार संगठन भारत में खाद्य सुरक्षा व एमएसपी को कानूनी दर्जा देने के खिलाफ है, अतः भारत सरकार एमएसपी को लागू नहीं कर रही है। संयुक्त किसान मोर्चा ने भारत सरकार को डब्ल्यूटीओ की सदस्यता समाप्त करने के लिए दवाब बनाया है। भारत सरकार को अतिशीघ्र एमएसपी पर कानून बनाने व स्वामी नाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू करने की मांग की। किसान सभा के अध्यक्ष इन्द्राजसिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार को मृतक किसान शुभकरण सिंह को मुआवजा व परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। भारतीय किसान यूनियन चूरू के तहसील अध्यक्ष तेजकरण दहिया ने बताया कि मांगें नहीं मानने पर आन्दोलन को और तेज किया जायेगा।

किसानों के इस प्रदर्शन में भारतीय किसान यूनियन के धर्मेन्द्र भाम्बू, हरिराम सिहाग, राजेन्द्र बलारा, सुभाष खिचड़, हरचन्दराम, डेडराज, शिशपाल मेघवाल, किसान सभा के तहसील अध्यक्ष बेगराज मील, दीपाराम, रावतराम, कुम्भाराम, आयूष खिचड़ व पवन मेघवाल सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

# उपभोक्ता भवन मामले को लेकर सुनवाई हुई

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान उच्च न्यायलय की खंडपीठ के वरिष्ठ न्यायाधीश दिनेश मेहता और न्यायाधीश राजेंद्र प्रकाश सोनी ने राजस्थान सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता को अगली पेशी पर यह अवगत कराने को कहा है कि उपभोक्ता भवन के सटे हुए अनुपयोगी शौचालय की जगह को उपभोक्ता आयोग के वास्ते उपलब्ध कराया जा सकता है और आगामी पेशी एक अप्रैल तक उपभोक्ता आयोगों में रिक्त अध्यक्ष और सदस्यों के पद भरने बाबत सरकार ने अब तक क्या कदम उठाए हैं।

राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन द्वारा दायर जनहित याचिका पर बहस करते हुए अधिवक्ता अनिल भंडारी ने कहा कि एक साल से अधिक समय से जिला उपभोक्ता आयोगों में 3 अध्यक्ष और 23 सदस्यों के पद रिक्त हैं और कुछ समय बाद ही अध्यक्ष के 9 तथा सदस्यों के कुल 25 पद और राज्य उपभोक्ता आयोग में एक न्यायिक सदस्य तथा एक गैर न्यायिक सदस्य की रिक्तियां हो जाएगी, लेकिन राज्य सरकार इन पदों को भरने के वास्ते किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं कर रही है, जबकि उपभोक्ता कानून अनुसार राज्य के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलात के प्रमुख सचिव का यह कर्तव्य है कि पदों की रिक्तियां होने से 6 माह पहले से रिक्तियां घोषित कर इन्हें भरने की कार्रवाई करें ताकि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के त्वरित न्याय के उद्देश्य की पूर्ण पालना हो सके।

अधिवक्ता भंडारी ने कहा कि उपभोक्ता भवन के भूतल में स्थित उप निदेशक, अभियोजन कार्यालय को खाली कर राज्य उपभोक्ता आयोग को सुपुर्द कर दिया है, लेकिन इससे भी राज्य उपभोक्ता आयोग की स्थाई पीठ और दो जिला आयोग के वास्ते समुचित जगह नहीं होने से उपभोक्ता भवन से सटे हुए पिछले एक दशक से बंद शौचालय को ध्वस्त कर यह जगह उपभोक्ता आयोग को दिलाई जाएं, जिससे तीनों उपभोक्ता आयोग सुव्यवस्थित रूप से कार्य कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि बंद शौचालय के पास ही सुलभ कॉम्प्लेक्स उपलब्ध होने से किसी को भी दिक्कत नहीं होगी। राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता बंशीलाल भाटी ने चार सप्ताह का समय देने का अनुरोध किया कि वे न्यायालय को अवगत कराएंगे कि अनुपयोगी शौचालय की जगह उपभोक्ता आयोग को आवंटित कराया जाना सही रहेगा या नहीं तथा राज्य उपभोक्ता आयोग और जिला उपभोक्ता आयोगों में अध्यक्ष और सदस्यों के रिक्त पदों को भरने वास्ते अभी तक राज्य सरकार ने जो भी कदम उठाए हैं, वे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। भारत सरकार की ओर से डिप्टी सॉलिसिटर जनरल मुकेश राजपुरोहित और हाईकोर्ट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता डा सचिन आचार्य ने पैरवी की।

# फोटोग्राफर को बाल विवाह की शिकायत करना भारी पड़ा

- कुछ लोगों ने स्कॉर्पियो से आकर फोटोग्राफर को अगवा कर लिया
- जंगल में ले जाकर निर्वस्त्र हालत में उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शादियों में फोटो और वीडियोग्राफी करने वाले एक युवक ने देश का जिम्मेदार नागरिक बनकर बाल विवाह की पुलिस से शिकायत करना उस वक्त महंगा साबित हो गया, जब कुछ लोगों ने स्कॉर्पियो से आकर न केवल फोटोग्राफर को अगवा कर लिया, बल्कि जंगल में ले जाकर निर्वस्त्र हालत में उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़ित से आरोपियों ने कैमरा, मोबाइल व नकदी भी छीन ली। वारदात आसींद थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, दौलतगढ़ निवासी महिपाल पुत्र अंबालाल राव ने शिकायत दी कि वह शादियों में फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी का कार्य करता है। 19 फरवरी को वह शादी में वीडियोग्राफी करने भैंरूखेड़ा गया था। वहां 6-7 साल के नाबालिग बच्चे की शादी हो रही थी। महिपाल ने रिपोर्ट में बताया कि उसने जिम्मेदार नागरिक होने के नाते बाल विवाह को रुकवाने के लिए आसींद थाने में पुलिस को सूचना दी। महिपाल का आरोप है कि इसकी जानकारी आरोपितों को हो जाने से शाम करीब चार बजे देवानाथ, मोनू बजाड, पूरण गुर्जर व अन्य 10-15 व्यक्तियों ने सोची समझी साजिश के तहत परिवादी महिपाल के साथ अश्लील गाली गलौच कर जान से खत्म करने की धमकी दी। ये आरोपित, महिपाल को स्कॉर्पियो में जबरन बैठाकर ले गये। जंगल में ले जाने के बाद महिपाल को आरोपियों ने जमीन पर पटक दिया और जबरन उसे निर्वस्त्र कर लाठियों व पाइप से मारपीट कर जान से खत्म करने की धमकी दी।

महिपाल का आरोप है कि इन आरोपितों ने उसका कैमरा, मोबाइल और पांच हजार रुपये भी जबरन छीन लिये। मारपीट के चलते परिवादी बेहोश हो गया। आरोपित, उसे मरा समझा कर वहां से भाग गये। काफी देर बाद उसे हौश आया तो वह जैसे-तैसे घर पहुंचा। 20 फरवरी को उसने आसींद थाने में रिपोर्ट दी तो थाने में उसे मोबाइल व कैमरा आरोपितों से दिला दिया, लेकिन उनके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की। ऐसे में ये आरोपित अब उसे कह रहे हैं कि तू हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। पहले तो तू बच गया था। अब तुझे जिन्दा नहीं छोड़ेंगे और तुझे झूठे छेड़छाड़ के मुकदमों में फंसा कर जिन्दगी भर के लिये जेल में भेज देंगे। इस शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

# हॉस्पिटल स्टाफ से बदतमीजी के आरोपी बी.डी.ओ. को निलंबित करने की मांग

## आरोप है कि बीडीओ नशे में धुत्त था व सरकारी कागजों के साथ छेड़छाड़ की थी

**उदयपुर, (कासं)।** अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ (अरिस्दा) उदयपुर एवं रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) ने सोमवार को संयुक्त रूप से जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर मादडी हॉस्पिटल स्टाफ से बदतमीजी करने और उपस्थिति पंजिका की फोटो लेकर सोशल ग्रुप में वायरल करने के आरोपी विकास अधिकारी पंचायत समिति फलासिया अशोक डेंडोर के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही कर निलंबित करने की मांग की है। संघ ने पंचायतीराज मंत्री, मुख्यमंत्री के नाम भी ज्ञापन दिया है। चिकित्सा अधिकारी प्रभारी मादडी डॉ. विकास ने बीडीओ के विरुद्ध थाने में मुकदमा के लिए रिपोर्ट दी है।

संघ के महासचिव डॉ. सुरेश मंडोवारिया ने बताया कि विकास अधिकारी पंचायत समिति फलासिया अशोक डेंडोर ने रविवार को प्रातः 11.15 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मादडी का निरीक्षण किया था। चुंकि रविवार होने से चिकित्सक चिकित्सालय समय प्रातः 9 बजे से प्रातः 11 बजे तक रहता है एवं अस्पताल समय के पश्चात आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु एक चिकित्सक ऑन कॉल रहता है। निरीक्षण के दौरान विकास अधिकारी पंचायत समिति फलासिया द्वारा नियम विरूद्ध निम्नानुसार कार्य किए गए। विकास अधिकारी पंचायत समिति फलासिया अशोक डेंडोर द्वारा चिकित्सा संस्थान पर निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारी प्रभारी को अनुपस्थित बताया गया है जबकि चिकित्सा अधिकारी प्रभारी 23 से 25 फरवरी तक खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी झाडोल से अवकाश स्वीकृत करवा अवकाश पर थे।

रेजिडेंट्स डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. दीपक निनामा ने बताया कि विकास अधिकारी पंचायत समिति फलासिया द्वारा चिकित्सा संस्थान पर निरीक्षण के दौरान मुख्य द्वार से प्रवेश नहीं कर पीछे के मार्ग से सीधे ही जहॉ प्रसुता भर्ती रहती है, वहां पर प्रवेश किया गया एवं उनके साथ फोटो खींचकर अलग-अलग सामाजिक ग्रुपों में डाला गया जो कि प्रसुताओं की निजता का हनन है। विकास अधिकारी पंचायत समिति फलासिया द्वारा चिकित्सा संस्थान पर निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका में अधिकारी एवं कर्मचारी के कालम में प्रश्नवाचक चिह्न लगाया गया एवं उपस्थिति पंजिका में लगाए गए प्रश्नवाचक चिह्न की फोटो खींचकर अलग-अलग सामाजिक ग्रुपों में डाला गया जो गैर कानूनी है। निरीक्षण के दौरान विकास अधिकारी पंचायत समिति फलासिया शराब के नशे में धुत्त थे एवं समस्त स्टाफ से अभद्रता से पेश आए।

इनके द्वारा पूर्व में भी विद्यालयों मे निरीक्षण के दौरान शराब पीकर निरीक्षण करने एवं अमर्यादित भाषा का उपयोग करने के फलस्वरूप शिक्षक संघ उपशाखा फलासिया द्वारा भी शासन सचिव शिक्षा विभाग को ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। उल्लेखनीय है कि निरीक्षण हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उपखंड अधिकारी एवं इनसे उच्चस्थ अधिकारी ही सक्षम है।

जिला कलेक्टर बीडीओ के खलिाफ नोटिस जारी कर करवाई करने का आश्वस्त किया कहा कि एसडीएम से नीचे अधिकारी हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण नहीं करेंगे। ज्ञापन देने के दौरान डॉ. डी.एस.राव, डॉ. डी.एस. शेखावत, डॉ. प्रेरणा, डॉ. विकास बामानिया, डॉ. यश भगोरा सहित 50 से ज्यादा चिकित्सक उपस्थित थे।

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

## डबल इंजन सरकार का संकल्प

# मोदी की गारंटी हो रही साकार

"राज्य सरकार किसान कल्याण के लिए संकल्पित है। पीएम किसान सम्मान निधि योजना में सरकार द्वारा अतिरिक्त आर्थिक सहायता से किसानों को खेती-किसानी में मदद मिलेगी।"

भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री, राजस्थान



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना

## राजस्थान में ₹2000 अतिरिक्त सहायता

### पीएम किसान सम्मान निधि

अब पात्र किसानों को ₹6000 के स्थान पर ₹8000 प्रतिवर्ष मिलेंगे।

राशि सीधे कृषक के खाते में। पृथक से आवेदन की आवश्यकता नहीं।

राज्य के 55 लाख से अधिक किसान लाभान्वित होंगे।


राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष ₹1400 करोड़ की सहायता।

**लाभार्थी किसान E-KYC कराएं।**
यह सुविधा पीएम किसान GOI मोबाइल एप एवं CSC पर उपलब्ध।

**बैंक खाते को आधार से लिंक कराएं।**
आर्थिक सहायता के लिए खाते को इनेबल कराएं।

**इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में आधार आधारित खाता खुलवाने की सुविधा।**
किसान भूमि का सत्यापन तहसीलदार /विलेज नोडल ऑफिसर से कराएं।

राजस्थान संवाद



आपणो अग्रणी राजस्थान

सहकारिता विभाग, राजस्थान सरकार


# खेल जगत



मुझे एक खिलाड़ी के साथ मामूली विवाद के बाद इस्तीफा देने के लिए कहा गया था, क्योंकि उस खिलाड़ी के पिता एक राजनेता थे और उन्होंने आंध्र प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से शिकायत की थी। - हनुमा विहारी

आंध्र प्रदेश टीम के कप्तान, एक खिलाड़ी से हुए विवाद पर बोलते हुए।

**आज का खिलाड़ी** ▶ शुभमन गिल



**शुभमन गिल** को उँचाई तक पहुंचाने में द्रविड की गाइडेंस का बड़ा हाथ रहा है। गिल खुद भी इस बात में मानने से पीछे नहीं हटते हैं। रांची टेस्ट में जुझारू नॉटआउट 52 रनों की पारी खेलने वाले गिल ने इंस्टाग्राम पर इस मैच की दो तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन मे लिखा, अगर तुम नहीं तो कौन? अगर अभी नहीं तो कब? राहुल द्रविड गिल का कैप्शन दिखाता है कि राहुल द्रविड की इस बात का उन पर कितना गहरा असर पड़ा है। रांची में दबाव की स्थिति में गिल ने 52 रनों की नॉटआउट पारी खेली। और विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल का बखूबी साथ दिया और भारत को जीत दिलाई।

**क्या आप जानते हैं ?...** जर्मनी ने 1954, 1974 और 1990 में फुटबॉल विश्वकप जीता है। तथा जर्मनी चार बार उप विजेता रहा है।

## सबसे ज्यादा सीरीज जीतने का रिकॉर्ड भारत के नाम

# घरेलू मैदानों पर भारत की पिछले 12 साल में लगातार 17वीं सीरीज जीत





नई दिल्ली, 26 फरवरी। टीम इंडिया ने चौथे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 5 विकेट से हराकर 5 मैचों की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त ले ली है। यानी कि एक मैच बाकी रहते ही सीरीज पर कब्जा कर लिया है।

यह घरेलू मैदानों पर भारत की पिछले 12 साल में लगातार 17वीं सीरीज जीत है। घर में लगातार सबसे ज्यादा सीरीज जीतने का रिकॉर्ड पहले से भारतीय टीम के नाम है। ऑस्ट्रेलिया अपने घर में लगातार 10 सीरीज जीतकर दूसरे नंबर पर है। भारत को आखिरी बार होम कंडीशन्स में किसी टेस्ट सीरीज में हार का सामना 2012 में करना पड़ा था। तब इंग्लैंड ने भारत को भारत में 2-1 से हराया था। उसके बाद से टीम इंडिया अपने घर में कोई भी सीरीज नहीं हारी है और लगातार 17 बार प्रतिद्वंद्वी टीम को ढेर किया है।

### इंग्लैंड के खिलाफ घर में लगातार तीसरी सीरीज जीत

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ घर में लगातार तीसरी सीरीज जीत हासिल की है। 2012 के बाद भारत ने इंग्लैंड को 2016-17 में 3-0 से, 2020-21 में 3-1 से हराया था और अब इस सीरीज में 3-1 की बढ़त ले ली है। इस दौरान भारत ने ऑस्ट्रेलिया को भी अपने घर में लगातार तीन बार मात दी है। वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड, बांग्लादेश और श्रीलंका के खिलाफ लगातार 2-2 सीरीज में जीत मिली हैं। 1 सीरीज जीत अफगानिस्तान के खिलाफ मिली है।

### इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा 34वीं टेस्ट जीत

रांची में मिली जीत भारत की इंग्लैंड के खिलाफ अब तक 135 टेस्ट मैचों में 34वीं जीत है। भारत ने इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा बार इंग्लैंड को ही हराया है। हालांकि भारत को अंग्रेजों के खिलाफ 51 टेस्ट मैचों में हार भी मिली है। यह किसी भी टीम के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में भारत की सबसे ज्यादा हार है। दोनों टीमों के बीच 50 टेस्ट मैच ड्रॉ रहे हैं। इंग्लैंड के बाद भारत ने ऑस्ट्रेलिया को सबसे ज्यादा 32 बार हराया है। ये 32 जीत 107 टेस्ट मैचों में मिली है।

## भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी रक्षा ने इटैलियन जूनियर एकल का खिताब जीता



नई दिल्ली, 26 फरवरी। रक्षा कांदासामी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए फाइनल में हमवतन अनन्या अग्रवाल को 21-14, 21-12 से हराकर इटैलियन जूनियर एकल खिताब जीता। इटली के मिलान में 23 से 25 फरवरी तक हुए टूर्नामेंट में रक्षा ने शानदार प्रदर्शन किया और 64 खिलाड़ियों के ड्रॉ में एक भी गेम नहीं गंवाते हुए खिताब जीता। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी रक्षा कांदासामी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए फाइनल में हमवतन अनन्या अग्रवाल को 21-14, 21-12 से हराकर इटैलियन जूनियर एकल खिताब जीता। इटली के मिलान में 23 से 25 फरवरी तक हुए टूर्नामेंट में रक्षा ने शानदार प्रदर्शन किया और 64 खिलाड़ियों के ड्रॉ में एक भी गेम नहीं गंवाते हुए खिताब जीता। सेमीफाइनल में भी रक्षा ने एकतरफा मुकाबले में हमवतन भारतीय प्राकृति भरत को 21-10, 21-8 से हराया था जबकि क्वार्टर फाइनल में स्लोवेनिया की आंजा ब्लेजिना को 21-9, 21-14 से शिकस्त दी थी।

**कार्यालय नगर निगम ग्रेटर जयपुर**
(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लाल कोठी, टोंक रोड, जयपुर-15)

क्रमांक :- ज.स.अ./2023/406 दिनांक :- 26/02/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या :- 08/2023-24**

केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर के पंजीकृत निविदादाताओं से अधि0 अभि0 (प्रोजेक्ट) से सम्बन्धित विकास कार्यो की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम जयपुर की वेबसाईट **http;//sppp.rajasthan.gov.in, www.jaipurmc.org & eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है। **NIT No. 08/2023-24 UBN No. :- JMC2324WSOB01596**

राज.संवाद/सी/23/13605 अधिशाषी अभियन्ता (प्रोजेक्ट), नगर निगम, ग्रेटर, जयपुर

**नगर निगम ग्रेटर जयपुर**
(अम्बाबाडी सर्किल, अम्बाबाडी जयपुर)

क्रमांक :- जसअ/2023-24/396 दिनांक : 22.02.2024

**ई- निविदा सूचना संख्या 54 से 58/2023-24**

केन्द्र एवं राज्य सरकार के विभागों में पंजीकृत "एए" व "ए" श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न विकास कार्यों की निविदां आमंत्रित की जाती हैं। कार्यों की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण राज्य सरकार के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in तथा नगर निगम जयपुर की Web Site www.jaipurmc.org. पर देखी व Download की जा सकती है तथा निर्धारित अवधि तक ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड की जा सकेगीं। SPPP portal UBN No. JMC2324WSOB01555 to JMC2324WSOB01559

राज.संवाद/सी/23/13597 अधिशाषी अभियन्ता विद्याधर जोन

# अविश्वास प्रस्ताव से हटाते, उससे पहले ही वैभव गहलोत ने दिया इस्तीफा

## धनंजय सिंह और पराक्रम सिंह की क्रिकेट में एंट्री के साथ ही बदलने लगे थे समीकरण



जयपुर, 26 फरवरी। राजस्थान में सत्ता बदलने के साथ ही क्रिकेट की सत्ता भी बदलने जा रही है। राजस्थान क्रिकेट संघ में दो भाजपा नेता गजेंद्र सिंह खींवसर के पुत्र धनंजय सिंह खींवसर और राजेंद्र राठौड के पुत्र पराक्रम सिंह की एंट्री के साथ ही क्रिकेट संघ की राजनीति में नई शुरुआत होने जा रही थी।

ऐसे में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत ने अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आने से पहले ही अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। दरअसल 2 दिन पहले ही राजस्थान क्रीड़ा परिषद ने राजस्थान क्रिकेट संघ के कार्यालय को सील करते हुए वैभव गहलोत को बेदखल कर दिया था। इसके साथ ही वैभव गहलोत के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर उन्हें पद से हटाने की तैयारी शुरू हो गई थी। इस स्थिति को भांपते हुए खुद वैभव गहलोत ने ही इस्तीफा देकर पद से हटने में भलाई समझी।

अविश्वास प्रस्ताव के जरिए हटाए जाने से पूर्व ही राजस्थान क्रिकेट संघ का अध्यक्ष पद छोड़ते हुए वैभव गहलोत ने इस्तीफे में लिखा है कि वर्ष 2019 में मैंने राजस्थान क्रिकेट संघ के अध्यक्ष के तौर पर निर्वाचित होने के बाद काम करना शुरू किया। सभी जानते हैं कि 2017 में सीपी जोशी के आरसीए अध्यक्ष बनने से पहले पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान आरसीए में कैसे हालात थे एवं राजस्थान में क्रिकेट की कैसी दुर्दशा थी। बीसीसीआई द्वारा आरसीए पर प्रतिबंध तक लगा दिया गया, जिसके कारण यहां ना क्रिकेट मैच हो सकते थे और ना ही राजस्थान की क्रिकेट टीम किसी टूर्नामेंट में भाग ले सकती थी। सीपी जोशी के बाद मुझे इस पद पर काम करने का मौका मिला एवं उन्होंने सरंक्षक बनकर हमारा मार्गदर्शन किया। मेरा उद्देश्य राजस्थान में क्रिकेट को बढ़ावा देने और युवाओं को अधिक से अधिक इस खेल से जोड़ने का रहा। मेरा प्रयास रहा कि राजस्थान में क्रिकेट केवल जयपुर शहर तक ही सीमित ना रहे इसलिए राजस्थान सरकार के साथ सामंजस्य कर जोधपुर में बरकतुल्लाह खान स्टेडियम के जीर्णोद्धार का काम करवाया एवं वहां आरपीएल मैच आयोजित किए गए। उदयपुर में अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए क्रिकेट स्टेडियम बनाने का काम शुरू किया गया। अन्य शहरों में भी क्रिकेट स्टेडियम बनाने की संभावना तलाशना शुरू किया गया।

वैभव गहलोत ने इस्तीफे में लिखा है कि आरसीए के पास अपना कोई स्टेडियम नहीं है। इसलिए आरसीए की ओर से राजस्थान सरकार के साथ करार कर एसएमएस स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच आयोजित किए जाते थे। आरसीए के पास अपना स्टेडियम हो इसके लिए जयपुर दिल्ली रोड पर वेदांता समूह के साथ मिलकर एक नए स्टेडियम का निर्माण शुरू किया, जो दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम होगा।

## श्यामलाल कॉलेज ने खालसा कॉलेज को हराकर जीता खिताब

नई दिल्ली, 26 फरवरी। मेजबान श्याम लाल कॉलेज ने सोमवार को श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज को 3-1 से हराकर 10वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल इन्विटेशनल हॉकी टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग के अपने खिताब को बरकरार रखा।

**उत्तर पश्चिम रेलवे** G20

ई-निविदा संख्या- एस एण्ड टी/105

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर (निर्माण) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर की ओर से खुली निविदा सं. एस एण्ड टी / 105 का ऑन लाईन ई-टेण्डर आमंत्रित किया जाता है। **1. कार्य का नाम एवं कार्य का स्थान:** Design, manufacture, supply, installation, testing and commissioning of Microprocessor based Electronic Interlocking (EI) system in "Hot Stand By Mode" at Devpura (DPZ) station and Mid-Section Interlocked LC Gates for execution of indoor and outdoor Signalling and Telecomm works, which includes excavation of trench, laying of cables, casting of foundations of MACLS Signals & apparatus cases, erection/ installation of MACLS signals, fixing & wiring of track circuits & point machines, centralized operation of points & signals, installation of Telecomm Equipments etc as per RE standard in connection with Provision of Sawai-Madhopur Bypass line work of Jaipur-Sawai Madhopur section of Jaipur Division on North Western Railway, **2. कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 8,54,27,628.69, **3. धरोहर राशि रूपये:** ₹ 5,77,100.00, **4. www.ireps.gov.in पर टेण्डर जमा करने की अंतिम तारीख व समय:** 20.03.2024 को 15.00 बजे तक, **5. वेबसाईट का विवरण और नोटिस बोर्ड की लोकेशन:** www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उप मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर (निर्माण)-I कार्यालय, प्रथम फ्लोर, रेल निर्माण भवन कार्यालय, गंगा मार्ग, जगतपुरा, जयपुर-302017 के कार्यालय के सूचना पट्ट। 251-PR/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय: श्रीटावर्स, प्लॉट संख्या 14 ए, साउथ फेज, इंडस्ट्रियल स्टेट, गुंदी, चेन्नई- 600032 तमिलनाडु
शाखा कार्यालय :- 65 ए, पहली मंजिल, सूरज नगर (पश्चिम), अजमेर रोड़, सोडाला, जयपुर-302006 राजस्थान

**प्रतीकात्मक कब्जा नोटिस**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के प्रावधानों के तहत और धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड (एसएफएल) का अधिकृत अधिकारी है। सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3 के साथ पढ़े गए उक्तअधिनियम के तहत उधारकर्ताओं को मांग नोटिस जारी किए गए, जिनका विवरण नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित है, ताकि उक्त मांग नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाई जा सके।
उधार कर्ताओं द्वारा ऋण राशि चुकाने में विफल रहने पर, उधार कर्ताओं और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि नीचे हस्ताक्षर कर्ता ने धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए फरवरी 2024 के इस 23 वें दिन नीचे वर्णित संपत्ति का प्रतीकात्मक कब्जा ले लिया है। जो की उक्त अधिनियम एवं उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पढ़ा गया।

| उधार कर्ता का नाम और पता | मांग पत्रके अनुसार देय राशि | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| 1). जावेद मनु पुत्र अब्दुल रशीद, खसरा नंबर-4845, जैन नसिया रोड के पास, ग्राम- सांगानेर, तहसील- सांगानेर, जिला- जयपुर, राजस्थान जावेद मनु पुत्र अब्दुल रशीद, प्लॉट नंबर 10, कागजी मोहल्ला, सांगानेर, जयपुर-302029 राजस्थान (उधारकर्ता) 2). अब्दुल रशीद पुत्र शफी मोहम्मद, खसरा नंबर-4845, जैन नसिया रोड के पास, ग्राम-सांगानेर, तहसील- सांगानेर, जिला-जयपुर, राजस्थान अब्दुल रशीद पुत्र शफी मोहम्मद, प्लॉट नंबर 10, कागजी मोहल्ला, सांगानेर, जयपुर-302029 राजस्थान (सहउधारकर्ता) | ऋण खाता संख्या:- CDJA3TF160128001 4 डिमांड नोटिस दिनांक -22-12-2023 के संदर्भ में रूपए Rs- 35,33,242/- (पैंतीस लाख तेतीस हजार दो सौ बयालीस रुपये मात्र) का भुगतान करने के लिए | खसरा नंबर - 4845, जैन नसिया रोड के पास, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान मे है, जिसका क्षेत्रफल 3160 वर्गमीटर है, जो ग्राम सांगानेर, तहसील सांगानेर, जिला-जयपुर, राजस्थान में स्थित है और निम्नानुसार घिरा हुआ है। खसरा संख्या -4845 की सीमाएँ इस प्रकार हैं: उत्तर की ओर : अन्य की संपत्ति दक्षिण की ओर: अब्दुल रशीद की संपत्ति पूर्व की ओर: खसरा नंबर 4844 पश्चिम की ओर: सार्वजनिक सड़क |

यह नोटिस बड़े पैमाने पर आम जनता को सावधान करने के लिए भी है कि श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी के पास ऊपर उल्लिखित अचल संपत्ति का वैध प्रतीकात्मक कब्जा है और उधार कर्ता या कोई भी व्यक्ति श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड की पूर्व लिखित सहमति के बिना उल्लिखित उपरोक्त किसी भी संपत्ति को पट्टे पर देना/ विक्रय करनाया अन्य था निपटान अथवा अलग करना इस नोटिस की प्राप्ति के बाद बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण नहीं करेगा। Sd/-
स्थान: जयपुर अधिकृत अधिकारी
दिनांक: 27-02-2024 श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड

**कार्यालय नगर निगम ग्रेटर, जयपुर**
(प दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी टोंक रोड, जयपुर-15)
(राजस्व-द्वितीय प्रकोष्ठ)

क्रमांक-एफ-6()उपा.राज-द्वितीय(सा.प्र)/ननिज/2024/541 दिनांक-26/2/24

**सार्वजनिक सूचना**

मूल भूखण्ड संख्या डी-25. गांधी नगर योजना, जयपुर का अर्बन इम्प्रूवमेंट बोर्ड, जयपुर द्वारा श्री रिखब चन्द जैन के नाम से क्षेत्रफल 566.6 वर्गगज भूमि का आवंटन / पट्टा जारी किया गया था। दिनांक 02.09.1961 को श्री रिखब चन्द गंगवाल पुत्र श्री लाला हजारी लाल गंगवाल द्वारा अपनी चल-अचल सम्पत्ति की वसीयत डॉ केलाश चन्द्र गंगवाल के पक्ष में निष्पादित की गई। दिनाक 22.12. 1965 को इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट जयपुर द्वारा भूखण्ड संख्या डी-25, बापू नगर जयपुर श्री डॉ. कैलाश चन्द्र के नाम से नाम हस्तान्तरण जारी किया गया। दिनांक 05.09.1979 को डॉ कैलाश चन्द्र गंगवाल पुत्र डॉ. तारा चन्द गंगवाल द्वारा भूखण्ड संख्या डी 25 बी गाँधी नगर योजना, बापू नगर, जयपुर क्षेत्रफल 314 वर्गगज (262.54 वर्गमीटर) श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद पुत्र श्री लालचन्द को बेचान किया गया दिनाक 04.09.2006 को श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद पुत्र श्री लालचन्द द्वारा भूखण्ड सख्या डी-25 का हिस्सा डी-25 बी, गांधी नगर योजना, बापू नगर, जयपुर जिसका कुल क्षेत्रफल 262.54 वर्गमीटर बख्शीश श्री किशन लाल अग्रवाल पुत्र श्री लालचन्द अग्रवाल एवं श्री विष्णु कुमार गोयल पुत्र श्री किशन लाल अग्रवाल के पक्ष में निष्पादित की गई। दिनांक 24.06.2009 को श्रीमती मधुरमालती पत्नी स्व0 श्री मुकन्द लाल द्वारा भूखण्ड सख्या डी-25 का हिस्सा डी-25-ए, गांधी नगर योजना, बापू नगर, जयपुर जिसका कुल क्षेत्रफल 252.66 वर्गगज बख्शीश श्रीमती सूरज कंवर पत्नी श्री किशन लाल अग्रवाल एवं श्रीमती बबीता गोयल पत्नी श्री विधासागर गोयल के पक्ष में निष्पादित की गई। दिनांक 22.12.2012 को अधिकृत अधिकारी, स्टेट बैंक ऑफ पटियाला द्वारा भूखण्ड संख्या डी-25-ए एवं डी-25-बी, गणेश मार्ग, बापू नगर, जयपुर श्री दिलिप उत्मानी पुत्र श्री झामन दास के पक्ष में सेल सर्टिफिकेट जारी किया गया। आवेदक द्वारा प्रस्तुत अपंजिकृत विल, नाम हस्तान्तरण पत्र, रजिस्टर्ड सेल डीड, रजिस्टर्ड बख्शीशनामा, सेल सर्टिफिकेट, अण्डरटेकिंग एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का नगर निगम ग्रेटर, जयपुर द्वारा श्री दिलिप कुमार पुत्र श्री झामन दास के पक्ष में क्षेत्रफल 566.66 वर्गगज का ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण जारी किया जाना है। इस ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने बाबत् किसी भी व्यक्ति संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की काई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, राजस्व द्वितीय) में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।

उपायुक्त (राजस्व-द्वितीय) नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

## सुहास एलवाई बने पैरा बैडमिंटन वर्ल्ड चैम्पियन, योगी ने दी बधाई

नई दिल्ली, 26 फरवरी। पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी और उत्तर प्रदेश के खेल सचिव सुहास एल वाई ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने केसाथ ही वर्ल्ड चैंपियन होने का गौरव हासिल किया है। थाईलैंड के पटाया में खेले गये फाइनल मुकाबले में विश्व में दूसरी वरीयता प्राप्त फ्रेडी सेतियावान को 21-18, 21-18 से हराया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैडमिंटन खिलाड़ी को उनके शानदार प्रदर्शन पर बधाई दी है। उन्होने एक्स पर पोस्ट किया पटाया, थाईलैंड में बीडब्लूएफ विश्व चैंपियनशिप 2024 में विश्व चैंपियन बनने पर सुहास एल वाई को बधाई। फाइनल में आपकी जीत समर्पण और उत्कृष्टता का एक शानदार उदाहरण है।

# मां बनने के बाद दीपिका की बेहतरीन वापसी, 2 स्वर्ण मेडल पर साधा निशाना

नई दिल्ली, 26 फरवरी। दीपिका कुमारी ने एशिया कप तीरंदाजी प्रतियोगिता के पहले चरण में रविवार को यहां दो स्वर्ण पदक जीतकर मां बनने के 14 महीने बाद जीत की राह पकड़ी। भारतीय खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में कुल 14 पदक जीते जिनमें 10 स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक शामिल है।

विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी दीपिका कुमारी ने एशिया कप तीरंदाजी प्रतियोगिता के पहले चरण में रविवार को यहां दो स्वर्ण पदक जीतकर मां बनने के 14 महीने बाद जीत की राह पकड़ी। भारतीय खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में कुल 14 पदक जीते जिनमें 10 स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक शामिल है।

भारत ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन सभी सात फाइनल्स में जीत दर्ज की। उसने इसके अलावा तीन रजत पदक भी हासिल किये। तीन बार की ओलंपियन दीपिका ने सिमरनजीत कौर को 6-2 से हराकर रिकर्व महिला खिताब जीता, जो जून 2022 के बाद उनका पहला खिताब है। उन्होंने आखिरी बार विश्व कप चरण 3 में टीम स्पर्धा का रजत पदक जीता था। दीपिका की अगुवाई में भारतीय महिला टीम ने शूट ऑफ फिनिश में उज्बेकिस्तान को 5-4 से पराजित करके स्वर्ण पदक हासिल किया।

भारत की रिकर्व पुरुष टीम और मिश्रित टीम ने एकतरफा फाइनल में बांग्लादेश को हराकर दो और स्वर्ण जीते। इसके अलावा धीरज बोम्मदेवरा ने तरुणदीप राय को 7-3 से हराकर रिकर्व पुरुष वर्ग का जबकि प्रथमेश जावकर ने कुशल दलाल को 146-144 से हराकर कंपाउंड व्यक्तिगत खिताब जीता। परनीत कौर ने ईरान की फतेमेह हेममती को 138-135 से हराकर कंपाउंड महिला खिताब हासिल किया।

# भीनमाल में राज्य स्तरीय सीनियर कबड्डी प्रतियोगिता शुरू



जालोर, 26 फरवरी। जालोर जिला कब्बड्डी संघ की ओर से 70 वीं राज्य स्तरीय सीनियर कब्बड्डी प्रतियोगिता पुरुष वर्ग का विधिवत उद्घाटन के प्रथम चरण में मुख्य अतिथि भीनमाल विधायक डॉ समरजीत सिंह अध्यक्षता राजस्थान राज्य कबड्डी संघ के अध्यक्ष तेजस्वी सिंह गहलोत विशेष अतिथि भामाशाह छोगाराम देवासी के आतिथ्य में शिवराज स्टेडियम भीनमाल में शुभारंभ हुआ। राज्य स्तरीय सीनियर कब्बड्डी पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता में राजस्थान प्रदेश के 30 जिलों सहित राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद एवं राजस्थान पुलिस विभाग की टीमों के द्वारा मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी गई राज्य स्तरीय कब्बड्डी प्रतियोगिता के उद्घाटन के प्रथम चरण में मुख्य अतिथि पद से खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए डॉ समरजीत सिंह विधायक भीनमाल ने अपने उदबोधन में कहा कि कब्बड्डी का खेल भारत में हर गांव वह कस्बा में प्राचीन काल से लोकप्रिय एवं हमारा पारम्परिक खेल है, जो हमारे हर गांव में खेला जाता है। कब्बड्डी प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि डॉ समरजीत सिंह एवं राजस्थान राज्य कबड्डी संघ के अध्यक्ष तेजस्वी सिंह गहलोत ने प्रतियोगिता का विधिवत दीप प्रज्जवलित कर कबड्डी मैट के खेल मैदान में पहुंचकर पूजा अर्चना तथा नारियल फोडकर भूमि पूजन कर प्रतियोगिता के आयोजन का गणेश किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए तेजस्वी सिंह गहलोत अध्यक्ष राजस्थान राज्य कब्बड्डी संघ ने बताया कि कब्बड्डी में जनार्दन सिंह गहलोत वूमेन लीग युवा कब्बड्डी सीरीज इंटरनेशनल इनविटेशन सहित कबड्डी में कई खेल सीरीज योजनाएं प्रारंभ होने जा रही है। जिससे वर्ष भर कबड्डी की सीरीज आयोजित होती रहेगी जिससे की खिलाड़ियों को अपना भविष्य सुधारने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। सांयकालीन कालीन कब्बड्डी प्रतियोगिता के द्वितीय चरण के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार व राजस्थान विधानसभा के मुख्य मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने खिलाड़ियों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए कहा कि कब्बड्डी शारीरिक मानसिक दक्षता का खेल है।

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लि. के नाम से जाना जाता था)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022
अधिकृत अधिकारी- सरदीप राठौड, संपर्क नम्बर-9887772255 ई-मेल-sardeep.rathore@idfcbank.com
विधि अधिकारी- आंचल शर्मा, संपर्क नम्बर-7737204242 ई-मेल आईडी-aanchal.sharma@idfcbank.com

**परिशिष्ट-IV-ए**
**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना/एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से ऋणग्रहिता (ओं) व जमानती (यों) को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल सम्पत्तियाँ सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा आईडीएफसी बैंक लि. अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री 28.03.2024 को "जहाँ है जैसी है" "जो कुछ है यह हैं" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड) के खाता संख्या 32911961, 45510847 में 12.07.2023 को बकाया रूपये 109,87,516.22/- की पिंकसिटी टेन्ट एण्ड कैटर्स प्रो. किरण कंवर, अभय सिंह चौहान, किरण कंवर, पिंकसिटी टेन्ट एण्ड कैटर्स ऋणग्रहिता (ओं) एवं सह-ऋणग्रहिता (ओं) से वसूली के लिये की जायेगी।

**ऑक्शन स्टेट्स**

| | |
|---|---|
| सम्पत्ति का विवरण | प्लाट नं.141-ए, क्षेत्रफल 93.33 वर्ग गज, स्कीम कटेवा नगर, जयपुर, राजस्थान-302019 का पूरा व प्रत्येक भाग |
| आरक्षित मूल्य | रूपये 94,70,000/- (रूपये चौरानवे लाख सत्तर हजार मात्र) |
| बयाना राशि जो जमा होगी | रूपये 9,47,000/- (रूपये नौ लाख सैंतालिस हजार मात्र) |
| सम्पत्ति के निरीक्षण का दिन व समय | 21.03.2024 प्रात 11.00 से सायं 4.00 तक |
| बोली प्रस्तुत करने / बयाना राशि जमा कराने की अंतिम तिथि | 27.03.2024 सायं 5.00 तक |
| नीलामी की तिथि एवं समय | 28.03.2024 प्रात 11.00 से दिन में 1.00 तक |

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेबसाइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक को देखें अर्थात http://idfcfirstbank.auctiontiger.net/EPROC
**अस्वीकरण**- कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।
**स्थान - जयपुर** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
**दिनांक- 26.02.2024** (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लि. के नाम से जाना जाता था)



मु. मंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को एक कार्यक्रम से लौटते समय एक थड़ी पर गाड़ी रूकवा दी और चाय पीने के लिए गाड़ी से उतर गये। मु. मंत्री ने एक आम आदमी की तरह ही थड़ी पर बैठकर चाय की चुस्कियों का आनंद लिया। मु. मंत्री ने थड़ी पर मौजूद लोगों से बहुत ही आत्मीयता से बातचीत की। सांसद रामचरण बोहरा ने भी मु. मंत्री के साथ चाय की चुस्कियों के साथ-साथ बातचीत का आनंद लिया।

# सपा-कांग्रेस गठबंधन को लेकर अंदर ही अंदर चिंतित है भाजपा?

## यू.पी. में ना केवल भाजपा नेताओं की सक्रियता बढ़ गई है, बल्कि मनोवैज्ञानिक जंग भी छेड़ दी गई है

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **विपक्ष को हताश करने के लिए ''अब की बार 400 पार'' के दावे बढ़-चढ़ कर किए जा रहे हैं। इसका अर्थ है कि, भाजपा को 2019 में मिली सीटों से 97 सीटें ज्यादा लेनी हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि, 97 सीटों का इजाफा हकीकत से काफी दूर है।**
- **यही वजह है कि, भाजपा के नीतिकार विपक्षी गठबंधन में दरारें डालने और विपक्षी नेताओं को तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।**

नई दिल्ली, 26 फरवरी। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश जहां से लोकसभा के लिए 80 सांसद चुनकर आते हैं, उसके आगामी लोकसभा चुनावी रण के लिए गत 21 फरवरी को समाजवादी पार्टी व कांग्रेस के बीच सीटों के आपसी बँटवारे को लेकर समझौता पक्का होने की घोषणा हो गई है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली संसाधनों से समृद्ध व जिसके पास संसाधनों की कोई कमी नहीं उस भाजपा के समक्ष एक चुनौती खड़ी हो गई है।

दोनों राजनीतिक दलों के बीच जो सीटों के बँटवारे की व्यवस्था हुई है उसके तहत कांग्रेस 17 सीटों, समाजवादी पार्टी 62 सीटों पर तथा एक सीट पर आज़ाद समाज पार्टी के प्रमुख दलित नेता चन्द्रशेखर आज़ाद महत्वपूर्ण लोकसभा चुनाव पहली बार लड़ेंगे।

इस समय तो आगामी चुनावों के परिणाम भाजपा के पक्ष में लग रहे है जो कि मोदी व शाह दोनों के मजबूत नेतृत्व में काम कर रही है और ये दोनों अपने विरोधी को चुनावों में मात देने के लिए कोई भी साधन का प्रयोग बेहिचक करते हैं फिर भले ही वह साधन सही हो या गलत।

यह सही है कि उत्तर प्रदेश में चुनावी मुकाबला निर्बल व ताकतवर के बीच है। निर्बल पक्ष समाज के वंचित व दबे-कुचले वर्ग के लिए लड़ रहा है जबकि ताकतवर पक्ष अमीर व शक्तिशाली वर्ग के हितों की रक्षा करने की कोशिश कर रहा है।

चुनावी लड़ाई में भाजपा कई प्रकार से लाभ में है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी महान छवि जिसे उनकी विशाल प्रोपेगन्डा मशीनरी ने गढ़ा है, जो उनके व्यक्तित्व के चतुर पक्ष पर पर्दा डाल देता है और उनको एक गंभीर राजनीतिज्ञ के रूप में महिमामंडित किया जाता है। ऐसे प्रचारित किया जाता है कि वो देश को ''विश्वगुरू'' बनाने को समर्पित है और यही सत्तारूढ़ पार्टी के शस्त्रागर में महत्वपूर्ण प्रभावी हथियार है।

भाजपा के अपने राजनीतिक विरोधी दलों पर एक निर्णायक बढ़त बनाये रखने के बावजूद भी भाजपा-आर.एस.एस. को वर्ष 2024 के आम चुनावों में उसे उसकी जीत सुनिश्चित करने की उम्मीद नहीं है तथा अपनी विफलता को छुपाने के लिए व पार्टी के जीवन के अस्तित्व की समस्या के समाधान के लिए इसने अपने दायरे से बाहर निकल कर 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर का उद्घाटन किया।

सत्तारूढ़ दल प्रदेश व केन्द्र दोनों में संसाधनों से परिपूर्ण है और इस पार्टी की सरकार को नई दिल्ली व लखनऊ में सरकारी मशीनरी का उपयोग करने में कोई झिझक महसूस नहीं है और वो अपने राजनतिक विरोधियों व प्रतिद्वंदियों के खिलाफ सरकारी जाँच एजेन्सियों का प्रयोग भी बेझिझक करते हैं। यह भगवा पार्टी अपने उन नेताओं की उपेक्षा ही नहीं करती बल्कि उनकी बेइज्जती भी करती है जिन्होंने अपनी पार्टी के खातिर अपना सब कुछ कुर्बान कर दिया। इसके साथ ही दूसरी पार्टी के नेताओं को धमकी या ईनाम देकर अपनी पार्टी में लगातार शामिल कर रही है ताकि जनता के दिमाग में एक ऐसी खास छवि बन जाए कि विपक्षी दलों को उनके स्वयं के नेताओं को ही छोड़कर भाग रहे हैं।

अच्छी तरह से तैयार चुनावी मशीनरी व बड़े मीडिया घराने सत्तारूढ़ पार्टी से कुछ रियायते प्राप्त कर पार्टी के हितों को साधने के लिए तैयार हैं इसके चलते भाजपा अपने विरोधियों पर काफी भारी है।

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भाजपा सरकार है जो कठोरता से शासन करती है और अपने विरोधियों पर बुलड़ोजर का उपयोग करने के लिए प्रसिद्ध है।

विपक्षियों पर विशाल बढ़त व लाभों की अत्यधिकता होने के बावजूद ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा संतुष्ट नहीं, है परन्तु न तो प्रधानमंत्री और न ही पार्टी के अन्य शीर्ष नेताओं को यह भरोसा है कि आगामी लोकसभा चुनावों के युद्ध में भाजपा को जीत हासिल होगी यह बात मनोवैज्ञानिक तरीके से युद्ध लड़ने के कदम से झलकती है। आगामी लोकसभा चुनावों में 400 सीटें पार करने के जोर-शोर से दावे जाकि वर्ष 2019 के चुनावों में प्राप्त सीटों से 97 सीटें ज्यादा है ज़मीनी हकीकत को नकारता है।

संक्षिप्त में यही कारण है कि सत्ताधारी दल के चुनाव रणनीतिकार व चुनाव प्रबंधकगण कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के बीच अंतिम समय तक सीटों के बंटवारे को लेकर समझौता होने के मार्ग में अड़चन डालने के हरसंभव प्रयास बहुत जोर-शोर से करते रहे हैं, उनका यह उत्साह और बढ़ गया जब उन्होंने राष्ट्रीय लोक दल व इसके नेता जयंत चौधरी को इंडिया गठबंधन से अलग कर दिया था, परन्तु यह उन्हें तब निराशा हुई जब कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर समझौता हो गया।

इस समझौते के होने से दोनों पार्टियों के समर्थकों और कार्यकर्ताओं को तैयार करने में मदद मिलेगी अब इसके बाद दोनों पार्टियों को कठिन परिश्रम करने की आवश्यकता है ताकि लोगों के दिमाग में तार्किक व भरोसे लायक यह धारणा बने कि भाजपा को हराना क्यों बहुत जरूरी है और इस बात की ध्वनि का आगाज आगरा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में सुनाई दी जहां राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा व अखिलेश यादव ने मिलकर वहां भारी भीड़ को संबोधित करते हुए इन्होंने बेरोज़गारी, बढ़ती महंगाई व समाज के दलित वर्ग व पिछड़ों के लिए अवसरों की कमी के मुद्दों पर जनता का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया।

## 'सॉरी गलती...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

मार्च तक रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने केजरीवाल की ओर से उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। पीठ ने मामले पर विचार के लिए 18 मार्च की तारीख मुकर्रर करते हुए कहा, अंतरिम तौर पर निचली अदालत इस मामले पर सुनवाई नहीं करेगी।

शीर्ष अदालत के समक्ष केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील ए एम सिंघवी ने कहा, ''अगर मैं जानता कि यह परिणाम (मुकदमा) होगा तो मुझे यह कहने में कोई आपत्ति नहीं है कि यह एक गलती है।''

इस पर पीठ ने वकील (शिकायतकर्ता के) से कहा कि वह याचिकाकर्ता के अदालत में दिए गए बयान -रीट्वीट करना एक गलती थी- पर मुवक्किल से निर्देश लें कि क्या वह इससे संतुष्ट हैं।

# अहमद पटेल के बेटे ने कांग्रेस हाई कमान को बगावती तेवर दिखाये

नई दिल्ली, 26 फरवरी। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस में हुई सीट शेयरिंग पर गुजरात में संकट के बादल हैं। कांग्रेस के दिवंगत नेता अहमद पटेल के बेटे फैजल ने भरूच सीट से चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। खास बात है कि यह सीटों के बंटवारे के दौरान यह सीट आप के खाते में आई है। जबकि, यह पटेल परिवार की पारंपरिक सीट मानी जाती है, जहां भारतीय जनता पार्टी लंबे समय से लगातार जीत रही है।

कांग्रेस ने दो सीटें आप को देने का फैसला किया है। इनमें भरूच और भावनगर शामिल है। जबकि, गुजरात में कांग्रेस 24 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। कांग्रेस और आप के बीच हरियाणा, गोवा, चंडीगढ़ और दिल्ली के लिए भी सीट शेयरिंग हो चुकी है। शनिवार को दोनों दलों ने इसपर मुहर लगाई।

टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत में फैजल ने कहा, चाहे जो हो, मैं यह संसदीय चुनाव लड़ूंगा। उन्होंने बताया कि इस सीट का परिवार से भावनात्मक लगाव है, जिसके चलते आप और कांग्रेस का गठबंधन होने के बाद भी यहां से चुनाव लड़ने का फैसला किया है। हालांकि, उन्होंने भाजपा या किसी अन्य दल में जाने से भी इनकार कर दिया है।

फैजल ने कहा कि क्षेत्र में उनकी तरफ से लगातार किए गए कामों और क्षेत्र की भावनाओं के चलते यह सीट जीती जा सकती है।

## वामपंथी ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

बीच एक गठबंधन हुआ है, जिसमें, गाँधी परिवार की दोनों सीटें, रायबरेली व अमेठी कांग्रेस को दी गई हैं।

प्रश्न यह है कि, क्या गाँधी परिवार इन दोनों सीटों पर अपना नियंत्रण बरकरार रखेगा या किसी निष्ठावान को यहां से चुनाव लड़ाया जाएगा। कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में अपना जनाधार पूरी तरह से खो दिया है और अखिलेश यादव को साथ गठबंधन के बावजूद कांग्रेस कमज़ोर स्थिति में है।

काफी मजबूत रिपोर्ट सामने आ रही हैं कि, राहुल तेलंगाना से चुनाव लड़ सकते हैं, जो आजकल कांग्रेस की नई सुरक्षित शरणस्थली है। अंतिम निर्णय अभी लेना बाकी है।

## 'दीपावली से पहले पचपदरा ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

मिल रहा है। उन्होंने कहा कि, परियोजना से राज्य को प्रतिवर्ष लगभग 6 हजार करोड़ रूपए का राजस्व भी मिलेगा। साथ ही, राजस्थान प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रमुख केन्द्र बनकर उभरेगा।

शर्मा ने एच.पी.सी.एल. को रिफाइनरी के लम्बित कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे यह शीघ्र संचालित हो और देश-प्रदेश को आवश्यकता अनुरूप तेल की सप्लाई सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि, इस परियोजना में पेट्रोल व डीज़ल के अतिरिक्त 35 पेट्रो-कैमिकल व अन्य पदार्थों का उत्पादन होगा। इन उत्पादों से बनने वाले पदार्थों की संख्या तीन गुना से अधिक हो सकती है। मुख्यमंत्री ने एच.पी.सी.एल. को इन उत्पादों की प्रभावी मार्केटिंग करने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए। इससे रिफाइनरी शुरू होने से पहले ही इस क्षेत्र में उद्योग स्थापित हो सकेंगे।

इससे पूर्व एच.पी.सी.एल. के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से परियोजना की प्रगति से अवगत कराया। प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि, मूंदड़ा (गुजरात) से 487 किलोमीटर की क्रूड ऑयल की लाइन, नाचना (जैसलमेर) से 230 किलोमीटर की पानी की लाइन, मंगला (बाड़मेर) से 75 किलोमीटर की क्रूड ऑयल लाइन, बागोडा (जालौर) से 85 किलोमीटर की नैचुरल गैस की लाइन तथा पालनपुर (गुजरात) से 216 किलोमीटर की प्रोडक्ट्स लाइन का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोरा, अतिरिक्त मुख्य सचिव, ऊर्जा आलोक, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता, खान एवं पेट्रोलियम सचिव आनंदी, खान एवं भूविज्ञान निदेशक भगवती प्रसाद कलाल, एच.पी.सी.एल. के सी.एम.डी. पुष्प जोशी एवं एच.आर.आर.एल. के सी.ई.ओ. कमलाकर विखर सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## आई.यू.एम.एल...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

ही है, छोड़ने के बाद, इस बात के कयास लगाये जा रहे हैं कि रायबरेली से क्या प्रियंका गांधी को चुनाव लड़ाया जायेगा या राहुल गांधी को? ऐसी बातचीत अमेठी में विकल्पों के दरवाजे खोलती हैं। ऐसे समाचार भी हैं कि, कांग्रेस की मदद से वरूण गांधी निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में, अमेठी से चुनाव लड़ सकते हैं। स्वयं वरूण ने इन संभावनाओं को खारिज कर दिया है, लेकिन बातों के पीछे वैध कारण है। भाजपा संभवत: इस बार वरूण गांधी को टिकट नहीं देगी क्योंकि, वे लगातार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों की आलोचनाएं कर रहे हैं खासकर, किसानों से संबंधित सरकारी नीतियों की।

उत्तराखंड के केदारनाथ मंदिर में चचेरे भाई राहुल और वरूण, नवम्बर में अनायास ही मिल गए थे। बाद में वरूण की कांग्रेस से जुड़ने की अटकलों को राहुल ने खारिज कर दिया था। वरूण ने भी कहा था कि, उनकी केदारनाथ यात्रा निजी थी।



पद्मश्री सम्मानित मशहूर गायक पंकज उधास का सोमवार को लम्बी बीमारी के बाद मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया, वे 72 वर्ष के थे। पंकज उधास ने अपने करियर की शुरुआत 1980 में ''आहट'' नाम से ग़ज़ल का एक एलबम जारी करके की जो कि खूब प्रसिद्ध हुई, इसके बाद उनके महक, सहित कई एलबम मशहूर हुये। महेश भट्ट की नाम फिल्म में उनका गीत ''चिट्ठी आई है'' खूब लोकप्रिय हुआ और आज लोगों की ज़ुबान पर चढ़ा हुआ है। उन्होंने अपने करियर में 50 से भी ज्यादा फिल्मों में गाने गाये।

## पे.टी.एम. के...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

कुमार गर्ग और रिटायर्ड आईएएस अधिकारी रजनी सेखरी सिब्बल शामिल किए गए हैं। ये दोनों ही स्वतंत्र निदेशक के रूप में बोर्ड में शामिल हुए हैं।

विजय शेखर शर्मा का इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब पेटीएम पेमेंट्स बैंक आरबीआई की सख्ती झेल रहा है। आपको बता दें कि पेटीएम ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के पास पेटीएम पेमेंट्स बैंक में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक में विजय शेखर शर्मा चेयरमैन के पद पर थे। इससे पहले सोमवार को ट्रेडिंग के दौरान पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के शेयर में पांच प्रतिशत उछाल आया। यह शेयर एनएसई और बीएसई पर पांच-पांच प्रतिशत चढ़ गया। पेटीएम का शेयर एनएसई पर 428.10 रुपये और बीएसई पर 427.95 रुपये पर जा पहुंचा, जो इसका अपर सर्किट लिमिट भी है। इससे पहले शुक्रवार को भी वन97 कम्युनिकेशंस के शेयर में पांच प्रतिशत का अपर सर्किट लगा था। बीते शुक्रवार को आरबीआई ने भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) को पेटीएम पेमेंट्स बैंक के उन ग्राहकों को अन्य बैंकों में स्थानांतरित करने की संभावना तलाशने के लिए कहा था।






राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908